CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :22°C
न्यूनतम : 07°C

बरेली, शनिवार 6 दिसम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 7 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश में एसआईआर के आंकड़े जारी करे आयोग : अखिलेश यादव पेज 2



शेफाली वर्मा नवम्बर के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ के नामितों में खेल टाइम्स



इतिहास का जख्म: बाबरी विध्वंस सम्पादकीय



तीनों सेनाओं के चीफ बने आसिम मुनीर नियुक्ति को राष्ट्रपति जरदारी ने दी मंजूरी पेज 12


## दोनों देशों ने लिया संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प

# भारत-रूस के बीच आर्थिक सहयोग का पंचवर्षीय करार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत और रूस ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के सभी पहलुओं पर चर्चा करते हुए आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प लिया है और 2030 तक के लिए आर्थिक सहयोग का विस्तृत कार्यक्रम तय किया है।

दोनों देशों ने श्रम, स्वास्थ्य सेवा एवं स्वास्थ्य शिक्षा, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के साथ नए ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। रूस ने भारत को ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग करने और तेल आपूर्ति में निरंतरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां 23वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने वक्तव्य में दोनों देशों की दोस्ती की तुलना ध्रुव तारे से की और कहा कि यह दोस्ती मजबूत भरोसे की बुनियाद पर खड़ी है और समय की कसौटी पर खरी उतरी है। श्री मोदी ने कहा कि भारत और रूस के बीच पांच वर्ष के आर्थिक सहयोग कार्यक्रम से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश में विविधता आएगी और सहयोग के नए अवसर खुलेंगे। श्री पुतिन ने कहा कि भारत और रूस के बीच सालाना व्यापार इस समय 64 अरब डॉलर के बराबर है जिसे 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुचांने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शिखर बैठक के दौरान प्रतिनिधि स्तर की वार्ताओं के बाद जो विस्तृत दस्तावेज तैयार हुआ है उससे आर्थिक , व्यापारिक, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक क्षेत्र में सहयोग को नए आयाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और रूस आपसी व्यापार -**शेष पृष्ठ दो पर**



**द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के सभी पहलुओं पर चर्चा, 2030 तक के लिए आर्थिक सहयोग का विस्तृत कार्यक्रम तय किया गया**

**श्रम, स्वास्थ्य सेवा एवं स्वास्थ्य शिक्षा, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के साथ नए ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए, दोस्ती की तुलना ध्रुव तारे से की**

**वार्षिक शिखर बैठक में रूस ने भारत को ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग व तेल आपूर्ति में निरंतरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई**

### भारत-रूस कृषि सहयोग को बढ़ाने पर सहमत, आलू, अनार के निर्यात का मसला सुलझा

**नई दिल्ली।** भारत और रूस ने कृषि वस्तुओं के व्यापार को बढ़ाने, खाद्यान्न और बागवानी उत्पादों के निर्यात की नई संभावनाओं का पता लगाने पर सहमति जताई है। केंद्रीय कृषि मंत्री, शिवराज सिंह चौहान ने रूस की कृषि मंत्री ओक्साना लुट के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक में आपसी सहयोग पर चर्चा की और भविष्य में साझेदारी के क्षेत्रों का उल्लेख किया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि भारत-रूस संबंध विश्वास, दोस्ती और आपसी सहयोग पर आधारित हैं। दोनों देश कृषि व्यापार, उर्वरक, बीज, बाज़ार पहुंच और संयुक्त शोध में सहयोग को गहरा करने पर सहमत हुए। उन्होंने दोनों देशों के किसानों को लाभ पहुंचाने और नवाचार को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

### पुतिन ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्री पुतिन ने बापू की समाधि पर सिर झुकाया और परिक्रमा की। उन्होंने एक पुष्प चक्र चढ़ाया और बापू के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने राजघाट पर रखी स्मारिका में रूसी भाषा में लिखा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा और सच्चाई के जरिये हमारी धरती पर शांति के लिए एक अनमोल योगदान दिया, जिसका प्रभाव आज भी कायम है। महात्मा गांधी ने एक नई, ज्यादा निष्पक्ष, बहुध्रुवीय दुनिया की व्यवस्था का रास्ता दिखाया, जो अब बन रही है। समानता, आपसी सम्मान और सहयोग पर अपनी शिक्षाओं में, आज भारत - दुनिया के लोगों के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर इन्हीं सिद्धांतों और मूल्यों की रक्षा करता है।

## पुतिन के डिनर में राहुल-खड़गे को न्योता नहीं, शशि थरूर को बुलाया

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन में डिनर आयोजित होना है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को निमंत्रण नहीं दिया गया है। वहीं कांग्रेस के ही सांसद शशि थरूर को बुलाया गया है। इससे पहले राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि सरकार, विदेश से आने वाले शीर्ष नेताओं (दिग्निटरीज) से मिलने नहीं देती। उनसे कहती है कि वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से न मिलें। इसका कारण सरकार की असुरक्षा है। राहुल ने कहा था कि विपक्ष भारत का प्रतिनिधित्व करता है और उनका दृष्टिकोण जानना भी जरूरी होता है, लेकिन सरकार नहीं चाहती कि विपक्षी नेताओं की विदेश नेताओं से मुलाकात हो।

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने अनिल अंबानी समूह की कंपनियों की 1,120 करोड़ की सम्पत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** ईडी ने प्रसिद्ध उद्योगपति अनिल अंबानी की रिलायंस समूह की 18 संपत्तियों, फिक्स्ड डिपॉजिट, बैंक में जमा राशि और असूचीबद्ध निवेश में उनकी शेयरधारिता को जब्त किया है, जिनकी कीमत 1,120 करोड़ रुपये है। ईडी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और यस बैंक फ्रॉड केस के सिलसिले में की गई है। ईडी अधिकारी ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की सात सम्पत्ति , रिलायंस पावर लिमिटेड की दो सम्पत्ति, रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की नौ सम्पत्ति, रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, फी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, आधार प्रोपर्टी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड, गेम्स इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर फिक्स्ड डिपॉजिट और रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और फी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा असूचीबद्ध निवेश में किए गए निवेश भी शामिल हैं।

### हिमाचल-उत्तराखंड में बर्फबारी का अलर्ट

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं ने मध्य प्रदेश में सर्दी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में शुक्रवार को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल के ऊंचे क्षेत्रों में गुरुवार को कोल्ड वेव और कोहरा छाया रहा। लाहौल स्पीति के ताबो में गुरुवार को न्यूनतम तापमान माइनस 9.8 डिग्री तक पहुंच गया। जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में गुरुवार को पारा शून्य से नीचे चला गया। इससे नदी और झरने जम गए हैं। श्रीनगर में तापमान माइनस 4 डिग्री दर्ज किया गया। पुलवामा में माइनस 5.6 डिग्री, काजीगुंड में माइनस 3.6 डिग्री, कुपवाड़ा में माइनस 3.2 डिग्री तापमान रहा। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 17 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे है। सुबह के समय कई जिलों में कोहरा छा रहा है। राजस्थान में तापमान तेजी से गिर रहा है। सीकर, चूरू और जयपुर सहित कई शहरों में गुरुवार को सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। सीकर में न्यूनतम तापमान 1 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। इससे ओस की बूंदें जम गईं।

### पान मसाला व सिगरेट पर नया टैक्स लगेगा

**नई दिल्ली।** सिगरेट-पान मसाला जैसे प्रोडक्ट पर सरकार अब एक्स्ट्रा टैक्स लगाएगी। एक्स्ट्रा टैक्स से आने वाले पैसे को नेशनल सिक्योरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी। लोकसभा में शुक्रवार को हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया। इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसी चीजें महंगी हो जाएंगी। बिल पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कारगिल लड़ाई तैयारी की कमी की वजह से हुई।

## एमएसपी पर चंद्रशेखर ने निजी विधेयक पेश किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद सदस्य और आजाद समाज पार्टी (आसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद एडवोकेट ने किसानों को उसकी कृषि उपज के लिए न्यूनतम मूल्य प्राप्त करने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध बनाए जाने के लिए लोकसभा में किसान कृषि उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्ति अधिकार विधेयक 2024 प्रस्तुत किया।

विधेयक में कहा गया है कि केन्द्रीय कृषि एवं किसान मंत्रालय द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) किसानों को खुले बाजार में कीमतों में गिरावट की स्थिति में घोषित मूल्य पर उपज बेचने का अधिकार देता है, ताकि उन्हें वित्तीय नुकसान से बचाया जा सके। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में एमएसपी की प्रभावशीलता में गिरावट आई है, क्योंकि अधिकांश किसानों को घोषित एमएसपी नहीं मिलता। जो कुछ मुठ्ठी भर राज्यों तक सीमित रह गई है। विधेयक में कहा गया है कि ऐसी स्थिति में हमारे कृषि उत्पादों के एक बड़े हिस्से के लिए गारंटीकृत एमएसपी घोषित किए जाने की आवश्यकता है, चाहे वो सरकारी स्रोत से प्राप्त हों या अन्य स्रोतों से। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने एक अन्य बिल में उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नगीना में एक 'एम्स' की स्थापना तथा अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के प्रति अत्याचार और जातिगत भेदभाव के मामलों का पता लगाने व रिपोर्टिंग के लिए भी बिल पेश किया।



**नगीना में एम्स की स्थापना व एससी/एसटी पर अत्याचारों के मुद्दे को लेकर भी आसपा प्रमुख ने बिल पेश किए**

### इंडिगो एयरलाइंस 15 दिसम्बर तक के टिकट रद्द कराने पर देगी पूरा रिफंड

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करने से प्रभावित लोगों और हवाई अड्डे पर फंसे यात्रियों से माफी मांगते हुए 15 दिसम्बर तक के टिकट रद्द कराने पर पूरा पैसा वापस करने का आश्वासन दिया है। एयरलाइंस ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यात्रियों से माफी मांगते हुए कहा कि 5 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक की यात्रा के टिकट रद्द कराने पर पूरा रिफंड दिया जाएगा और कोई कटौती नहीं की जाएगी। यात्रियों को भुगतान उसी खाते में किया जाएगा, जिससे भुगतान किया गया था। इसके साथ ही यात्रा की तारीख और समय में बदलाव के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उसने कहा कि हवाई अड्डों पर फंसे यात्रियों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था की है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए वेटिंग लॉन्ज की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को देश भर में इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द रही हैं।

## हम नहीं चाहते एआई न्यायिक प्रक्रिया पर हावी हो: सीजेआई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के बेहिसाब इस्तेमाल पर रोक लगाने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि हमें न्यायपालिका में एआई और एमएल टूल्स के बुरे असर की जानकारी है, लेकिन इन मुद्दों को न्यायिक निर्देशों के बजाय प्रशासनिक स्तर पर निपटाया जा सकता है। याचिका कार्तिकेय रावल ने दाखिल की। उन्होंने एआई जनरेटेड कंटेंट और न्यायिक प्रोसेस में इसके गलत उपयोग से होने वाले खतरों से सुरक्षा की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने कहा कि एआई टूल्स ऐसी न्यायिक मिसाल या फैसले बनाते हैं, जो असल में मौजूद नहीं होते और न्यायिक घोषणाओं का हिस्सा बन जाते हैं। सीजेआई ने कहा कि यह बार और जजों दोनों के लिए एक सबक है। यह चिंताजनक है। यह वकीलों-जजों -**शेष पृष्ठ दो पर**

**ज्यूडीशियरी में एआई का इस्तेमाल रोकने की याचिका खारिज, बेंच ने कहा: हम सावधान हैं**



### मंदिर का चढ़ावा भगवान की संपत्ति: कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि मंदिर में चढ़ा हर एक रुपया भगवान की संपत्ति है और इसका उपयोग किसी को-ऑपरेटिव बैंक की आर्थिक हालत सुधारने के लिए नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट केरल के को-ऑपरेटिव बैंकों की याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था, जिसमें बैंकों ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने ये याचिकाएं खारिज कर दीं। हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि बैंक तिरुनेल्ली मंदिर देवस्वम् को एफडी की रकम दो महीने के भीतर लौटाएं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने सुनवाई की। सीजेआई ने बैंकों के वकीलों से पूछा कि क्या आप मंदिर का पैसा बैंक बचाने के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं? कोर्ट ने कहा कि यह धन सुरक्षित और भरोसेमंद राष्ट्रीयकृत बैंक में रखा जाना चाहिए।

### हाईकोर्ट का मुर्शिदाबाद बाबरी मस्जिद विवाद पर दखल से इन्कार

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुर्शिदाबाद में बनने वाली बाबरी मस्जिद की आधारशिला कार्यक्रम पर दखल देने से इन्कार कर दिया। साथ ही कहा कि इस दौरान शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। हाईकोर्ट उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें 6 दिसम्बर को निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर के कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की गई थी। हुमायूं ने कहा कि कोर्ट के फैसले से याचिकाकर्ताओं को उचित जवाब मिला। बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान करने की वजह से टीएमसी ने गुरुवार को हुमायूं को सस्पेंड कर दिया था। इस बीच शुक्रवार को हुमायूं अपने समर्थकों के साथ मुर्शिदाबाद के बेलडांगा ब्लॉक -1 पहुंचे। यहां शनिवार (आज) मस्जिद का शिलान्यास होना है। दरअसल, मुर्शिदाबाद में 28 नवम्बर को कई जगहों पर बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के पोस्टर लगाए गए थे।

## लोन सस्ते होंगे, RBI ने ब्याज दर 0.25% घटाई

मुंबई, वार्ता

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) ने कैलेंडर वर्ष 2025 में चौथी बार रेपो दर घटाकर अपना घर और वाहन के लिए ऋण चाहने वालों को नए साल से पहले बेहतरीन तोहफा दिया है।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की शुक्रवार को समाप्त तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में सभी छह सदस्यों ने सर्वसम्मति से रेपो दर में तत्काल प्रभाव से 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 5.25 प्रतिशत करने का फैसला किया। साथ ही अन्य दरों में भी चौथाई फीसदी की कमी की गई है। स्टैंडिंग डिपोजिट फैसिलिटी रेट अब पांच प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट तथा बैंक रेट 5.50 प्रतिशत हो गए हैं। रेपो दर वह दर होती है, जिस पर केंद्रीय बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है। इससे पहले आरबीआई ने इस साल फरवरी में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत, अप्रैल में 0.25 प्रतिशत और जून में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी। अगस्त और अक्टूबर में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया गया था। दिसम्बर की कटौती के बाद इस साल की गई कुल कटौती 1.25 प्रतिशत हो गई है।





**अपना घर और वाहन के लिए ऋण चाहने वालों को नए साल से पहले बेहतरीन तोहफा**

### आरबीआई ने 2025-26 का विकास अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दूसरी तिमाही के मजबूत आंकड़ों को देखते हुए वित्त वर्ष 2025.26 के लिए विकास अनुमान को बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत जबकि खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि घरेलू स्तर पर कृषि पैदावार के आसार अच्छे बने हुए हैं, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों का लाभ जारी है, मुद्रास्फीति कम स्तर पर बनी हुई है, कंपनियों और बैंकों की बैलेंसशीट मजबूत है और विकास के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। बाहरी कारकों के बारे में उन्होंने कहा कि सेवा क्षेत्र का निर्यात मजबूत बने रहने की संभावना है, हालांकि वस्तु निर्यात को लेकर बाधाएं बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन कारकों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## चार दिन में 1700 फ्लाइट रद्द, सरकार बैकफुट पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1700 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है।

नागरिक उड्डयन महा निदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। इधर दूसरी एयरलाइन के किराए में उछाल देखने को मिला है। यात्रियों को आप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से दोगुनी कीमत पर टिकट खरीदने पड़ रहे हैं। बुकिंग साइट मेक माई ट्रिप के अनुसार, 6 दिसम्बर को दिल्ली से बेंगलुरु की सबसे सस्ती फ्लाइट का किराया 40,000 रुपये से ज्यादा है, जबकि कुछ फ्लाइट्स का किराया 80,000 रुपये तक हैं।

**पायलट का वीकली रेस्ट नियम वापस, एयरपोर्ट्स पर मारपीट के हालात**

## संक्षिप्त समाचार

### कफ सिरप मामले में पुलिस की एसआईटी वाराणसी पहुंची

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में शुक्रवार को सोनभद्र पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) वाराणसी पहुंची और अन्नपूर्णा इंक्लेवकॉलोनी स्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु कुमार अग्रवाल के कार्यालय पर जांच शुरू की। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले इस मामले के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद जायसवाल को सोनभद्र पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में भोला प्रसाद ने चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु कुमार अग्रवाल का नाम लिया और बताया कि फर्म के सभी वित्तीय लेन-देन की जानकारी उनके पास है। इधर, मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया है।

### आरबीआई 11 और 18 को खरीदेगा सरकारी प्रतिभूतियां

**मुंबई।** बैंकिंग तंत्र में तरलता यानी नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 11 और 18 दिसम्बर को दो बार में एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा में मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद जारी बयान में इसकी घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि इसके अलावा केंद्रीय बैंक डॉलर/रुपया खरीद/बिक्री स्वैप के तहत वाणिज्यिक बैंकों से तीन साल के लिए पांच अरब डॉलर खरीदेगा। केंद्रीय बैंक ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह 11 दिसम्बर को 50,000 करोड़ रुपये और 18 दिसम्बर को 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदेगा। उसने बताया कि डॉलर/रुपया स्वैप 16 दिसम्बर को किया जाएगा।

# एकाधिकार नीति का नतीजा है देश में हवाई सेवा का संकट: राहुल गांधी

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश के विभिन्न हिस्सों से उड़ानों के रद्द होने तथा देरी के कारण हवाई यात्रियों की परेशानी और इंडिगो एयरलाइंस की विफलता को सरकार की एकाधिकार नीति का परिणाम बताया है।

उन्होंने कहा कि इस संकट के बुनियाद सरकार की एकाधिकार की नीति में है और सरकार की इस नीति को अपनाने ने के कारण ही इंडिगो के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इंडिगो की विफलता मोदी सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है, जिसके कारण विमान सेवाओं में देरी हो रही है और उड़ानें एक के बाद एक करके रद्द की जा रही हैं। उन्होंने विमान यात्रियों की इस लाचारी के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है। मैच फिक्सिंग करने वाली एकाधिकार की नीति ठीक नहीं है।

### मनरेगा के तहत कराए पक्के कार्यों का नहीं हुआ भुगतान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत गांवों में कराए गए पक्के निर्माण कार्यों का भुगतान 2023 से अब तक नहीं हुआ है। ग्राम प्रधान संगठन (उत्तर प्रदेश) के मुताबिक मनरेगा के अंतर्गत पक्के निर्माण कार्यों के मद में पूरे प्रदेश में 3500 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। ऐसे में आने वाले समय मे पंचायत चुनाव को देखते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने मुख्यमंत्री सहित मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जल्द भुगतान कराने की मांग की है। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत गांवों में पक्के निर्माण कार्यों में स्कूल की चहारदीवारी, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों की मरम्मत जैसे कई कार्य कराए गए हैं।

# एसआईआर को लेकर विधायकों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)के फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर हैं। इस बीच पूरे एक सप्ताह तक भारतीय जनता पार्टी और संगठन का पूरा फोकस एसआईआर पर ही होगा, जिसे लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विधायकों के साथ वर्चुअल बैठक की, जिसमें उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी ने वर्चुअल बैठक में सभी विधायकों से संवाद करते हुए एसआईआर को प्राथमिकता दिए जाने और गंभीरता से इस पर काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कड़ा संदेश दिया कि इसे लेकर कोई बहाना नहीं चलेगा, अगले एक



**एक्शन में सीएम योगी, एक हफ्ते रहेगा पूरा फोकस**

हफ्ते जो भी काम हैं उन्हें स्थगित कर दिया जाए और एसआईआर पर पूरा फोकस किया जाए। सीएम ने विधायकों का साफ निर्देश दिए कि एसआईआर की प्रक्रिया को धरातल पर उतारने के लिए काम करें। पार्टी के कार्यकर्ता बीएलओ के साथ घर-घर जाकर एसआईआर के गणना प्रपत्र भरवाने का काम करें। एसआईआर में कहीं पर भी एक भी नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए।

लखनऊ, वाराणसी, आगरा और मेरठ में एसआईआर में पिछड़ने की सूचना पर संगठन ने भी चिंता जताई है। बीते दिनों लखनऊ में सरकार, संगठन और संघ की समन्वय बैठक में भी इस मुद्दे को ज़ोर-शोर से उठाया गया था। संघ ने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ता एसआईआर को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, पार्टी के द्वारा इसमें लापरवाही बरती जा रही है, जिसके बाद से सीएम योगी इसे लेकर एक्शन में नजर आ रहे है।

### उत्तर प्रदेश में एसआईआर के आंकड़े जारी करे आयोग: अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग व राज्य प्रशासन से मांग की है कि प्रदेश में अब तक जितना भी एसआईआर हुआ है, उसके आंकड़े आज प्रकाशित किया जाए। यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- उप्र में कितने प्रतिशत एसआईआर हुआ है, इसका आंकड़ा आज प्रकाशित किया जाए। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर जानलेवा दबाव हटाकर अतिरिक्त अधिकृत लोगों को समयावधि के अनुरूप इस काम पर लगाया जाए। इस बात की पक्की जांच-पड़ताल हो कि हर विधानसभा में पीडीए समाज के कितने लोगों को वोटर लिस्ट से हटाने की साजशि की जा रही है, हर हाल में इसे होने से रोका जाए।

## ड्रोन कैमरों से भी रखी जा रही नजर, धार्मिक स्थलों पर पुलिस की तैनाती

# यूपी में छह दिसम्बर को लेकर हाई अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा/अयोध्या।** प्रदेश के कई शहरों में अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को हुई घटना को लेकर हाई अलर्ट घोषित किया गया है। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्म स्थान और शाही ईदगाह मस्जिद के पास बैरिकेडिंग की गई है। यहां पुलिस की तैनाती की गई है, दोनों इलाकों को 2 जोन, 4 सुपर जोन और 8 सेक्टरों में बांटा गया है। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है, वहीं रामनगरी अयोध्या में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

गुरुवार की देर रात वरिष्ठ अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियों ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर समेत अन्य मंदिरों की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस मंदि. रों के आसपास चेकिंग अभियान चला रही है। होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट में चेकिंग की गई।



**मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद के पास बैरिकेडिंग, अयोध्या में चेकिंग**

आगरा-अलीगढ़ रेंज के पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। पीएसी और आरएएफ की टीमें भी मुस्तैद हैं। सभी बड़े मंदिरों और मस्जिदों के पास सादे कपड़ों में पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। विश्व हिंदू परिषद महानगर अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल ने ऐलान किया है कि हम 7 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में भव्य शोभा यात्रा और वाहन रैली निकालेंगे। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि शोभायात्रा में हजारों की संख्या में विहिप और हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता शामिल होंगे। शोभायात्रा विभिन्न रास्तों से होकर निकाली जाएगी। प्रशासन से 6 दिसंबर को इस कार्यक्रम की अनुमति न मिलने के कारण 7 दिसंबर को आयोजन का निर्णय लेना पड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है।

> **एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि एटीएस कमांडो, एसएसबी के साथ हम लोग लगातार जांच कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अयोध्या की सुरक्षा में एटीएस कमांडो, एसएसएफ, सीआरपीएफ, पीएसी और सिविल पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।**

इसके अलावा होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और धर्मशालाओं की चें. कंग कराई जा रही है। जिले के सीमावर्ती इलाकों में चेकिंग की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। बता दें कि अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को विवादित मस्जिद को ढहा दिया गया था। दो समुदायों के लोग अपने-अपने स्तर से इस दिन को याद करते हैं। कोई अनहोनी न हो, इसलिए हर साल इस मौके पर पूरे सूबे में हाई अलर्ट घोषित कर दिया जाता है। अयोध्या में भी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। सभी प्रवेश मार्गों पर चेकिंग के बाद ही अयोध्या में प्रवेश दिया जा रहा है। राम जन्मभूमि परिसर से सटे क्षेत्रों में खुफिया एजेंसियां सीसीटीवी कैमरे से निगरानी कर रहीं हैं।

लता चौक, टेढ़ी बाजार चौराहा, राम मंदिर का मुख्य द्वार, हनुमान गढ़ी, कनक भवन समेत लगभग 12 से अधिक स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आईजी, एसएसपी, एसपी सिटी, एसपी सुरक्षा समेत कई अफसर संवे. दनशील स्थानों का भ्रमण कर रहे हैं।

# आजम खां का बेटा अब्दुल्ला दोषी करार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सपा नेता आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को दो पासपोर्ट मामले में रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम को दोषी मानते हुए अधि. कतम 7 साल की सजा और 50,000 रुपये जुर्माना लगाया है।

कोर्ट ने अब्दुल्ला को दो पासपोर्ट मामले में आरोप सिद्ध होने यह दंड निर्धारित किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की ओर से पेश साक्ष्य और बहस सुनने के बाद उन्हें दोषी करार दिया। फैसले के दौरान कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। कोर्ट इस इस फैसले के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई हैं। ये मामला साल 2019 का है, जब स्थानीय बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने इस संबंध में सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आजम खान के बेटे



**दो पासपोर्ट मामले में कोर्ट ने सुनाई सात साल की सजा**

अब्दुल्ला आजम ने कूट रचित दस्तावेजों और विवरण के आधार पर दो पासपोर्ट बनवाए है और वो इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्मतिथि का उपयोग कर दो पासपोर्ट बनवाए और असत्य दस्तावेजों का प्रयोग किया है, जिसका वोटिंग, बैंकिंग व अन्य संवेदनशील कामों में गलत इस्तेमाल किया जा सकता है, जो समाज या देश के लिए खतरनाक हो सकता है। सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम पहले ही पैन कार्ड मामले में रामपुर की जेल में ही बंद है।



सेंसेक्स 85712.37
निफ्टी 26146.45



सोना रु. 128578
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 179025
प्रति किलो




# रेपो दर में कटौती से उछला शेयर बाजार, सेंसेक्स 447 अंक चढ़ा

**मुंबई, वार्ता**

रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी देखी गई और संसेक्स 447 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे तत्काल प्रभाव से 5.25 प्रतिशत कर दिया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति के फैसलों की जानकारी दी।

शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन रेपो दर कम करने की घोषणा के बाद प्रमुख सूचकांक हरे निशान में चले गए। सेंसेक्स 447.05 अंक



(0.52 प्रतिशत) की बढ़त में 85,712.37 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी गिरावट में खुलने के बाद 152.70 अंक यानी (0.59 प्रतिशत) चढ़कर 26,186.45 अंक पर पहुंच गया। मझौली कंपनियों में भी लिवाली हावी रही, जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। बैंकिंग तंत्र में नकदी उपलब्धता बढ़ाने के उपायों की घोषणा के बाद बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। आईटी, ऑटो, धातु और रियलिटी समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और फार्मा समूहों के सूचकांक गिरावट में रहे। सेंसेक्स में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर ढाई प्रतिशत के आसपास चढ़ा। बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस में करीब दो प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इंफोसिस के शेयरों में भी एक फीसदी के अधिक की तेजी रही। हिदुस्तान यूनीलिवर में सबसे अधिक साढ़े तीन प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, सनफार्मा और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

# चांदी ऑलटाइम हाई पर, सोना के भाव भी बढ़े

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को चांदी के दाम अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी का दाम 2,400 रुपए बढ़कर 1,79,025 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,76,625 रुपए प्रति किलोग्राम थी।10 ग्राम सोना 733 रुपए महंगा होकर 1,28,578 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,27,845 रुपए का था।

आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेर्. कंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 52,416 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,28,578 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 90,003 रुपए बढ़ गया है।

31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,79,025 रुपए प्रति किलो हो गई है। दुनियाभर के बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। जब बड़े बैंक लगातार खरीदते हैं तो बाजार में सोने की मांग बनी रहती है और कीमत ऊपर जाती है। क्रिप्टो में उतार-चढ़ाव और सख्त नियमों के डर से निवेशक पैसा सोने में लगा रहे हैं। पिछले कुछ समय के दौरान भारत में शेयर बाजार से कम रिटर्न ने भी सोने को आकर्षक बना दिया।

# विदेशी निवेश को रफ्तार देने की कवायद सीएम योगी ने की इन्वेस्ट यूपी की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश में विदेशी निवेश को नई रफ्तार देने के लिए चल रहे प्रयासों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए साफ कहा कि उत्तर प्रदेश अब सिर्फ निवेश की संभावना नहीं, बल्कि निवेश के भरोसे का राज्य बन गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर निवेशक के साथ संवाद लगातार बना रहना चाहिए और किसी भी स्तर पर देरी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के सितम्बर 2025 तक की अवधि में उत्तर प्रदेश को 683 मिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है और राज्य का कुल संचई विदेशी निवेश अक्टूबर 2019 से अब 2,754 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि चालू अवधि में प्रदेश को 5,963 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश प्रवाह मिला है, जो पिछले वर्षों की तुलना में तेज वृद्धि को दर्शाता है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि एफडीआई- एफसीआई-फॉर्च्यून 500 नीति-2023 के तहत अब तक 11 निवेश आवेदकों ने 13,610 करोड़ रुपये के प्रस्ताव दिए हैं। इसके अलावा 22 आवेदनों के माध्यम से 17,810 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और 56 हजार करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े 29 आवेदन पाइपला. इन में हैं। उन्होंने ललितपुर फार्मा पार्क को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए कि इससे जुड़े अवसंरचना कार्यों में और तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि कई बड़ी दवा कंपनियों ने यहां निवेश में रुचि दिखाई है, ऐसे में उनसे लगातार संवाद बनाए रखा जाए और भूमि, बिजली, पानी जैसी सुविधाएं समय पर सुनिश्चित हों। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सभी विदेशी डेस्क द्वारा नियमित अंतराल पर राउंड टेबल बैठकें होती रहनी चाहिए। उन्होंने इन्वेस्ट यूपी की टीम से कहा कि हर निवेशक के साथ एकल संपर्क बिदु तय हो, ताकि उसे प्रणाली में भटकना न पड़े। योगी ने उद्योगों को गति देने के लिए 'प्लग एंड प्ले' मॉडल पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि निवेशक को पहले दिन से तैयार अवसंरचना मिलेगी, तो वह तेजी से काम शुरू कर सकेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत-रूस...** एवं भुगतान के लिए धीरे-धीरे अपनी मुद्राओं के इस्तेमाल की दिशा में बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भुगतान की चुनौतियों को देखते हुए भारत और रूस के बीच बैंकिंग प्रणाली के इस्तेमाल की एक विशेष व्यवस्था की जा रही है। रूस पर पश्चिमी देशों की प्रतिबंधों को देखते हुए रूसी राष्ट्रपति का यह बयान महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस ऊर्जा का एक बड़ा स्रोत है और वह भारत को तेल की आपूर्ति निरंतर जारी रखने को तैयार है। पुतिन ने कहा कि उनका देश भारत के साथ सैन्य साजो सामान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। प्रधानमंत्री और श्री पुतिन के बीच यूक्रेन सहित क्षेत्री और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। श्री मोदी ने पहलगाम और क्रोकस सिटी में हाल में हुए आतंकवादी हमलों का उल्लेख करते हुए आतंकवाद को मानवता के मूल्यों पर सीधा प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ वैश्विक एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले आठ दशकों में विश्व में अनेक उतार चढ़ाव आए हैं और मानवता को अनेक चुनौतियों और संकटों से गुजरना पड़ा है। इन सबके बीच भी भारत-रूस मित्रता एक ध्रुव तारे की तरह बनी रही है। उन्होंने कहा कि परस्पर सम्मान और गहरे विश्वास पर टिके ये संबंध समय की हर कसौटी पर हमेशा खरे उतरे हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज हमने इस नींव को और मजबूत करने के लिए सहयोग के सभी पहलुओं पर चर्चा की। आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना हमारी साझा प्राथमिकता है। इसे साकार करने के लिए आज हमने 2030 तक के लिए एक सहयोग कार्यक्रम प्रोग्राम पर सहमति बनाई है। इससे हमारा व्यापार और निवेश विविधतापूर्ण, संतुलित और स्वस्थ बनेगा और सहयोग के क्षेत्रों में नए आयाम भी जुड़ेंगे। उन्होंने भारत रूस व्यावसायिक फोरम में श्री पुतिन के साथ शामिल होने के कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि यह मंच दोनों देशों के बीच व्यावसायिक संबंधों को नई ताकत देगा। इससे निर्यात, मिल कर उत्पादन और नवाचार के नए दरवाजे भी खुलेंगे।

**हम नहीं ...** पर एआई के बनाए केस को वेरिफाई करने की जिम्मेदारी डालता है। इसे न्यायिक एकेडमी और बार काउंसिल के न्यायिक अधिकारियों और वकीलों को ट्रेनिंग देकर निपटाया जा सकता है। हम इसका इस्तेमाल बहुत ज्यादा सावधानी से करते हैं। हम नहीं चाहते कि यह हमारे न्यायिक फैसले लेने की प्रक्रिया पर हावी हो। हालांकि एआई न्यायिक कामों में मदद कर सकता है, लेकिन यह न्यायिक तर्क की जगह नहीं ले सकता, उसे प्रभावित नहीं कर सकता। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि निचली अदालतों ने सुप्रीम कोर्ट के ऐसे उदाहरणों का हवाला देना शुरू कर दिया है जो असल में मौजूद नहीं हैं। ऐसे में यह सुप्रीम कोर्ट से रेगुलेटरी निर्देशों की जरूरत को सही ठहराता है। सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका को इन खतरों की जानकारी है। उन्हें न्यायिक ट्रेनिंग के जरिये निपटाया जा रहा है। जजों को क्रॉस-चेक करना चाहिए। यह न्यायिक अकादमी के सिलेबस का हिस्सा है, इसका ध्यान रखा जाता है। समय के साथ बार भी सीखेगा और हम भी सीखेंगे। अदालत को न्यायिक हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं दिखती। चीफ जस्टिस ने दोहराया कि चिंताएं सही हैं लेकिन न्यायिक रूप से कार्रवाई योग्य नहीं हैं और याचिकाकर्ता को प्रशासनिक स्तर पर सुप्रीम कोर्ट को सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया। अच्छी नीयत वाला कोई भी व्यक्ति हमें सुझाव देने के लिए स्वागत है। आप हमें उन्हें मेल कर सकते हैं। याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी, कोर्ट ने इसकी इजाजत दी।

# लोकसभा में दूषित भू-जल से पीड़ित ग्रामीणों को बीमारियों से बचाने की मांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा में दूषित भू-जल से होने वाली कैंसर और अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे नागरिकों को बचाने के लिए सरकार से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई है। कांग्रेस कुमारी सैलजा ने शून्यकाल में यह मामला उठाया और कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में प्रवाहित होने वाली झज्जर नदी के अत्यंत प्रदूषण के कारण नदी तटों के आसपास रहने वाले गांवों के लोगों को दूषित भूजल पीने को बाध्य होना पड़ रहा है। इस जल के इस्तेमाल से लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होना पड़ रहा है और बड़ी संख्या में लोगों को फेफड़े से जुड़ी बीमारियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार को झज्जर नदी के संरक्षण की पहल करानी चाहिए और राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत निधि उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। तृणमूल कांग्रेस की प्रतिमा मंडल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जल जीवन मिशन के तहत पर्याप्त पैसा केंद्र से उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण शुद्ध पेयजल योजनाओं को पूरा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में लोगों को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की सुविधा नहीं मिल पा रही है और इसकी वजह केंद्र से जल जीवन के लिए निधि नहीं मिलना है। उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल जल जीवन मिशन का पैसा राज्य सरकार को उपलब्ध कराने की मांग की है।

### अवैध बालू खनन पर रोक लगाने की मांग लोकसभा में उठी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को अवैध बालू खनन से होने वाले नुकसान को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की गई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के सांसद सुदामा प्रसाद ने शून्यकाल में बिहार में चल रह अवैध बालू खनन का मुद्दा उठाते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बालू खनन के कारण मध्य बिहार के पांच छह जिलों में नदियों के किनारे बसे गांवों पानी का जलस्तर नीचे चला गया है और हैंडपंप काम नहीं कर रहा है जिससे लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# विवाहिता की करंट लगाकर हत्या का प्रयास

## पति समेत पांच ससुरालियों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न करने व करंट लगाकर हत्या करने के प्रयास में पति समेत पांच ससुरालियों पर एससी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के एक गांव में अनुसूचित जाति के किसान का परिवार रहता है। उनकी बेटी की शादी 16 अप्रैल 2025 को देहरादून ऋषिकेश के रहने वाले युवक के साथ हुई थी। विवाहिता के ससुराल वाले चौहान हैं। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज में पांच लाख रुपये और इनोवा कर की मांग की जाती है। 21 अप्रैल 2025 को ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ मारपीट की और कमरे में बंद कर दिया। कई बार दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई लेकिन ससुराल वालों का रवैया नहीं सुधरा। आरोप है कि 13 जून 2025 को ससुराल वालों ने मारपीट करके विवाहिता को घर से निकाल दिया और जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित किया। इसके बाद 14 सितंबर 2025 को ऋषिकेश में दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई लेकिन ससुराल वालों ने पंचायत में शामिल लोगों की बात नहीं मानी। इस बीच ससुराल वालों ने विवाहिता को बिजली का करंट लगाकर जान से मारने की कोशिश भी की। पति अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देता है। फिलहाल, विवाहिता अपने मायके में पिता के घर रहती है। उसने नौगांवा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में विवाहिता के पति समेत ससुराल पक्ष से पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# कोटेदारों को मिले मिनिमम इनकम गारंटी का लाभ

## राशन डीलरों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** ऑल इंडियन केयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है।



शुक्रवार को भेजे गये ज्ञापन में एसोसिएशन ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कोटेदार शासन की मंशा अनुसार राशन वितरण करते हैं। क कोरोना में भी उत्तर प्रदेश के कोटेदार द्वारा प्रधानमंत्री अन्न योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निशुल्क वितरण किया गया। कोटेदार अपने अपने परिवार के जीवन की परवाह न करते हुए सरकार के दिशा निर्देशों में ई पास मशीन से ईमानदारी के साथ वितरण करते हैं। जिसकी सराहना पूरे भारत में की गई। उत्तर प्रदेश सरकार को भारत सरकार ने प्रशस्ति पत्र भी दिया है। प्रदेश के कोटेदार सरकार के निर्देश अनुसार वितरण करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के कोटेदार का लाभांश 90 रुपए कुंतल ही मिलता है। जबकि अन्य प्रदेशों में हरियाणा में 200, गोवा 220, केरल में 200, दिल्ली में 200, गुजरात में 2000 इनकम गारंटी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के कोटेदारों को भी अन्य प्रदेशों की भांति लाभांश व मिनिमम इनकम गारंटी दी जाये। उन्होंने कहा कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो 28 जनवरी से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन हुए विधानसभा का घेराव करने को बाध्य होंगे।

### ट्रक से टकराई बस, यात्रियों में मची चीख पुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली मे शुक्रवार की सुबह करीब 10:00 बजे डिडौली कोतवाली क्षेत्र में अमरोहा डिपो की रोडवेज बस एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस चालक किरनपाल को मामूली चोटें आई हैं, जबकि परिचालक प्रहलाद सिंह की टांग में फ्रैक्चर हो गया। गनीमत रही की घटना के दौरान किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। यात्रियों को तत्काल दूसरी बस में बिठाकर आगे रवाना कर दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत कार्यों में सहयोग किया।

# पांच करोड़ के कर चोरी के मामले में रिपोर्ट

## फर्जी कम्पनी खोलकर लगाया सरकार को चूना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** फर्जी कम्पनी खोलकर करोड़ो की जीएसटी चोरी के मामले में राज्य कर अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने कारोबारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

राज्य कर अधिकारी खंड-दो पृथ्वीराज द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक मुरादाबाद के चामुंडा वाली गली बरवालन के रहने वाले मुसव्विर ने डिडौली कोतवाली क्षेत्र के बुढ़नपुर में जेंटेक्स इंपैक्स के नाम से फर्म बना रखी थी। इस फर्म में कॉपर, एल्युमिनियम, ग्लास व सुपाड़ी आदि तैयार करना दिखाया गया था। फर्म के पंजीकरण के दौरान मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी भी दर्शाया गया। लेकिन हकीकत में यह फर्म कागजों में चल रही थी और धरातल पर नहीं। केवल बिलों का आदान-प्रदान करते हुए इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम (आइटीसी) और पासऑन की गई। जबकि माल का वास्तविक संचारण नहीं किया गया। उपयुक्त राज्य कर संभाग ए मुरादाबाद के द्वारा फर्म स्थल की जांच कराई, जिसमें हकीकत का पता चला। सामने आया कि साल 2021 से 24 तक फर्म के मालिक मुसव्विर कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए कागजों में फर्म तैयार की। जिसके आधार पर जीएसटी अधिनियम के तहत दंड और ब्याज समेत कुल 5,73,82046 रुपये की राजस्व हानि पहुंचाते हुए धोखाधड़ी की है। अस्तित्वहीन पाई गई इस फर्म का पंजीयन 9 फरवरी 2024 को निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद कारोबारी से वसूली के लिए फर्म के बैंक अकाउंट से वसूली का नोटिस जारी किया गया। लेकिन मुरादाबाद की सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा में संचालित इस खाते से कोई धनराशि प्राप्त नहीं हो सकी। कारोबारी ने भी बकाया जमा नहीं किया है। दोबारा से फर्म स्थल की जांच की गई तो वहां पर खंडहरनुमा इमारत बंद मिली। फर्म के आसपास में पूछताछ के दौरान भी कारोबारी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। जीएसटी पोर्टल पर दर्ज कारोबारी का मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। लिहाजा, उच्चाधिकारियों के निर्देश पर राज्य कर अधिकारी खंड दो पृथ्वीराज ने जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर मुरादाबाद के चामुंडा वाली गली बरवालन में रहने वाले मुसव्विर के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में 99.48 प्रतिशत एसआईआर कार्य

## नौगांवा व हसनपुर में 100 प्रतिशत कार्य पूरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में गणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण कार्य में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आज दोपहर 04 बजे तक कुल 99.48 प्रतिशत यानी 13,63,217 प्रपत्रों का डिजिटलीकरण पूरा किया जा चुका है। प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी एवं बीएलओ स्तर पर सक्रियता के परिणामस्वरूप यह कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। जनपद के 1323 बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्रों में शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजिटाइज कर सराहनीय कार्य किया है। अधिकांश तहसीलों ने लक्ष्य समय से पूर्व पूरा कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। धनौरा तहसील 97.96 प्रतिशत, नौगांवा सादात तहसील में 100 प्रतिशत, अमरोहा तहसील में 99.98 प्रतिशत जबकि हसनपुर तहसील में 100 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि मतदाता सूची सुधार का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी बीएलओ व संबंधित कार्मिकों ने जिस समर्पण और जिम्मेदारी से यह कार्य किया है, वह प्रशंसनीय है। हमारा लक्ष्य शत-प्रतिशत शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना है। शेष बचे प्रपत्र भी शीघ्र अपलोड कराकर प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। प्रशासन के अनुसार डिजिटलीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद दस्तावेजों का सत्यापन कर मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन एवं प्रविष्टियों का अद्यतन किया जाएगा।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव में गुरुवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। ग्राम छोटा माजरा निवासी संजय 26 वर्ष पुत्र रामप्रसाद अपनी बाइक से हसनपुर निजी कार्य से गये थे। देर शाम लौटते समय रहरा थाना क्षेत्र के रहरई के पास हसनपुर-गवा मार्ग पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर से उनकी मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि संजय सड़क पर दूर जाकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें रहरा सीएचसी पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही संजय ने दम तोड़ दिया। समाचार जैसे ही गांव पहुंचा पूरे इलाके में मातम



छा गया। मृतक संजय अपने पीछे दो मासूम बच्चों बेटी माया और बेटे दीपकख्र को छोड़ गए हैं। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। जबकि परिजन और ग्रामीण गहरे शोक में डूबे हुए हैं। बताया जा रहा है कि संजय परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों का मुख्य सहारा थे, ऐसे में अचानक हुई इस मौत ने परिजनों की दुनिया उजाड़ दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिचितों का कहना है

### किशोरी के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** किशोरी को बहला-फुसला कर ले जाने वाले युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले किसान का आरोप है कि गांव का ही रहने वाला नीशू उनकी नाबालिग बेटी को दो दिन पहले बहला-फुसला कर घर से ले गया था। उसने बेटी के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने भी बयान में दुष्कर्म किए जाने की बात कही। वहीं गांव में चर्चा है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में आरोप नीशू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# परिजनों ने लगाया युवक की हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**गजरौला।** तिगरी मार्ग पर सड़क पर मिले युवक की मौत को पुलिस जहां हादसा मानकर चल रही थी तो वहीं परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने मोहल्ले के ही एक युवक पर हत्या का संदेह जताया और उसके विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज न होने तक शव का अंतिम संस्कार न करने की बात कही। हालांकि पुलिस के निष्पक्ष कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन शांत हुए और शव का तिगरी गंगा तट पर अंतिम संस्कार किया। इधर पुलिस ने आरोपी युवक को भी पूछताछ के लिए थाने बुलाया।

**तिगरी मार्ग पर मिला था शव, पुलिस मान रही हादसा**

जानकारी के अनुसार जिला सम्भल के गांव ईशापुरी सुनवारी निवासी हरचन्द्र सिंह काफी समय से नगर के मोहल्ला भानपुर खालसा में रहते हैं। गुरूवार की रात को लगभग आठ बजे उनके पुत्र अशोक कुमार का शव तिगरी मार्ग पर स्वागत द्वार के नजदीक मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया तो वहीं मृतक के परिजनों को भी सूचित किया। इस मामले में पिता हरचन्द सिंह ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर देकर मुहल्ले के ही निवासी एक व्यक्ति पर अशोक की हत्या का अरोप लगाया। हरचन्द सिंह का कहना है कि गुरूवार को उनके पुत्र अशोक को मुहल्ले का ही एक व्यक्ति शाम के पांच बजे घर से बुलाकर ले गया था। उसके बाद शाम को करीब आठ बजे पुलिस के माध्यम से पता चला कि अशोक का शव तिगरी रोड पर मिला है। शुक्रवार को हरचन्द सिंह ने वार्ड सभासद कपिल उर्फ भानु चौधरी एवं स्वजनों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी। वहीं जब अशोक का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो परिजनों ने आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज न होने तक अंतिम संस्कार नहीं करने की बात कही। इस बात की जानकारी मिली तो प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, चौपला चौकी इंचार्ज सुधीर तोमर आदि पहुंच गए और परिजनों को मामले की छानबीन करके पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिया, जिसके बाद परिजन मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए तिगरी गंगा धाम के लिए रवाना हुए।



गजरौला। मोहल्ला भानपुर में युवक के परिजनों से जानकारी करती पुलिस।

# लूट के मामले में बदमाश को नौ साल की सजा

## नौ साल पहले की थी लूट की वारदात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौ साल पुराने लूट के मामले में अदालत ने बदमाश को नौ साल की सजा सजा सुनाई है। जबकि पांच सौ रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। अन्य आरोपियों की सुनवाई अलग चल रही है।

29 मई 2016 की रात हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के कालाखेड़ा पुल पर कार सवार परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट की गई थी। घटना के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी। 4 जून 2016 को हसनपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मेरठ के कुछ बदमाश नेशनल हाईवे पर लूटपाट करने के इरादे से घूम रहे हैं। जिसके बाद तत्कालीन वरिष्ठ उप निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, दरोगा आरसी वर्मा, कांस्टेबल रघुवीर सिंह, कपिल शर्मा, नौगांवा सादात के तत्कालीन थानाध्यक्ष रामवीर सिंह, स्वॉट टीम प्रभारी जितेंद्र सिंह, दरोगा उदयपुर प्रताप सिंह फोर्स के साथ हसनपुर-अतरासी रोड घस्थित रझोंहा चेक पोस्ट पर बैरियर लगाकर चेकिंग करने लगे। तभी पुलिस ने हसनपुर की ओर से आ रहीं दो कार बदमाशों को रोकने की कोशिश की। लेकिन, उन्होंने पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। लिहाजा, पुलिस ने घेराबंदी करके पुलिस ने चार बदमाशों को मौके पर पकड़ लिया। जबकि दो भागने में कामयाब हो गए। पूछताछ के दौरान पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम गुफरान निवासी मितापुर थाना किठौर, दूसरे बदमाश ने अपना नाम राजू जाट निवासी सियाल थाना किला परीक्षितगढ़ मेरठ बताया। तीसरे ने अपना नाम सुमित रस्तोगी निवासी सरदार गंज थाना शाहाबाद जनपद हरदोई और चौथे बदमाश ने अपना नाम शाहनवाज निवासी अठसैनी थाना सिंभावली जनपद हापुड़ बताया था। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने 29 मई 2016 की रात हसनपुर के कालखेड़ा पुल और हापुड़ जनपद के खरखोदा थानाक्षेत्र के किठौर रोड पर सूदना की पुलिया पर अलग-अलग कार सवार परिवारों से लूटपाट की घटना को अनजाम देना स्वीकार किया था। इसके अलावा इन बदमाशों ने 26 मई 2016 की रात सिंभावली और 28 मई 2016 की राम किठोर क्षेत्र में महिला और पुरुषों से लूटपाट की थी। इस मामले में पुलिस ने गुफरान, राजू जाट, सुमित, शाहनवाज, इरशाद और जाकिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। बाद में पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। इस मुकदमे की सुनवाई एडीजी तृतीय की अदालत में चल रही थी। बृहस्पतिवार को पुलिस पर जानलेवा हमला करने के आरोप में मेरठ जनपद के भावनपुर थानाक्षेत्र के रुकनपुर गांव के रहने वाले बदमाश इरशाद को दोषी करार दिया। साथ ही उसे नौ साल की सजा सुनाई और 500 रुपये का जुर्माना लगाया है। अन्य बदमाशों की पत्रावली अलग चल रही है।

### किशोरी को बहला पफुसलाकर किया अपहृत

**गजरौला।** 17 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर अपहृत करने के आरोप में पुलिस ने चार आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी 02 दिसम्बर की रात को लापता हो गई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की मगर कोई पता नहीं चला। फिर यह जानकारी मिली कि किशोरी को गांव निवासी ऋषिकेश नामक युवक बहला फुसलाकर ले गया है और उसके परिवार के अनीकेश, कालीचरन व डालचन्द का भी सहयोग है। किशोरी का पिता इनके घर पहुंचा मगर ये लोग घर नहीं मिले, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए किशोरी की तलाश तेज कर दी है।

# भाकियू अम्बेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर मुकदमा

## दलित बैंक प्रबंधक से की थी गाली गलौच, कई किसानों पर भी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** शाखा प्रबंधक के साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के साथ ही सरकारी काम में बांधा डालने की धाराओं में पुलिस ने किसान नेता व एक अन्य समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रहरा थाना पुलिस ने चंदनपुर खादर के ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अभिषेक गहलोत की तहरीर पर भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी ने के खिलाफ एससी एसटी एक्ट तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। शाखा प्रबंधक के



मुताबिक 4 दिसंबर को दोपहर करीब 2:15 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी खुर्तियां निवासी रामवीर और कुछ अज्ञात लोग जबरन बैंक में घुस गये। उन्होंने मैनेजर अभिषेक गहलोत पुत्र लक्ष्मीकांत गहलोत निवासी जोधपुर राजस्थान पर रामवीर की पत्नी परवेश के लोन खाते में छूट देने के लिए दबाव बनाया था। मैनेजर गहलोत ने अपनी शिकायत में बताया कि जब उन्होंने खुद के जाटव जाति का होने का हवाला देते हुए अपमान न करने को कहा तो दिग्विजय भाटी ने उन्हें जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। जाते-जाते उन्होंने बंधक बनाने और जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष अतवीर सिंह चौहान ने बताया कि मैनेजर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम किसान की समस्या को लेकर बैंक गये थे। किसान भी हमारे साथ था और भी कई अन्य किसान हमारे साथ मौजूद थे। बैंक मैनेजर ने किसान से 55 हजार की जगह 85 हजार रुपये ले लिए और 50 हजार की स्लिप बना कर दे दी। इस संबंध में वह मैनेजर से बात करने के लिए गये थे। उन्होंने इसका विरोध किया। अगर किसानों की आवाज उठाने पर हम पर मुकदमा किया जा रहा है तो वह हमें स्वीकार है।

### प्रतिबंधित सागौन के 60 पेड़ काटे, दो पर रिपोर्ट

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के कस्बा जोया स्थित पथखोई मार्ग पर प्रतिबंधित प्रजाति सागौन के 60 पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। 26 नवंबर को सागौन के पेड़ों की अवैध कटान की सूचना पर वन दरोगा नेपाल सिंह वन रक्षक खैरूल निशा और लोकेन्द्र सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। टीम को वहां सागौन के 60 कटे हुए पेड़ मिलेद्य जिनकी अनुमानित कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई गई है।

# ऑनलाइन उपस्थिति नहीं करेंगे बर्दाश्त

## पंचायत सचिवों ने मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन बीएलओ को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** शुक्रवार को ब्लॉक में सचिवों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्य सचिव को संबोधित एक ज्ञापन बीडीओ नरेंद्र गंगवार को सौंपा, जिसमें अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को विस्तार से बताया।

ज्ञापन के माध्यम से में सचिवों ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव ग्राम पंचायत कार्यालय के अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है। जिस प्रकार क्षेत्र पंचायत स्तर पर खंड विकास अधिकारी अपने कार्यालय के अध्यक्ष होते हैं, उसी तरह सचिव भी कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन उपस्थिति जैसी कार्यालय आधारित प्रणाली उनकी कार्य प्रकृति के अनुकूल नहीं है। एक



सचिव के पास आमतौर पर 4 से लेकर 9 ग्राम पंचायतों का प्रभार होता है। बहुउद्देशीय कार्य प्रकृति और क्षेत्रीय भौगोलिक कारणों से किसी एक निश्चित स्थान एवं समय पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। सचिवों ने अपनी मांगों में यह भी बताया कि ग्रामीण स्तर पर वे विभिन्न प्रकृति के 29 से अधिक विभागीय कार्यों का संपादन प्रत्येक ग्राम पंचायत में करते हैं। सचिव सुमित कुमार,सुदेश कुमार पाल,संदीप सिंह, बंटी सिंह,रोहित कुमार,राजकुमार,महेश सिंह,राजीव गिल, आंचल कुमारी, रामगोपाल,अशोक कुमार,राजकुमार सैनी, मोहम्मद नसीम,रजत यादव सहित आदि सचिव मौजूद रहे।

# सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं डॉ.अम्बेडकर

**गजरौला।** डॉ0 भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जॉन-1 द्वारा उत्तराखंड के कोटद्वार में आयोजित 'समता प्रेरणा सम्मान समारोह एवं गोष्ठी' में धनौरा विधायक राजीव तरारा ने उत्तर प्रदेश विधान सभा के प्रतिनिधि के रूप में प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए विधायकों, संसदीय प्रतिनिधियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने सम्मिलित होकर बाबा साहेब के राष्ट्रनिर्माण में योगदान को नमन किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में नामित किए जाने पर



विधायक राजीव तरारा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, डॉ. आंबेडकर समानता, सामाजिक न्याय एवं समतामूलक व्यवस्था के सबसे बड़े प्रेरणास्रोत हैं। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक उस व्यक्ति को समर्पित है, जो डॉ. आंबेडकर के समतामूलक व न्यायपूर्ण समाज के सपने को साकार करने में निरंतर सक्रिय योगदान दे रहा है।

# प्रबंध समिति का चुनाव समय पर कराया जाए

## भाकियू भानू ने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन भानू ने आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर की प्रबंध समिति का चुनाव प्रस्तावित समय पर करवाये जाने की मांग की है।

शुक्रवार को आदर्श इंटर कॉलेज कूटी दौलतपुर के प्रबंध समिति चुनाव में उस समय एक नया मोड़ आ गया जब भारतीय किसान यूनियन भानू ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी को देकर प्रस्तावित समय पर चुनाव कराये जाने की मांग कर दी। 2 दिन पहले भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने विद्यालय में धांधली किये जाने का आरोप लगाते हुए चुनाव को स्थगित किये जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व फर्जी यूनियन का रोब दिखाकर चुनाव स्थगित कराना चाहते हैं। पूर्व प्रधानाचार्य पर जो आरोप लगाये गये आरोपों की जांच जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नियुक्त तीन सदस्य जांच समिति द्वारा की गई थी। पूर्व प्रधानाचार्य पर लगाये गये आरोप निराधार पाये गये थे। कुछ निजी स्वार्थी असामाजिक तत्व विद्यालय प्रबंध समिति चुनाव को बांधित कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं। उन्होंने बताया पूर्व प्रधानाचार्य के 38 वर्ष के कार्यकाल में विद्यालय ने बहुत बुलंदी पाई है। उन्होंने चुनाव निर्धारित तिथि पर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय प्रचार मंत्री चमन कसाना, जिलाध्यक्ष चमन सिंह चौहान, लोकेश चौहान, राहुल गुप्ता, राजीव चौहान आदि मौजूद थे।

# काली पट्टी बांधकर सचिवों ने दिया धरना

## ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अपनी मांगों को मनवाये जाने लेकर ग्राम विकास अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों ने शांति पूर्वक तरीके से काली पट्टी बांधकर धरना दिया।

शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में ग्राम विकास अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों ने कर्मचारी एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए सरकार से अपनी मांगों को स्वीकार करने की अपील की। ऑनलाइन उपस्थिति एवं सचिवों से लिए जा रहे हैं गैर विभागीय कार्यों के विरोध में शांतिपूर्वक तरीके से धरना प्रदर्शन किया। सचिवो ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को 15 दिसंबर तक पूरी नहीं किया गया तो वह कार्यालय में अपने डोंगल सौंप देंगे तथा कार्य का बहिष्कार करेंगे। ग्राम विकास अधिकारियो ने कहा कि जब तक सचिवों को सम्मानजनक कार्य वातावरण व न्यायपूर्ण व्यवस्था नहीं दी जायेगी आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया धरना कार्यक्रम एवं ज्ञापन प्रेषण के बाद जनपद के सभी सरकारी व्हाट्सएप ग्रुपों से सभी सचिव लेफ्ट हो जाएंगे। 10 दिसंबर से सभी सचिव अपने निजी वाहनो का प्रयोग बंद कर देंगे। 15 दिसंबर से सभी सचिव अपने डोंगल ब्लॉक पर जमा कर देंगे। इस अवसर पर स्वप्रिल सिंह, कावेंद्र सिंह, खुर्शीद अहमद, दिनेश सिंह, विपिन सिद्धू, रामनिवास सिंह, अतर सिंह, विपिन कुमार, रोनिल अली, हुमा परवीन, धर्मेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

## नर्सरी में काम करने गए युवक के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नर्सरी पर काम करने गए युवक के साथ उसके रिश्तेदार ने मारपीट करके घायल कर दिया। घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार निवासी थाना रजबपुर के दुर्गूपुर नईम का पुत्र नवाजिश व थाना अमरोहा नगर के ग्राम पक्काबाग तलवारशहा निवासी फुफेरा भाई आकिल गजरौला हसनपुर रोड पर स्थित एक नर्सरी में काम करने के लिए गए थे। आरोप है कि आकिल ने किसी बात पर नवाजिश के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। नवाजिश ने घर आकर अपने पिता को सारी बताई। पिता नईम ने थाने जाकर तहरीर दी। पुलिस ने आरोपित आकिल के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# समान उपस्थिति व्यवस्था लागू करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन द्वारा मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को ज्ञापन भेजकर ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत ग्राम सचिवों की ऑनलाइन उपस्थिति से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। ज्ञापन खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। संघ की ओर से बताया गया कि ग्रामीण विकास विभाग की नई ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था कई व्यावहारिक कठिनाइयाँ पैदा कर रही है। जिला स्तर पर विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग उपस्थिति प्रणालियाँ लागू हैं, जिससे ग्राम सचिवों को कार्य निष्पादन में परेशानियाँ झेलनी पड़ रही हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव, पंचायत कार्यालय के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं, उसी प्रकार जिस तरह क्षेत्र पंचायत स्तर पर खंड विकास अधिकारी तथा जिला स्तर पर अन्य अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों के अध्यक्ष होते हैं। इसलिए ग्राम पंचायत सचिवों से किसी भी कार्यालय में उपस्थिति अंकित कराने की बाध्यता व्यावहारिक नहीं है। संघ ने शासन से मांग की है कि सभी स्तरों पर एक समान ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था लागू की जाए, जिससे अनावश्यक दिक्कतें दूर हों और कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। ज्ञापन पर आलोक कुमार, मोहम्मद इरफान, सत्यम बंसल, अमरजीत सिंह, ज्योति, अंजुम, हेमलता, नेपाल सिंह, इमाम उद्दीन, आदि शामिल रहे।

# हादसे में घायल प्रधान की मौत

■ **25 दिसम्बर को पशु से टकराई थी बाइक**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** लगन समारोह से लौटते समय किसी पशु से बाइक टकरा जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हुए पतेई एमन के प्रधान की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। शुक्रवार को परिजनों ने तिगरी में उनका अंतिम संस्कार किया।

जानकारी के अनुसार पतेई एमन के प्रधान समरपाल सिंह 25 नवम्बर को अपने भतीजे के साथ एक लगन समारोह में शामिल होने सुनपुरा कलां गांव गए थे। यहां से लौटने में उन्हें रात हो गई थी। जब ये गांव से निकलकर कुछ दूर आगे बढ़े तभी इनकी बाइक किसी पशु से टकरा गई। हादसे में समरपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जबकि भतीजा बाल बाल बच गया था। घायल प्रधान को गजरौला के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से मुरादाबाद और फिर मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार की सुबह प्रधान की मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। शुक्रवार की शाम को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने तिगरी ले जाकर पूर्व प्रधान के शव का अंतिम संस्कार किया।



## चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली**। पुलिस ने सकतपुर मार्ग पुल के समीप नाजिम पुत्र चीनी पहलवान उर्फ जहीर निवासी जनपद मुरादाबाद थाना मैनाठेर को 135 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक नाजिम का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है।

# डॉ. राजीव शर्मा स्मृतियाँ पुस्तक का विमोचन

## जयंती पर जय शिव ग्रुप ऑफ कॉलेज में हुआ कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। जय शिव ग्रुप ऑफ कॉलेज, बुडेरना में डॉ. राजीव शर्मा स्मृतियाँ का विमोचन डॉ. राजीव शर्मा के जन्मदिवस पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लों, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, नगर पालि. का अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन, ब्लॉक प्रमुख सरदार गुरेन्द्र सिंह ढिल्लों सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन से किया।

डॉ. दीपक अग्रवाल ने बताया कि पुस्तक में डॉ. राजीव शर्मा से जुड़े 49 परिजन और शुभचिंतकों के संस्मरण शामिल हैं। वक्ताओं ने डॉ. शर्मा को शिक्षा और समाज सेवा में बड़ा योगदान देने वाला प्रेरणादायी व्यक्तित्व बताया। उदय गिरी गोस्वामी ने बुडेरना मार्ग का नाम डॉ. राजीव शर्मा के नाम पर रखने और उनकी प्रतिमा लगाने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका श्रीमती प्रीति चौधरी ने किया। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती चारू शर्मा ने कहा कि डॉ. शर्मा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के भाव के साथ समाजसेवा में अग्रणी थे।अरविन्द शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संच. ालन श्रीमती प्रीति चौधरी ने किया इस मौके पर अतुल जैन, प्रतुल शर्मा, खेमकरण शर्मा, श्यानोथ सिंह, शशि त्यागी, डॉ. नवनीत विश्नोई, मदनपाल सिंह, अतुलेश भारद्वाज, बालकराम, मो. असलम, रोहताश विद्यार्थी, सरोज चौहान, मनोज वर्मा सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# शीरे से भरा हुआ टैंकर पलटा, चालक घायल

## ट्रैक्टर से बचने के प्रयास में हुआ हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र में अलीगढ़ मार्ग पर कालका वाली डगरोली के पास एक बड़ा हादसा हो गया। संभल जनपद के रजपुरा शुगर मिल से धामपुर बिजनौर जा रहा शीरे से भरा टैंकर को चालक राजेश गोस्वामी पुत्र ओंमकार गोस्वामी, निवासी दुर्गापुर, थाना असमोली चला रहा था। सामने से आ रहे गन्ना लदे ट्रक से बचने के प्रयास में सड़क किनारे पलट गया।

इस दुर्घटना में टैंकर चालक राजेश गोस्वामी घायल हो गया। जिसे तुरंत एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। टैंकर पलटने से सड़क किनारे खेत के साथ-साथ सड़क पर भी भारी मात्रा में शीरा फैल गया। दुर्घटना के कारण सड़क किनारे लगे हाईटेंशन विद्युत लाइन के दो पोल टूटकर गिर गये। सूचना मिलते ही 112 डायल पुलिस और कोतवाल प्रेमपाल सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक अमित कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि स्थिति सामान्य है। और हादसे में केवल कैंटर चालक घायल हुआ है। पुलिस मौके पर मौजूद है और टैंकर को सीधा करने के लिए क्रेन को बुलाया जा रहा है। घायल चालक ने मामले की जानकारी कंपनी को भी दे दी है।

## मनरेगा लोकपाल पर पद का रौब दिखाकर दबंगई का आरोप, वीडियो हुआ वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** विकास भवन में तैनात मनरेगा लोकपाल गेदन लाल वर्मा और कीटनाशक खाद दुकान व्यापारी के बीच कहासुनी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, वीडियो में खाद व्यापारी मुकेश यादव मनरेगा लोकपाल गेदन लाल वर्मा पर पद का रौब दिखाकर दबंगई करने और मुफ्त में खाद देने का दवाब बनाने का आरोप लगा रहा है। वीडियो तहसील कलीनगर स्थित एक खाद की दुकान का है, घटना के बाद दोनों में बीच सड़क जमकर कहासुनी हुई, इसी बीच खाद व्यापारी ने मनरेगा लोकपाल गेदन लाल वर्मा को दुकान से बाहर निकलाकर पुलिस को बुलाकर थाना माधोटांडा भेज दिया जहां लिखित रूप से माफीनामा देकर मनरेगा लोकपाल और व्यापारी में आपसी समझौता हो गया। घटना बीते 8 नवंबर की बताई जा रही है, स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों की माने तो मनरेगा लो. कपाल गेदन लाल वर्मा अक्सर अपने पद का रौब दिखाकर दबंगई करते है, और ग्राम प्रधानों से भी जांच के नाम पर रिश्वत की मांग करते हैं, स्थानीय लोगों में मनरेगा लोकपाल को लेकर काफ़ी रोष है उन्होंने जिलाधिकारी से कार्यवाही की मांग भी की है।

## पीआरडी स्थापना परेड के लिए अभ्यास शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जनपद में पीआरडी का 77 वाँ स्थापना दिवस 11 दिसंबर को आयोजित किया जाना है। जिसके प्रांतीय रक्षक दल के स्वयंसेवकों की अभ्यास परेड शुक्रवार से पुलिस लाइंस पीलीभीत में शुरुआत हो गई। अमित कुमार प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि परेड में तीन टुकड़ियां चलेंगी जिसमें प्रत्येक टुकड़ी में 21 स्वयंसेवक रहेंगे एवं तीन टोली कमांडर होंगे। परेड में लगभग 70 जवान सम्मिलित हो रहे है। जनपद स्तर पर स्थापना परेड आयोजित होने से इसकी व्यापकता एवं सार्थकता को बढ़ावा मिला है। साथ ही जवानों में उत्साह भी बढ़ा है। स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस पूरे कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव का विशेष सहयोग किया जा रहा है। जनपद में लगभग 400 पीआरडी स्वयंसेवक है। सभी जवान सालभर ड्यूटी पा रहे हैं। पुलिस के साथ मिलकर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था ट्रैफिक व्यवस्था में पूर्ण सहयोग कर रहे हैं।

## नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा किसानों को जैविक खाद लगाने के लिए किया गया प्रेरित

**पूरनपुर।** नगर पालिका परिषद पूरनपुर में सोशियो वाईटल नेटवर्क फाउंडेशन की टीम द्वारा किसानों को जैविक खाद बनाने की विधि के लिए बैठक का आयोजन किया गया।

किसान बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को जैविक खाद का उपयोग व उसका महत्व व दुरगामी लाभ के बारे में अवगत कराना था। इसमें ग्रामीण किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा कम हो रही है, जिससे उसकी उत्पादन क्षमता घट रही है। जैविक खाद का उपयोग इस समस्या का समाधान प्रदान करता है। जैविक खाद मिट्टी को आवश्यक पोषक तत्वों से समृद्ध करती है, उसकी संरचना में सुधार करती है, और सूक्ष्मजीवों की गतिविधि को बढ़ाती है। यह लंबे समय तक मिट्टी को उपजाऊ बनाए रखती है।

# हत्या नहीं, सड़क हादसे में हुई थी पूर्व प्रधान के भाई की मौत

**शाह टाइम्स तहसील प्रभारी**

**पूरनपुर।** राजनीतिक षणयंत्र के तहत पूरनपुर क्षेत्र में ब्लॉक प्रमुख पति की छवि को धूमिल करने के लिए रची गई साजिश बेनक़ाब साबित हुई है। प्रथम दृष्टया यह मामला राजनीतिक रंजिश के चलते पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख की छवि खराब करने के उद्देश्य से हत्या का रंग दिया गया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि पूर्व प्रधान के भाई की मौत हत्या नहीं, बल्कि एक सड़क हादसे में हुई थी। वही मौत के बाद परिजनों ने ब्लाक प्रमुख पति और उनके परिजनों पर जमीनी रंजिश के चलते श्री कृष्ण की गाड़ी से कुचलकर हत्या करने का आरोप लगाया था। इसको लेकर परिजनों ने हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर मिलने पर इस मामले में ब्लॉक प्रमुख के पति समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुक. दमा दर्ज किया था। यह हत्या का मुकदमा पुलिस जांच में फर्जी पाया गया है। जिसके बाद पुलिस ने मामले को सड़क हादसे में तरमीम कर दिया है। जानकारी के अनुसार, थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव रम्पुरा फकीरे के रहने वाले पूर्व प्रधान के भाई श्रीकृष्ण पुत्र नंदराम की मौत ब्लाक प्रमुख की स्कार्पियों की टक्कर लगने से हो गई थी।घटना के बाद कुछ लोगों द्वारा इसे हत्या का मामला बताकर ब्लॉक प्रमुख के परिवार पर रंजिश के तहत हत्या के संगीन आरोप लगाए गए थे। स्वजन की तहरीर के आधार पर ब्लाक प्रमुख पति निर्विकार सिंह उर्फ अपूर्व, युद्धवीर सिंह, विचित्र सिंह और अगमवीर सिंह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। इससे क्षेत्र का माहौल गर्म हो गया था और राजनीतिक तनाव भी बढ़ गया था।मामला गंभीर होने पर पुलिस ने घटना की विस्तृत जांच शुरू की।अब तक हुई पुलिस की जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर मामला हत्या का नहीं हादसे का सामने आया हैं। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच कर हत्या के साक्ष्य न मिलने पर उसे सड़क हादसे में तरमीम कर दिया है।हालांकि मृतक के परिजन गांव की विधवा की जमीन को लेकर चल रहीं रंजिश को लेकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। लेकिन पुलिस को रंजिश के चलते हत्या करने के साक्ष्य नहीं मिले हैं। पुलिस जांच में लगाए गए आरोप सत्य नहीं पाए गए। जिसके बाद पुलिस ने मामले को सड़क हादसे में तरमीम कर अंतिम रूप दे दिया है। ब्लॉक प्रमुख के समर्थकों का कहना है कि विरोधियों ने साजिश के तहत बेबुनियाद आरोप लगाकर ब्लॉक प्रमुख को बदनाम करने की को. शिश की, लेकिन सत्य अब सामने आ गया है। पूरनपुर कोतवाल पवन पांडेय ने बताया कि ग्रामीण की मौत के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। लेकिन अब तक हुई जांच में हत्या के कोई साक्ष्य नहीं मिले है।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के क्रम में राम प्रसाद इंटर कॉलेज ब्लॉक मरौरी पीलीभीत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सुवर्णा पांडे द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाते हुए कराई गई। जेंडर स्पेशलिस्ट जयश्री सिंह द्वारा कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 व गुड टच और बैड टच के बारे में बताया गया। विभाग द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1098, 1090, 181, 1076 तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित विधवा पेंशन योजना की संपूर्ण जानकारी दी।साथ ही घरेलू हिंसा, बाल विवाह रोकथाम, लैंगिक समानता, दहेज प्रतिषेध रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन बाल विवाह को जड़ से समाप्त करने के दृढ़ संकल्प के साथ समस्त विद्यालय के स्टाफ द्वारा पौधारोपण करते हुए किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## चोरी हुए 567 मोबाइल बरामद, जीआरपी ने मोबाइल मालिकों को लौटाए

**मथुरा।** आगरा जीआरपी अनुभाग ने मई से नवंबर 2025 के बीच चोरी हुए 567 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटा दिए। इसमें मथुरा जंक्शन से 181 मोबाइल बरामद किये। ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर आए दिन मोबाइल चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। यात्रियों की भीड़ और भागदौड़ के बीच चोर मौका पाते ही मोबाइल गायब कर देते हैं। ऐसे मामलों में जीआरपी की सर्विलांस टीम लगातार काम करती है और चोरी हुए मोबाइल फोन को ढूंढकर उनके असली मालिकों को वापस करने का प्रयास करती है।

**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक (रामपुर नजीबाबाद)
ऑफिस कॉम्प्लेक्स-5 सेक्टर, भूतल
मझोला योजना संख्या-4 भाग-2, मुरादाबाद E-mail:upavemomp@gmail.com

**सर्वसाधारण सूचना**

परिषद की रामपुर योजना संख्या- 01, रामपुर में स्थित मध्यम आय वर्ग भवन संख्या 06 का आवटन कार्यालय के पत्र स0-33 दिनांक- 30.04.1984 के द्वारा श्री अर्जुन देव अग्रवाल पुत्र श्री राम भरोसे अग्रवाल के पक्ष में हुआ है। आवंटी श्री अर्जुन देव अग्रवाल पुत्र श्री राम भरोसे अग्रवाल ने उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक- 03.12.2001 को परिषद से निष्पादित करा लिया गया है। श्री अर्जुन देव अग्रवाल पुत्र श्री राम भरोसे अग्रवाल द्वारा भवन का विक्रय दिनांक-04.03.2009 को श्री सचिन कुमार पुत्र श्री राकेश कुमार जैन के पक्ष में किया गया है। कार्यालय आदेश संख्या - 442 दिनांक- 12.04.2021 के द्वारा उक्त भवन का विक्रय उपरान्त नामान्तरण श्री सचिन कुमार पुत्र श्री राकेश कुमार जैन के पक्ष में किया गया है। श्री सचिन कुमार पुत्र श्री राकेश कुमार जैन की मृत्यु दिनांक- 10.05.2021 को होना सूचित करते हुये, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र के आधार पर उक्त भवन का मृत्यु उपरान्त अन्तरण अपने पक्ष में कराने हेतु श्रीमती सुरभि जैन पत्नी स्व. सचिन कुमार ने अन्तरण सम्बन्धी औपचारिकतायें पूर्ण करते हुये, दिनांक- 02.12.2025 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।
यदि इस अन्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपति है, तो इस सूचना के निर्गमन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपति उचित कारणों/साक्ष्यों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के उपरान्त आपका कोई भी क्लेम/आपत्ति मान्य नही होगी। परिषद नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही की जायेगी।
आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबंधक

**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक (रामपुर नजीबाबाद)
ऑफिस कॉम्प्लेक्स-5 सेक्टर, भूतल
मझोला योजना सख्या-4 भाग-2, मुरादाबाद E-mail:upavemomp@gmail.com

**सर्वसाधारण सूचना**

परिषद की रामपुर योजना संख्या- 02, रामपुर में स्थित मध्यम आय वर्ग भवन संख्या- ए- 244 का आवटन प्रदेशन पत्र संख्या- 1844 दिनांक- 20.08.1992 के द्वारा श्री मोहन अग्रवाल पुत्र श्री छोटे लाल अग्रवाल के पक्ष में हुआ है। आवंटी श्री मोहन अग्रवाल पुत्र श्री छोटे लाल अग्रवाल के द्वारा उक्त भवन का किराया-किश्त-क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध दिनांक- 22.10.1992 को निष्पादित कर दिनांक 22.10.1992 को भौतिक कब्जा भी ले लिया था। श्री मोहन अग्रवाल पुत्र श्री छोटे लाल अग्रवाल ने दिनांक 30.03.1999 को उक्त भवन का विक्रय विलेख परिषद से निष्पादित करा लिया गया है। जो दिनांक 03.04.1999 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय, रामपुर में पंजीकृत है। श्री मोहन अग्रवाल पुत्र श्री छोटे लाल अग्रवाल ने उक्त भवन का विक्रय दिनांक 03.04.1999 को श्री रामऔतार रुहेला पुत्र श्री शिव चरन रुहेला एवं श्रीमती मुन्नी देवी रुहेला पत्नी श्री रामऔतार रुहेला के पक्ष में संयुक्त रूप से किया गया है। श्री रामऔतार रुहेला पुत्र श्री शिव चरन रुहेला एवं श्रीमती मुन्नी देवी रुहेला पत्नी श्री रामऔतार रुहेला ने दिनांक 15.09.2015 को उक्त भवन का उपहार पत्र अपने पुत्र श्री लववीर सिंह रुहेला पुत्र श्री राम अवतार रुहेला एवं पुत्रवधु श्रीमती अनीता रुहेला पत्नी श्री लववीर सिंह रुहेला के पक्ष में किया गया है। श्री लववीर सिंह रुहेला पुत्र श्री राम अवतार रुहेला एवं श्रीमती अनीता रुहेला पत्नी श्री लववीर सिंह रुहेला उक्त भवन का नामान्तरण अपने पक्ष में उपहार उपरान्त अन्तरण सम्बन्धी औपचारिकताये पूर्ण करते हुये दिनांक 27.11.2025 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। यदि इस अन्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपित्त है, तो इस सूचना के निर्गमन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति उचित कारणों/साक्ष्यों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के उपरान्त आपका कोई भी क्लेम/आपत्ति मान्य नहीं होगी। परिषद नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही की जायेगी।
आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबंधक

**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक (रामपुर नजीबाबाद)
ऑफिस कॉम्प्लेक्स-5 सेक्टर, भूतल
मझोला योजना संख्या-4 भाग-2, मुरादाबाद E-mail:upavemomp@gmail.com

**सर्वसाधारण सूचना**

परिषद की रामपुर योजना संख्या- 01, रामपुर में स्थित मध्यम आय वर्ग भवन संख्या- 07 का आवटन कार्यालय के पत्र स0- 35 दिनांक- 30.04.1984 के द्वारा श्री सुधीर कुमार जैन पुत्र श्री निर्मल कुमार जैन हुआ है। कार्यालय आदेश स0- 1039 दिनांक- 19.12.1991 के द्वारा खून के रिश्ते मे उक्त भवन का नामान्तरण उनके भाई श्री योगेश कुमार जैन पुत्र श्री निर्मल कुमार जैन के पक्ष में उक्त भवन का अन्तरण किया गया है। श्री योगेश कुमार जैन ने उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनाक- 01.02.1994 को परिषद से निष्पादित किया गया है। श्री योगेश कुमार जैन के द्वारा उक्त भवन का विक्रय दिनाक- 25.07.2016 को श्री विपुल जैन पुत्र श्री राकेश कुमार जैन के पक्ष में किया गया है। कार्यालय आदेश संख्या-451 दिनांक- 19.04.2021 के द्वारा उक्त भवन का विक्रय उपरान्त नामान्तरण श्री विपुल जैन पुत्र श्री राकेश कुमार जैन के पक्ष मे किया गया है। श्री विपुल जैन पुत्र श्री राकेश कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 04.05.2021 को होना सूचित करते हुए, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र के आधार पर उक्त भवन का मृत्यु उपरान्त अन्तरण अपने पक्ष में कराने हेतु श्रीमती रितु जैन पत्नी स्व. विपुल जैन ने अन्तरण सम्बन्धी औपचारिकतायें पूर्ण करते हुये, दिनांक 02.12.2025 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।
यदि इस अन्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपति है, तो इस सूचना के निर्गमन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपति उचित कारणों।साक्ष्यों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के उपरान्त आपका कोई भी क्लेम/आपति मान्य नही होगी। परिषद नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही की जायेगी।
आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबंधक

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

## खाना लेने के लिए होटल गया था व्यक्ति वापस लौटते समय पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा, परिवार में शोक



मृतक का फाइल फोटो







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बडौत में देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 34 वर्षीय सचिन पुत्र रामकिशन की मौत हो गई। सचिन एक इलेक्ट्रिशियन था और बिजली की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

जानकारी के अनुसार, सचिन रात में खाना लेने के लिए होटल गया था। वापस लौटते समय एक अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सचिन की शादी 12 वर्ष पहले हुई थी और उसके तीन बच्चे हैं। उसके दो भाई भी हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। यह हादसा बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में हुआ। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# एम्बुलेंस के न पहुंचने पर महिला ने रिक्शा में दिया बच्चें को जन्म



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सरकारी एम्बुलेंस के न पहुंचने पर महिला ने रिक्शे में बच्चें को जन्म दिया। एम्बुलेंस के न पहुंचने के चलते परिजन नाराज नजर आये।

रटौल निवासी सादाब की पत्नी फरीन के प्रसव का समय होने पर परिजन उसे अस्पताल ले जाने लगे तो परिजन और कस्बें की आशा नें 102 पर काल कर एम्बुलेंस मंगाने के लिए कहा लगातार काल के बाद जब एम्बुलेंस न पहुंची तो परिजन रिक्शा में लेकर महिला को रटौल सीएचसी पर जाने लगे तो रास्ते में महिला ने बेटे को जन्म दिया जिसके बाद परिजन तुरंत रटौल सीएचसी पर पहुंचे और महिला को ईलाज की अपील की जिसके बाद तुरंत डाक्टरों की टीम और आशा महिला को अस्पताल में लेकर पहुंची और महिला के प्रसव के बाद दिया जाने वाला उपचार दिलाया। एम्बुलेंस के न पहुंचने पर परिजन नाराज नजर आये। परिजनों ने बताया कि बार बार काल करने के बाद भी एम्बुलेंस नही पहुंची और न फोन रिसिव किया गया। उन्होनें कहा कि एम्बुलेंस न आने से ईलाज के अभाव के कारण महिला दर्द से तड़पती रही।

# बागपत से गाजियाबाद के लिए रोडवेज बस शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गाजियाबाद के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू होने से क्षैंत्र में खुशी की लहर है। पांची चौराहे पर विधायक योगेश धामा ने बस को हरी झड़ी दिखा रवाना किया।

पिछले बीस वर्षो से बागपत से गाजियाबाद के लिए को रोडवेज बस सेवा नही थी जिससे क्षैंत्र के लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता था जिस कारण क्षैंत्र के लोग डग्गामार वाहन के सहारे सफर करने को मजबूर थें जिसके बाद क्षैंत्र के लोगो की समस्या को देखते हुए विधायक योगेश धामा के प्रयास से बागपत से गाजियाबाद के लिए रोड़वेज बस सेवा शुरू की गयी जिसका उदधाटन विधायक योगेश धामा ने हरी झड़ी दिखाकर किया। बस के शुरू होने से ढिकोली, पांची, रटौल के लोगो को फायदा होगा। बस सेवा शुरू होने से रटौल और क्षैंत्र के लोगो को जहां जिला मुख्यालय जाना आसान होगा। वही गाजियाबाद के लिए भी सफर आसान होगा। रटौल पहुंचने पर भाजपा नेता मुंतजिर चौधरी ने बस का स्वागत किया। वही सड़क दुर्घटना से भी निजात मिलेगी। डग्गामार वाहन के चलते पिछले बीस वर्षो में सैकड़ो लोगो की मौत हो चुकी है। रोडवेज बस चलते से क्षैंत्र मे खुशी की लहर है।



# छात्र-छात्राओं को किए गए जर्सी व मोजे वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** फुलैरा गांव के नेहरू स्मारक इनटर कालिज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे समाजसेवीयो द्वारा 250 छात्र छात्राओं को उपहार में जर्सी मोजे वितरित किये गये।

नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज फुलैरा ब में आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन में विद्यालय के पुरातन छात्र एवं बिजनेसमैन श्रीपाल ने विद्यालय में लगभग 250 बच्चों को जर्सी और मोजे, जूते वितरित किए व छात्रों को आशीर्वाद दिया एवं जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय के छात्रों को आगे आगे भी मदद एवं पुरस्कार देने एवं विद्यालयमें भौतिक संसाधनों का सहयोग करने का आश्वासन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयभगवान शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यालय में सहयोग करने के लिए उनको धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक महोदय विजयपाल सिंह प्रबंध समिति के अन्य पदाधिकारी गण, सदस्य गण प्रधानाचार्य जयभगवान शर्मा विद्यालय का समस्त स्टाफ छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे ।



## एक नजर

### शौकेंद्र खोखर बदरखा बने राष्ट्रीय खोखर महासभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील के बदरखा छपरौली क्षेत्र निवासी शौकेंद्र खोखर बदरखा को राष्ट्रीय खोखर महासभा भारत की राष्ट्रीय इकाई के संस्थापक एवं प्रबंधक निदेशक सुधीर सिंह खोखर ने राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत किया है। उनके मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रीय इकाई के पदाधिकारीयों फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया है। मेरठ में तेजस्वी बिल्डर कार्यालय पर भी मेरठ पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ है। जनपद में भी उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। बदरका गांव के लोगों ने भी उनका भाव से स्वागत किया है। इस मौके पर शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन द्वारा मुझे दी गई है। मैं उस जिम्मेदारी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए राष्ट्रीय संस्थापक के दिशा निर्देश अनुसार कार्य करने का काम करूंगा। संगठन को गांव-गांव घर-घर पहचाने का कार्य किया जाएगा। जनवरी माह में राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन संगठन द्वारा करने का काम भी किया जाएगा इस मौके पर जनपद बागपत के लोगों ने उन्हें बधाई देकर उनका स्वागत भी किया है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू अम्बावता के कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर भारतीय किसान यूनियन अम्बावता के कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

कलेक्ट्रेट पर पहुंचे भाकियू अम्बावता के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होगा, उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उनकी प्रमुख मांगों में स्मार्ट मीटर योजना को तत्काल प्रभाव से बंद करना और देशभर में जरूरतमंदों का उपचार नि:शुल्क करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, किसानों की सभी समस्याओं का समय पर समाधान करने, मृत व्यक्तियों और विधवाओं की पेंशन समय पर बनाने तथा सुचारू रूप से चालू रखने की मांग की गई। संगठन ने जरूरतमंदों के लिए दिए जा रहे अनाज की कालाबाजारी पर तुरंत रोक लगाने और संपूर्ण भारत में शिक्षा व चिकित्सा को नि:शुल्क करने की भी मांग उठाई। भारतीय किसान यूनियन अम्बावता के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रमन सिंह ने बताया कि किसानों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उनका विरोध प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर ट्रक के टकराने से केंटर चालक घायल



**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वें पर रटौल अन्डरपास के समीप खड़े ट्रक में केंटर की टक्कर होने से केंटर चालक घायल हो गया। फरीदाबाद निवासी केंटर चालक अजय पुत्र नरेश पंजाब के मोहाली से फरीदाबाद केंटर लेकर जा रहा था जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वें रटौल अन्डरपास के समीप पहुंचे तो केंटर साइड़ मे खड़े ट्रक से टकरा गया जिससे केंटर चालक घायल हो गया जिससे नीजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है।

### पीड़ितों ने की एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के खेला गांव निवासी रिंकू ने शुक्रवार को एसपी से शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि दो महीने पहले गांव में हुई हत्या की घटना में उनके साले को स्थानीय राजनीति के चलते झूठा फंसाया जा रहा है। बताया गया कि उनका साला मध्य प्रदेश में बीएसएफ में तैनात है और घटना के समय डयूटी पर था। पीड़ितो के अनुसार, कुछ प्रभावशाली लोग राजनीतिक रंजिश और आपसी वैमनस्य के कारण प्रदीप की छवि खराब करने और उसे अभियुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग गलत बयानबाजी कर पुलिस को गुमराह कर रहे हैं, जबकि उनके पास ऐसे कई साक्ष्य हैं जो प्रदीप की निर्दोषता साबित करते हैं। पीड़ित ने एसपी को बताया कि उनके परिवार की प्रतिष्ठा और प्रदीप के करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते सही जांच नहीं की गई, तो एक निर्दोष व्यक्ति गंभीर मामले में फंस सकता है। उन्होंने एसपी से निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने और उनके साले को न्याय दिलाने की मांग की।

### पीड़ित परिवार ने लगाई एसपी से सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र की एक विधवा महिला ने एसपी से शिकायत कर अपनी और अपने बेटे की जान बचाने तथा कृषि भूमि की सुरक्षा की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि उसके पति पंकज की मृत्यु करीब ढाई वर्ष पूर्व हो चुकी है, जिसके बाद से ग्राम शाहपुर बड़ौली के कुछ दबंग लोग उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। महिला ने शिकायत में बताया कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और गांव के गरीब परिवारों को अक्सर डराते-धमकाते रहते हैं। आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हो चुका है और वह जेल भी जा चुका है। महिला का आरोप है कि आरोपी उसे व्हाट्सएप पर लगातार धमकी भरे संदेश भेजते हैं, जिसमें उसके बेटे की हत्या कर जमीन हड़पने की धमकी दी जाती है। हाल ही में, 30 नवंबर को आरोपियों ने महिला को उसके खेत में बोवाई नहीं करने दी। बोवाई से पहले 15 दिनों के भीतर तीन बार खेत में पानी भर दिया गया, जिससे फसल खराब हो गई। इसके अतिरिक्त, आरोपियों ने सरकारी नाली पर पक्की दीवार बनाकर आधी नाली को अपने खेत में मिला लिया है और उसकी मेढ़ काटकर खेत के पानी का बहाव भी रोक दिया है। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, अपनी जमीन और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

# छात्र से रास्ते में की मारपीट, वीड़ियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां स्कूल जा रहे एक छात्र पर रास्ते में हमला किया गया। मारपीट का पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

घटना बड़ौत कोतवाली इलाके की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक युवक पहले छात्र से गालीगलौज करता है, फिर लगातार उस पर हमला करता है। मौके पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति बीच-बचाव की कोशिश करता नजर आता है, लेकिन आरोपी युवक बार-बार छात्र को पीटता रहता है। जैसे ही मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर फैलने लगा, लोगों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है। आरोपी की पहचान कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि छात्र के साथ दिनदहाड़े इस तरह मारपीट होना चिंता का विषय है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में की गई 55 मरीजों की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में लायंस क्लब चेतना के द्वारा राष्ट्रीय लोकदल के नगर कार्यालय जिन्दल निवास पर आँखों का मासिक नि:शुल्क ऑपरेशन केम्प लगाया गया, जिसमे समाचार लिखने तक 55 मरीजों की जाँच की गई तथा 21 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया, क्लब के सचिव एंव रालोद व्यापारी नेता डा. योगेश जिन्दल ने अवगत कराया। यह केम्प हर महीने की 5 तारीख को लगाया जाता है जिसमे आँखों की मुफ्त जाँच और ऑपरेशन किये जाते हैं, आपरेशन मेडिसिटी हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत मे प्रसिद्ध नेत्र सृजन डा.शस्या तोमर के द्वारा नि:शुल्क किये जाते है, उन्होंने बताया कि अंधता निवारण लायंस क्लब का सबसे बड़ा कार्यक्रम है जिसको दूर करने कि हर मेंबर को शपथ दिलाई जाती है, आगे भी हर महीने कि 5 तारीख को ये केम्प लगते रहेंगे।, जिन्दल ने बताया किलायंस क्लब ये केम्प 4 वर्षो से लगातार लगा रहा है और अब तक करीब 1800 से ज्यादा व्यक्तियों को आँखों के ऑपरेशन कराये जा चुके है, आँखों कि जाँच मेडिसिटी हॉस्पिटल कि टीम अंकुर गुप्ता, फरहिन, नूरबी खुशी, आरजू की टीम के द्वारा किया गया, केम्प मे लायन अंकुर जैन, डा.इरफ़ान मलिक ललित जैन, लायन मनोज गोयल अंकुर जिन्दल, लायन सरिता जिन्दल, लायन पूजा ,जिन्दल लायन रोबिन गोयल, कृष्णा गोयल हर्ष, आदि का विशेष सहयोग रहा।

# चौकी से सौ मी. दूर देसी शराब की दुकान में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा में पाठशाला चौकी से मात्र 100 मीटर दूर स्थित एक देसी शराब की दुकान में चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने दुकान से चार पेटी शराब और कुछ नकदी चुरा ली। इस घटना से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने रात के समय दुकान में सेंध लगाई। उन्होंने शराब की चार पेटियां और कुछ नकदी चोरी की। सबूत मिटाने के लिए चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया। चोरी का पता सुबह उस समय चला जब सेल्समैन दुकान खोलने पहुंचा। उसने दुकान का ताला टूटा देखा और अंदर सामान बिखरा पाया। तत्काल इसकी सूचना स्थानीय लोगों और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की



# डीएम ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के संबंध में बैठक कर संबंधितों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के संबंध में बैठक कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जल्द ही बागपत की सूरत निवेश और नए उद्योगों संग बदलने वाली है। बैठक में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सभी विभागों और बैंक प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में उद्यमियों को निवेश- अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बागपत का विशिष्ट इतिहास, अनूठी भौगोलिक स्थिति, दिल्ली-एनसीआर से निकटता, मजबूत कृषि आधारित अर्थव्यवस्था और उभरते क्लस्टर इसे एक बड़े निवेश केंद्र के रूप में स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जनपद की इन खूबियों को निवेशकों के समक्ष व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत किया जाए, क्योंकि निवेश केवल उद्योग नहीं लाता बल्कि रोजगार, कौशल विकास और समग्र आर्थिक मजबूती का आधार बनता है।

बैठक में सबसे पहले चर्चा बैंकिंग व्यवस्था पर हुई, जहां जिलाधिकारी ने सभी निजी एवं राष्ट्रीयकृत बैंकों में लंबित शिकायतों पर कड़ी नाराज़गी जताते हुए स्पष्ट किया कि निवेशकों व उद्यमियों की कोई भी फाइल अनावश्यक देरी से नहीं रोकी जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी समय पर कार्य नहीं करेगा, उसके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई अपरिहार्य होगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि शासन की प्राथमिकता की योजनाओं से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए, ताकि जनपद के युवा और उद्यमी बिना बाधा अपने व्यवसाय शुरू कर सकें। उन्होंने विभागों को यह भी निर्देश दिया कि निवेशकों के लिए एक बेहतर व्यवस्था विकसित की जाए। हर विभाग अपनी सफलता की कहानियाँ तैयार करे और यह बताए कि उनके सेक्टर में पहले किए गए उद्योगों या प्रोजेक्ट्स ने किस तरह स्थानीय जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए। जिलाधिकारी ने कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, वन, पर्यटन, आबकारी, डेयरी, एनआरएलएम, आईटीआई और पॉलिटेक्निक जैसे विभागों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे अपनी योजनाओं के माध्यम से निवेशकों को किस प्रकार आकर्षित कर सकते है, इसका विस्तृत ब्यौरा तैयार करें। उन्होंने डेयरी, कोल्ड चेन, स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग, ग्रामीण पर्यटन, कृषि उपकरण निर्माण, हेल्थकेयर सेवाओं, और एमएसएमई आधारित उत्पादों के लिए संभावित परियोजनाओं को निवेश साथी पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने लंबित अनुमतियों, फाइलों और विभागीय स्वीकृतियों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि सभी विभाग समयबद्ध और निवेशक-हितैषी दृष्टिकोण के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि बागपत जिले को फास्ट-ट्रैक मोड पर आगे बढ़ाना आवश्यक है, ताकि यहां निवेशकों का विश्वास मजबूत हो और नये उद्योग बिना किसी बाधा के स्थापित हो सकें। बैठक में उपायुक्त उद्योग अर्चना तिवारी सहित बैंकों के अधिकारीगण अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### निवेश से बदलेगी बागपत की सूरत:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि निवेश से बागपत की सूरत बदलेगी। जैसे ही नए उद्योग आएंगे, स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी, किसानों को अपनी उपज के लिए नए बाजार मिलेंगे, डेयरी व कृषि आधारित उद्योग मजबूत होंगे और जिले की अर्थव्यवस्था पहले से कहीं अधिक विकसित और सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि बागपत पहले से ही कृषि और डेयरी में अग्रणी रहा है। यदि इसे उद्योगों और स्टार्टअप्स से जोड़ा जाए तो यह जिला उत्तर प्रदेश के आर्थिक मानचित्र पर एक मजबूत पहचान बना सकता है। जनपद में नई कंपनियों और उद्योगों के आगमन से जिले में लॉजिस्टिक्स, परिवहन, कौशल प्रशिक्षण, होटल- ढाबा- अस्पताल सेवाएं, व्यापारिक गतिविधियां और सहायक उद्योगों की मांग भी तेजी से बढ़ेगी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। निवेशक जब किसी जिले में आता है तो पारदर्शिता और सहयोग सबसे पहले देखता है।

# योगी सरकार बनी बुजुर्गों की ढाल

- ठंड में नहीं कांपेंगे असहाय, बांटे जायेंगे मुफ्त कंबल
- डीएम ने प्रथम चरण में 6185 कंबलों की सप्लाई का दिया आदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कड़ाके की सर्दी और शीतलहर से बेसहारा तथा असहाय बुजुर्गों को बचाने के लिए योगी सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में बरेली के डीएम अविनाश सिंह ने प्रथम चरण में 6185 कंबलों की आपूर्ति का आद.श दिया है। ये कंबल क्षेत्रीय प्रबंधक, हस्तशिल्प विभाग एवं विपणन निगम लिमिटेड को दिए गए हैं।

डीएम ने स्वयं कंबलों का वजन, आकार और ऊन प्रतिशत देखकर उनकी गुणवत्ता की जांच की। इन कंबलों की खरीद जेम पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। प्रत्येक कंबल पर यह अंकित होगा कि यह राजस्व विभाग के सौजन्य से निशुल्क वितरण के लिए है, बिक्री के लिए नहीं। डीएम ने सभी तहस.ीलदारों को निर्देश दिए हैं कि कंबल वितरण में कोई अनियमितता न हो। प्राथमिकता उन स्थानों को दी जाए जहां बुजुर्ग, असहाय और गरीब लोग खुले आसमान में या असुरक्षित परिस्थितियों में रह रहे हैं। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तीन दिन के भीतर कंबलों की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। प्रथम चरण में बरेली सदर को 2000, बहेड़ी को 837, आंवला को 837, नवाबगंज को 837, फरीदपुर को 837 और मीरगंज को 837 कंबल दिए जाएंगे। आगे तहसीलों की मांग के अनुसार कंबलों की आपूर्ति की जाएगी। बुजुर्गों की देखभाल को मजबूत करने के लिए राज्य में एल्डर लाइन हेल्पलाइन 14567 पूरी तरह सक्रिय कर दी गई है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से बुजुर्गों को तत्काल बचाव, परामर्श, कानूनी मदद, ट्रेसिंग और वृद्धाश्रम स्थानांतरण जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। योगी सरकार ने सभी वृद्धाश्रमों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) द्वारा हर 15 दिन में स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य कर दिया है।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें वृद्धाश्रमों में जाकर कैंप लगाती हैं, जहां सभी के स्वास्थ्य का परीक्षण कर निशुल्क उपचार किया जाता है। बुजुर्गों को किसी भी तरह की उपेक्षा या दुर्व्यवहार की स्थिति में अब तुरंत मदद उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त, सभी तहसीलों को अलाव जलाने के लिए पचास-पचास हजार रुपये भेजे जा चुके हैं। समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि जनप्रति. निधियों की उपस्थिति में पात्रों को कंबल वितरित हो, साथ ही वितरण का डिटेल राहत आपदा पोर्टल पर अपडेट किया जाए। उन्होंने बताया कि आपूर्ति करने वाली संस्था ने नमूने के अनुरूप समय पर नहीं की गई, तो भुगतान में कटौती और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। योगी सरकार इसके अलावा बुजुर्गों की देखभाल और ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरे विकसित कर रही है। चौराहों और तिराहों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है। जिससे कि उन्हें ठंड से बचाया जा सके।

# खेत में पड़ा मिला 24 वर्षीय युवक का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** एक 24 वर्षीय युवक का शव खेत में मिला है। परिवार ने उसकी हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस ने अभी तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं किया है और मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, कस्बे के मोहल्ला चौधरी निवासी राम प्रसाद मौर्य का पुत्र मुकेश मौर्य (24) बीती शाम मेला देखने के लिए घर से निकला था। रात करीब नौ बजे उसके भाई ने फोन किया तो मुकेश ने बताया कि वह थोड़ी देर में घर आ रहा है।

सुबह जब किसान अपने खेतों पर गए, तो उन्हें मुकेश का शव पड़ा मिला। एक किसान ने शव की पहचान कर मृतक के परिवार को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना हाफिजगंज पुलिस मौके पर पहुंची। खोजी कुत्तों की एक टीम भी घटनास्थल पर बुलाई गई। हालांकि, काफी जांच-पड़ताल के बाद भी पुलिस या खोजी कुत्ते की टीम किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। पुलिस को मृतक के शरीर पर किसी तरह की चोट या जख्म के निशान नहीं मिले हैं।

दरोगा सतेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि मृतक मुकेश की जल्द ही शादी होने वाली थी।

## एक नजर

# विधानसभा स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का विधायक ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा के गांव अलहैया में युवक कल्याण व प्रांतीय रक्षा दल द्वारा आयोजित इस ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने उदघाटन कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। ग्राम अलहैया के मिनी स्टेडियम में आयोजित इस भव्य विधायक खेल स्पर्धा की सब जूनियर की 100 मीटर दौड़ में फिरोज खां ने पहला जूनियर में रोहित ने पहला सीनियर वर्ग जाहिद खां ने पहला स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ जूनियर में उवैस ने प्रथम और सीनियर वर्ग में साहिल खां ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में सब जूनियर में मुनाजिर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि सीनियर वर्ग में महेन्द्र पाल ने 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर चक्का फेंक पुरुष में आविद खां ने प्रथम, भाला फेंक में महिपाल सिंह यादव ने प्रथम, गोला फेंक में मोबीन खां ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानमंत्री खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत आयोजित इस ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं का विधायक डॉक्टर एमपी आर्य उत्साह वर्धन किया। ग्राम में खेली गई इस प्रतियोगिता में विजई प्रतिभागियों को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राममोहन गंगवार, वरिष्ठ भाजपा नेता टी आर गंगवार, नत्थू लाल आर्य, विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष बाबू राम गंगवार, गन्ना समिति के अध्यक्ष निर्भय गंगवार, रोहित गंगवार, शशि कपूर सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# सचिव ने गन्ना माफिया के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** गन्ना समिति सचिव ने थाना हाफिजगंज में गन्ना माफिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। 3 दिसंबर की रात में समिति सचिव ने पुलिस के सहयोग से उत्तराखंड ले जाए जा रहे गन्ने से भरे ट्राले को पकड़ा था। सचिव ने पकड़े गए गन्ने को फरीदपुर की द्वारिकेश चीनी मिल में तुलवा दिया।

गन्ना समिति की सचिव मेघा जोशी और गन्ना विकास निरीक्षक मणिकांत के मुताबिक 3 दिसंबर को क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम पृथ्वीपुर नवदिया में लगे गन्ना क्रय केंद्र के निकट पुलिया के पास गन्ने से भरा एक ट्राला दिखाई दिया, यह गन्ना दूसरे प्रदेश उत्तराखंड की किसी चीनी मिल को ले जाया जा रहा था। जब गन्ना ले जा रहे विकास पुत्र कुंवर सेन ग्राम पृथ्वीपुर नवदिया से इस मामले में जानकारी की गई तो वह कोई संतोष जनक जानकारी नहीं दे पाया और ट्रैक्टर लेकर भाग गया। समिति सचिव मेघा जोशी ने इसे गन्ना नीतियों के उल्लंघन मानते हुए गन्ना जब्त कर लिया, और उसके खिलाफ थाना हाफिजगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरी ओर पकड़े गए 157 कुंतल गन्ने को समिति सचिव मेघा जोशी ने फरीदपुर की द्वारिकेश चीनी मिल को तुलवा दिया। सचिव द्वारा गन्ना माफिया के खिलाफ की गई इस कार्यवाही से क्षेत्र के गन्ना माफियाओं में खलबली मच गई है। यहां बता दें कि क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल के बन्द होने से क्षेत्र के गन्ना किसान अपना गन्ना औने पौने दामों पर बेचने को मजबूर हैं। इसका फायदा गन्ना माफिया खूब उठा रहे हैं। किसानों से कम दाम में गन्ना खरीदकर ऊंचे दामों पर ले जाकर बेच रहे हैं।

# भाजपा नेता आशीष अग्रवाल पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी में अधिशासी अधिकारी (ईओ) पुष्पेंद्र राठौर और भाजपा नेता आशीष अग्रवाल के बीच चल रहा टकराव अब खुली जंग का रूप ले चुका है।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भेजे गए निर्देशों के बाद भी जांच पूरी न होने से मामला और उलझ गया, और अब ईओ की तहरीर पर भाजपा नेता के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। ईओ पुष्पेंद्र राठौर का आरोप है कि 21 नवंबर की शाम आशीष अग्रवाल दो साथियों के साथ उनके कार्यालय पहुँचे और वहाँ हंगामा, अभद्रता, तथा सरकारी काम में बाधा उत्पन्न की। तहरीर में यह भी कहा गया है कि कार्यालय में बैठे कर्मचारियों के सामने गाली-गलौज की गई और महत्वपूर्ण दस्तावेज फाड़ दिए। ईओ ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें धमकी दी गई, जिससे कार्यालय में असुरक्षा का माहौल बन गया।

### मुख्यमंत्री कार्यालय पहले ही दे चुका था जांच के आदेश

व्यापारी राहुल गुप्ता की दुकान तोड़ने के मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय ने जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को निर्देशित किया गया है कि प्रकरण की निष्पक्ष तथा गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, लेकिन जांच पूरी होने से पहले ही ईओ की ओर से भाजपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराना अब नए सवाल खड़े कर रहा है। भाजपा नेता आशीष अग्रवाल ने इस मुकदमे को पूरी तरह फर्जी और राजनीतिक प्रतिशोध बताया है। उनका कहना है कि व्यापारी राहुल गुप्ता की दुकान पर बिना नोटिस जेसीबी ले जाकर अतिक्रमण हटाने की कोशिश की गई। आरोप है कि कार्यवाही रोकने के एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत माँगी गई, और पैसे न देने पर उनके खिलाफ यह बदला लेने की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि ईओ ने पैसे न दिए तो देख लूँगा जैसी धमकी दी और अब झूठे आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया गया है।भाजपा नेता ने इसे पुराने चुनावी विवादों से जोड़ते हुए मामला भाजपा संगठन मंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की है।

# ब्रेन हेमरेज होने पर स्वरा के ससुर अस्पताल में भर्ती

- स्वरा ने पोस्ट कर ससुर की सेहत के लिया दुआ की, की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर के ससुर बहेड़ी निवासी जिरार अहमद को अचानक ब्रेन हेमरेज की शिकायत होने पर परिजनों ने उन्हें बरेली के हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अस्पताल के न्यूरो विभाग ने उन्हें तुरंत आईसीयू में शिफ्ट किया और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कई घंटे चली जटिल सर्जरी की जो कि सफल रही। डॉक्टरों के अनुसार जिरार अहमद की हालत पहले से बेहतर है।

जिरार अहमद बहेड़ी में रहते हैं और उनकी यहां पर काफी अच्छी पहचान है। उनके बेटे फहद अहमद जो सामाजिक कार्यों और राजनीति से जुड़े हुए हैं, वर्तमान में अपनी पत्नी स्वरा भास्कर के साथ मुंबई में रह रहे हैं। पिता की तबियत खराब होने की सूचना पर वह लगातार अस्पताल के डॉक्टरों के सम्पर्क में हैं। इस बीच स्वरा भास्कर ने सोशल मीडिया पर अपने ससुर की सेहत को लेकर विस्तृत जानकारी भी साझा की है। स्वरा ने पोस्ट में लिखा कि परिवार उनका परिवार इस समय कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है स्वरा ने फैंस, शुभचिंतकों और परिचितों से अपील की है कि वह उनके ससुर के जल्द स्वस्थ होने के लिए दुआ करें। उनकी इस पोस्ट पर बड़ी संख्या में लोग प्रतिक्रियाएँ दे रहे हैं और उनके ससुर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। फिलहाल जिरार अहमद की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और डॉक्टरों को उम्मीद है कि जल्द ही उनकी सेहत में सुधार होगा।

# कमिश्नर की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

- विकास, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर भूपेन्द्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन स्थित सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में चारों जिलों बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के विकास कार्यों, योजनाओं तथा निर्माण परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा में यह सामने आया कि अक्टूबर 2025 में बरेली ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया था, जबकि बदायूं चौदहवें, शाहजहांपुर बाइसवें और पीलीभीत छब्बीसवें स्थान पर रहा। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैंकिंग को बनाए रखने के साथ-साथ इसमें और सुधार के लिए भी ठोस प्रयास किए जाएं। कृषि एवं धान खरीद की समीक्षा में बताया गया कि मण्डल में इस समय तक लक्ष्य के सापेक्ष 40.11 प्रतिशत धान की खरीद हो चुकी है। बरेली ने 56.03 प्रतिशत के साथ सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि बदायूं 49.98 प्रतिशत, शाहजहांपुर 39.20 प्रतिशत और पीलीभीत 31.16 प्रतिशत पर है। किसानों को 96.05 प्रतिशत भुगतान जारी किया जा चुका है। कमिश्नर ने धान खरीद केंद्रों पर बोरों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि मौसम को देखते हुए सभी केंद्रों पर सुरक्षा के उचित प्रबंध अनिवार्य रूप से किए जाएँ। कृषि विभाग की समीक्षा में यह भी बताया गया कि उर्वरक की कहीं कोई कमी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान एम्बुलेंस सेवाओं की पिक-एंड-ड्रॉप स्थिति, टीबी मुक्त भारत अभियान, निक्षय मित्रों की सक्रियता और पोषण पोटली वितरण की प्रगति की जानकारी दी गई। बताया गया कि मण्डल में नियमित टीकाकरण 97.82 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। आकांक्षात्मक विकास खण्डों में स्वास्थ्य पैरामीटर्स पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए।

मुख्यमंत्री कम्पोजिट स्कूल योजना की समीक्षा में बरेली के भैरपुरा और राजपुर में विद्यालय स्थापना हेतु भूमि चयनित होने के बावजूद धनराशि प्राप्त न होने की स्थिति सामने आई। बदायूं के बरसुआ में 35 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शाहजहांपुर के कजरिनुरपुर में 15 प्रतिशत कार्य सम्पन्न है। पीलीभीत के मरौरी और बिलसण्डा में कार्यदायी संस्था यूपीसीडको को धनराशि जारी कर दी गई है, किंतु संस्था द्वारा कार्य आरम्भ नहीं किया गया है। कमिश्नर ने इस पर नाराजगी जताते हुए सभी विभागों को कार्यदायी संस्थाओं से समन्वय बढ़ाने और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा में बताया गया कि 3 दिसंबर तक योजनान्तर्गत 54 प्रतिशत ऋण वितरण हो चुका है। कमिश्नर ने शेष लाभार्थियों को शीघ्र ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। निर्माण कार्यों की समीक्षा में मण्डल की 2 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली सात अनारंभ परियोजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही पूर्ण होकर भी हस्तांतरित न होने वाली परियोजनाओं तथा निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परियोजना में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में डीएम बरेली अविनाश सिंह, अवनीश राय बदायूं, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह शाहजहांपुर, ज्ञानेन्द्र सिंह पीलीभीत, सीडीओ शाहजहांपुर सहित सभी मण्डलीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत सचिवों ने मांगों को लेकर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त बिना कोई संसाधन उपलब्ध कराये अन्य विभागों के कार्य लिये जाने और अव्यवहारिक ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू किये जाने सहित विभिन्न समस्याओं पर प्रभावी निर्णय लिये जाने की मांग को लेकर उ0प्र0 ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिशन ने धरना दिया।



ब्लॉक परिसर में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय ग्राम सचिवों एवं ग्राम विकास अधिकारी ने धरना देते हुए कहा कि मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्य उनसे लिये जाना सरासर गलत है। इसके साथ ही उन्होंने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाने का आदेश वापस लिए जाने की भी मांग की। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा।

# भोजीपुरा एवं बरेली कैंट में बीएलओ ने मतदाता सत्यापन किया पूरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 120 भोजीपुरा और 125 बरेली कैंट में बीएलओ द्वारा 2 दिसंबर 2025 तक अपनी निर्वाचक नामावली में दर्ज सभी मतदाताओं का शत-प्रतिशत सत्यापन पूरा कर लिया गया है। इस उपलब्धि के लिए शुक्रवार को तहसील सदर बरेली के सभागार में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी सुपरवाइजर भी उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान, सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिए गए कि वे अपने अधीनस्थ बीएलओ को एएसडी सूची तैयार करने में सहायता करें। डीएम अविनाश सिंह के निर्देशों के अनुसार, सभी बीएलओ को 8 दिसंबर 2025 तक अपने बूथ के बीएलए के साथ बैठकें करनी होंगी। जिन बूथों पर कार्य समाप्ति की ओर है, उन्हें शीघ्र पूरा करने पर भी जोर दिया गया। सम्मान समारोह में प्रमोद कुमार, उपजिलाधिकारी सदर/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 120 भोजीपुरा, तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुरभि रॉय, अभिषेक तिवारी, आशीष पाल, जगदीश कुमार और विवेक शर्मा उपस्थित रहे। इनके साथ वीआरसी ऋषि कुमार, आशीष दीक्षित, तन्मय अरा.रा और अशोक कुमार भी मौजूद थे। 125 बरेली कैंटोंमेन्ट से गुलाब चन्द्र, अपर नगर मजिस्ट्रेट, प्रथम/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशांक शुक्ला और वीआरसी योगेन्द्र पाल सिंह आजाद भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीएलओ को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विधानसभा 120 भोजीपुरा से सम्मानित होने वाले बीएलओ में हसनैन खां, मो. राशिद, सोमपाल, इन्द्रपाल, नैपाल सिंह, जगतपाल, राजीव कुमार, मुकेश शर्मा, ओमप्रकाश, प्रवेन्द्र सिंह, धारा सिंह, कुलदीप कुमार, भुवनेश कुमार गंगवार, अब्दाल हुसैन, संजीव कुमार, मिथलेश, मुकेश बाबू, पुष्पेन्द्र कुमार, धीरज गंगवार, विभूति कृष्ण, गुड्डू, रोचना मिश्रा, वर्तिका रानी, नरेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, प्रवेश कुमार, महेन्द्र पाल, सोहन सिंह, खुशबू, मुकेश, मनोहर लाल, फरयाद खां, भूरे खां, नितिश गंगवार, गौरव त्रिपाठी, सत्यपाल, नरेश प्रताप सिंह और अर्जुन सिंह शामिल थे। विधानसभा 125 बरेली कैंटोंमेन्ट से सुरभि, राहुल पाण्डेय, विक्रम सिंह और रेनू शंखधार को सम्मानित किया गया।

# जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम सख्त

- लापरवाह अधिकारियों का वेतन रोका, कई से स्पष्टीकरण तलब, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर दिया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को पारदर्शी, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए डीएम अविनाश सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है। नवम्बर माह की समीक्षा में पाया गया कि कई अधिकारी शिकायतों के समाधान में न तो आवश्यक गंभीरता दिखा रहे हैं और न ही अपेक्षित गुणवत्ता। इस पर डीएम ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों का वेतन आस्थगित करने के आदेश जारी किए हैं।

जिन अधिकारियों का वेतन रोका गया है, उनमें खण्ड विकास अधिकारी भोजीपुरा, खंड शिक्षा अधिकारी आलमपुर जाफराबाद, सहायक विकास अधिकारी बहेड़ी, पशु चिकित्सा अधिकारी नवाबगंज तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शामिल हैं। शासन स्तर से प्राप्त फीडबैक में शिकायतकर्ताओं द्वारा असंतोष जताए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। डीएम ने कहा कि यह स्पष्ट है कि इन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण न तो समयबद्ध था और न ही संतोषजनक। इसी क्रम में डीएम ने उन अधिकारियों पर भी नाराजगी जाहिर की है, जिनका फीडबैक स्कोर 40 से 60 प्रतिशत के बीच पाया गया है। इनमें सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, जिला आबकारी अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहेड़ी, परियोजना अधिकारी नेडा, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, प्रभारी चिकित्साधिकारी रामनगर और जिला क्षय रोग अधिकारी शामिल हैं। इन सभी से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। डीएम ने कहा कि जनसुनवाई पोर्टल शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। किसी भी अधिकारी द्वारा औपचारिकता पूर्ण रवैया अपनाना या लापरवाही बरतना बिल्कुल स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध करें, शिकायतकर्ताओं से संपर्क स्थापित कर संतोषजनक फीडबैक प्राप्त करें, और सुधारात्मक कदम तत्काल प्रभाव से लागू करें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ अधिकारियों के कार्यों की नियमित समीक्षा करें, ताकि जनसुनवाई प्रणाली के माध्यम से जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके।

# महिला कल्याण मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा

- बरेली मंडल में लंबित प्रकरण निपटाने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्य की अध्यक्षता में शुक्रवार को बरेली मंडल के समस्त जनपदों की विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में संपन्न हुई।

बैठक से पूर्व मंत्री ने गर्भवती महिलाओं लक्ष्मी देवी, आरती, स्वाति, नीरज और राजदा की गोदभराई की रस्म पूरी की। इसके साथ ही नन्हे शिशुओं हर्षिता पटेल, मिष्ठी, आराध्या, अर्थव और सिया का अन्नप्राशन भी कराया गया। समीक्षा बैठक में मंत्री ने सर्वप्रथम कन्या सुमंगला योजना की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध ढंग से निस्तारित किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित न रहे और अपात्र व्यक्तियों को लाभ न मिले। मंत्री ने विधवा पेंशन योजना में कुछ स्थानों पर अपात्रों को लाभ मिलने की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए। जिला प्रोबेशन अधिकारियों को निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि जहां संप्रेक्षण गृह संचा. लित हैं, वहां बच्चों की सुरक्षा, भोजन, स्वच्छता और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने संप्रेक्षण गृहों में रह रहे बच्चों को प्रतिदिन प्रार्थना एवं सुविचार सुनाने के भी निर्देश दिए, ताकि उनमें सकारात्मक आदतें विकसित हों। इन संस्थानों की नियमित निगरानी कर रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश भी दिए गए।

मंत्री ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि मंडल के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में स्थापित पोषण वाटिकाओं के पास बच्चों के मनोरंजन के लिए आकर्षक पेंटिंग कराई जाएं। साथ ही, टीवी आदि की व्यवस्था की जाए जिस पर बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों, शैक्षिक चौनलों और प्रेरणादायक सामग्री का प्रसारण हो, जिससे बच्चों में सीखने की रुचि बढ़े।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिए जा रहे स्मार्टफोनों की गुणवत्ता पर भी विशेष जोर दिया। मंत्री ने कहा कि उपकरण उच्च गुणवत्ता के होने चाहिए और आपूर्ति में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन लाभार्थियों को पोषण आहार योजना के अंतर्गत लाभ दिया जाए, उनकी जानकारी पोषण ट्रैकर पर भी अनिवार्य रूप से फीड की जाए। मंत्री ने कहा कि सैम और मैम बच्चों के चिन्हांकन में मण्डल की प्रगति अभी अपेक्षित स्तर पर नहीं है, जिसे सुधारने की आवश्यकता है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारीगण सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त के उपरांत मंत्री द्वारा राजकीय महिलाओं शरणालय का भी निरीक्षण किया।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि एसएसपी आदेश पर अपराध की रोकथाम को लेकर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत शुक्रवार को उनकी पुलिस टीम ने गस्त के दौरान मनकरा ट्यूबवेल के पास एक सन्दिग्ध व्यक्ति को देख उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह पुलिस से बचकर भागने लगा। हालांकि पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया।

पुलिस के पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम जलीश निवासी कंचनकुआ शीशगढ़ बताया। पुलिस द्वारा जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद कर अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## ओवरलोड वाहन के विद्युत लाइन में टकराने पर लोगों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** गन्ने के ओवरलोड वाहनों से गुरुवार को विद्युत लाइन में टकराने से विद्युत तारों में चिंगारी से हुए फाल्ट के कारण मोहल्ले में लोगों के विद्युत उपकरण फुंक गए। गुस्साए लोगों ने ओवरलोड गन्ने के ट्रक को रोक कर घंटे तक जमकर हंगामा किया। जिससे दोनों और वाहनों की लंबी लाइन लगने से जाम लग गया। पीड़ित सभासद मुकेश सैनी, व भाजपा नेता मोनू देवपाल, हरीश भाटी, राजकुमार, परशुराम, फैजान फरीदी, शैकी पाल आदि ने नगर पंचायत एवं थाने में तहरीर देकर कहा कि ओवरलोड गन्ने के वाहनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और प्रतिबंध लगना चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर के खतौली मन्दवाड़ी मार्ग होली चौक पर शुक्रवार को मन्दवाड़ी गांव में मवाना शुगर मिल का गना सेंटर है वहां से गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक विद्युत लाइन से टकराने पर उपभोक्ताओं के मकानों पर लगे मीटर व केबिल उखड़ गए और विद्युत तारों में चिंगारी उठने से लोगों के विद्युत उपकरण फुंक गए। विद्युत तारों में गन्ने का ट्रक फंसा रहा जिसे जेसीबी मशीन से विद्युत तारों को हटाया गया तब जाकर वाहनों का संचालन शुरू हुआ। लोगों ने गन्ने के ओवरलोड ट्रकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए नगर पंचायत एवं थाना पुलिस को तहरीर दी है। इस दौरान सहकारी समिति के चेयरमैन तनजैब चौधरी, राजकुमार, रोहतास सैनी, राजेश मिस्त्री, हरीश, रणबीर, ऋषिपाल, योगिंदर, भोपाल चौधरी, विकास, राहुल आदि मौजूद रहे।



# गोदाम में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर स्वाहा

### पीड़ित ने दो नामजद व एक अज्ञात युवक पर आग लगाने की दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में शुक्रवार की सुबह सवेरे पायदान व कपड़ों के गोदाम में अचानक आग लग गई जिससे लगभग पांच लाख रुपए की कीमत के पायदान व गर्म कपड़े जलकर राख हो गए, साथ ही जरूरी कागजात भी जल गए। आलमगीर पुत्र जुबैर ने बताया कि कस्बे में बंदा कॉलोनी में उसका कपड़े व पायदान का गोदाम है गोदाम के ऊपरी हिस्से में मकान है जिसमें वो परिवार सहित रहता है। आलमगीर ने बताया कि शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे वो मकान से नीचे उतरकर आया तो उसके गोदाम में आग लग रही थी जिसे देखकर वो बदहवास हो गया। आलमगीर ने आरोप लगाया कि जिस समय उसके गोदाम में आग लग रही थी तब वहां कस्बे के ही रहने वाले सुहैल पुत्र शाहनवाज, शाहनवाज पुत्र जाबिर व एक अन्य युवक गोदाम के पास ही खड़े थे। आरोप है कि तीनों युवक उसे देखकर घबरा गए ओर वहां से भाग गए। पीड़ित ने किसी तरह पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लगभग 5 लाख रुपए की कीमत के पायदान गर्म कपड़े व जरूरी दस्तावेज जलकर राख हो गए। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पीड़ित युवक ने लावड़ चौकी पहुंचकर शाहनवाज, सुहैल व एक अज्ञात के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की।




#### पीड़ित के भाई की हो चुकी है हत्या, फैसले के दबाव में आग लगाने का आरोप

आलमगीर ने शुक्रवार को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पूर्व में उसके भाई उमैर की कस्बे के ही रहने वाले दो युवकों ने हत्या कर दी थी जिसमें दोनों युवक जेल जा चुके हैं उसने आरोप लगाया कि हत्यारोपियों के परिजनों द्वारा उन पर फैसले का दबाव बनाया जा रहा है इसी के चलते आरोपियों ने उसके गोदाम में आग लगाई गई है।

## राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर के खिलाफ लोकायुक्त के समक्ष परिवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मेरठ दक्षिण से विधायक और यूपी के ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर तथा उनकी पत्नी की वर्ष 2017 से 2022 के बीच उनकी संपत्ति के उनकी आय से तीन गुना बढ़ने के आरोपों के संबंध में यूपी के लोकायुक्त को परिवाद प्रस्तुत किया है।



अपने परिवाद में उन्होंने कहा कि सोमेंद्र तोमर द्वारा वर्ष 2017 और 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए दाखिल शपथ पत्रों के अनुसार इस अवधि में सोमेंद्र तोमर की कुल आय रुपये 43 लाख और उनकी पत्नी की कुल आय रुपये 29 लाख अंकित है। इस प्रकार इस अवधि में उन दोनों की कुल आय 72 लाख रुपए है। इसके विपरीत इस 5 वर्ष की अवधि में सोमेंद्र तोमर की कुल चल और अचल संपत्ति की वृद्धि 1.85 करोड़ और उनकी पत्नी की चल और अचल संपत्ति की कुल वृद्धि 28 लाख रुपए दिखती है, अर्थात इस अवधि में उन दोनों के कुल संपत्ति की वृद्धि 2.13 करोड़ दिखती है, जो उनकी कुल आय से लगभग तीन गुना जान पड़ती है। अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि सोमेंद्र तोमर से जुड़े शांति निकेतन ट्रस्ट, विनायक एजुकेशनल ट्रस्ट, नीलकंठ एजुकेशनल ट्रस्ट और साईं एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा विगत वर्षों में काफी संपत्ति खरीदे जाने के तथ्य भी सामने आए हैं, जिसके संबंध में भी उन्होंने जांच की मांग की है। साथ ही उन्होंने शांति निकेतन ट्रस्ट द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों से भूमि क्रय किए जाने के प्रकरण में तमाम गंभीर अनियमिताओं के संबंध में भी जांच की मांग की है।

## किठौर थाने में हुआ क्यूआरसीएस ड्रिल का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 108 बटालियन ने किठौर पुलिस थाने में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता प्रणाली QRCS ड्रिल का आयोजन किया।

इस अभ्यास का उद्देश्य दंगे जैसी आपात स्थिति में आरएएफ के पहुंचने के समय का आकलन करना था। ड्रिल के दौरान, सुभारती विश्वविद्यालय के सामने स्थित आरएएफ मुख्यालय से किठौर थाने तक पहुंचने में कंपनी को 1 घंटा 20 मिनट का समय लगा। यह ड्रिल आरएएफ 108 बटालियन के कमांडेंट धन सिंह बिष्ट के निर्देश पर की गई। इसका मुख्य उद्देश्य यह जांचना था कि पुलिस के बुलाने पर आरएएफ कम से कम समय में घटनास्थल पर पहुंचकर दंगे को कितनी जल्दी नियंत्रित कर सकती है। सहायक कमांडेंट गोपाल राम राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, निरीक्षक पाल सिंह, निरीक्षक बलविंदर सिंह और निरीक्षक पवन सिंह सहित ए-108 आरएएफ कंपनी के जवान इस ड्रिल के लिए किठौर थाने पहुंचे और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। अभ्यास के बाद, सहायक कमांडेंट गोपाल राम और थाना प्रभारी प्रताप सिंह की उपस्थिति में ए-108 कंपनी आरएएफ और स्थानीय पुलिस बल ने आसपास के इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान टीम ने इलाके की स्थिति का जायजा लिया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए।

## शोभित में आईटी उद्योग उन्मुख नवाचार पर विशेषज्ञ आशीष अग्रवाल का प्रेरक व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, में शुक्रवार को शैक्षणिक सीख को उद्योग-उपयोगी नवाचार में रूपांतरित करना विषय पर एक प्रेरक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इंस्टिट्यूशन इनावेशन काउंसिल IIC के तहत आयोजित हुआ।

जिसमें छात्रों शोधार्थियों और शिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मुख्य वक्ता आशीष अग्रवाल, सीनियर टेक्निकल आर्किटेक्ट, ION ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। फिनटेक, हाई-फ्रीक्वेंसी ट्रेडिंग और बड़े तकनीकी प्लेटफॉर्मर्स के विकास में दो दशक से अधिक अनुभव रखने वाले आशीष अग्रवाल ने छात्रों को बताया कि उद्योग वास्तविक समस्याओं को कैसे देखता है और नवाचार तभी सफल होता है जब वह उपयोगी और व्यवहारिक समाधान दे सके। उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि कक्षाओं में सीखे गए सिद्धांत तब और प्रभावी बनते हैं जब उन्हें उद्योग की परिस्थितियों के अनुसार ढाला जाए। उन्होंने टीमवर्क, संचार कौशल, समस्या की पहचान, और निर्णय क्षमता को करियर प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उदाहरणों, केस स्टडी और वास्तविक तकनीकी चुनौतियों के माध्यम से उन्होंने छात्रें को उद्योग की कार्यशैली से अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार त्यागी ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे व्याख्यान छात्रों को भविष्य की जरूरतों को समझने में मदद करते हैं और उनकी तकनीकी सोच को और परिष्कृत करते हैं। विभाग के निदेशक डॉ. संदीप कुमार ने स्वागत भाषण में तकनीकी शिक्षा में नवाचार की अहमियत पर प्रकाश डाला। प्रो. डॉ. ममता बंसल ने कहा कि उद्योग विशेषज्ञों से संवाद छात्रों की दृष्टि को व्यापक बनाता है और उन्हें प्रैक्टिकल सोच विकसित करने में सहायता करता है। कार्यक्रम के संचालन में फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. सुरभि सरोहा का सराहनीय योगदान रहा। छात्र समन्वयन भोला और सैफ ने संभाला, जबकि मंच संचालन कमल कांत पांडे और सुश्री माहि ने प्रभावी रूप से किया। व्याख्यान के दौरान छात्रों ने तकनीकी करियर से जुड़े कई प्रश्न पूछे।

# सड़क से लेकर सदन तक मिली अतुल प्रधान को जन्मदिन की बधाई

### दिव्यांगों को बांटी ट्राइसाइकिल, गरीबों को मिले कम्बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के सरधना विधायक अतुल प्रधान के जन्म दिवस पर उनके समर्थकों का जमावड़ा पूरे दिन उनके आवास पर रहा। सरधना विधानसभा क्षेत्र से अलग गांव से और गैर जनपदों से भी लोगों की भीड़ सरधना विधायक अतुल प्रधान के आवास पर पहुंची जहां पर लगभग हर मिनट उनके जन्म दिवस पर केक काटा गया दूर-ड्रा से आने वाले लोग अपने साथ केक ला रहे थे और अपनी शुभकामनाओं से अतुल प्रधान को आशीर्वाद भी दे रहे थे।



इस दौरान सरधना विधायक अतुल प्रधान के जन्म दिवस की धूम सड़क से लेकर सदन तक दिखाई दी उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने भी अतुल प्रधान को जन्म दिवस की मुबारकबाद दी उन्होंने यूपी विधानसभा के सोशल मीडिया अकाउंट से भी अतुल प्रधान के लिए एक पोस्ट डाली। जिसमें उन्होंने अतुल प्रधान को जन्मदिन की मुबारकबाद दी। शुक्रवार के दिन अतुल प्रधान का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। उनके समर्थको ने एक के बाद एक केक काटे । वहीं अतुल प्रधान ने भी सभी लोगों का आभार जताया और कहा कि जो प्यार जनता ने उन्हें दिया है उसके आभारी हैं। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी भी उनके साथ मौजूद रहे।

#### विकलांगों को मिली ट्राई साइकिल

अतुल प्रधान के जन्म दिवस के अवसर पर उन्होंने जहां अपने समर्थकों का आभार जताया और जनता से हर सुख दुख में साथ रहने का वादा किय वहीं उन्होंने इस दिन को उस समय और खास बना दिया जब उन्होंने अपने जन्म दिवस के अवसर पर दिव्यांगों को ट्राई साइकिल बांटी। उन्होंने कई दर्जन ट्राई साइकिल दिव्यांगों को दी। कुछ आवास पर वितरित हुई कुछ लावड़ बांटी गई ताकि वे अपनी जिंदगी को बेहतर गुजर बसर कर सके। वहीं सर्दी का मौसम देखते हुए अतुल प्रधान ने सर्दी से परेशान लोगों को कंबल वितरित किया ताकि उन्हें सर्दी से राहत मिल सके, साथ ही साथ उन्होंने अपने आवास पर आने वाले गरीबों को मिष्ठान वितरित करने के साथ अनगिनत लोगों को आर्थिक सहायता भी दी।

#### कई बार बड़ा दिल दिखा चुके अतुल प्रधान

समाजवादी पार्टी में अतुल प्रधान को एक दबंग और जुझारू नेता माना जाता है। वह लगातार दो बार विधानसभा हारे लेकिन उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी और तीसरी बार उन्होंने भाजपा के फायर ब्रांड नेता के नाम से जाने वाले संगीत सोम को धूल चटाई। अतुल प्रधान अक्सर अपनी दरिया दिली के लिए भी जाने जाते हैं




राह चलते लोगों से मिलना उनकी आदत है वहीं बीती दिवाली पर भी जब भी सड़क पर एक ठेले वाले का सामान गिरा देखा था तो अतुल प्रधान अपनी कार से निकाल कर आए थे और उस ठेले वाले का सामान अपने हाथों से ठेले में भरा था और उस ठेले वालों को आर्थिक सहायता दी थी ताकि वह भी अपने घर दिवाली बना सके। अतुल प्रधान के ऐसे कई किस्से क्षेत्र में मशहूर है जिससे लोगों में उनकी छवि दरिया दिली वाली भी है। और भी चर्चाए अतुल की सरधना की जनता के बीच बनीं रहती हैं।

## जैन पंचायती मंदिर समिति के चुनाव एक माह में, डिप्टी रजिस्ट्रार ने दिए आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स कार्यालय मेरठ ने दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर समिति, आनंदपुरी के लंबे समय से लंबित चल रहे प्रबंधन विवाद पर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। समिति का पंजीकरण वर्ष 1990 में हुआ था और इसकी प्रबंध समिति का कार्यकाल 3 वर्ष निर्धारित है, लेकिन वर्ष 2013 के बाद आज तक नियमित चुनाव नहीं हो पाए। इस दौरान दो अलग अलग पक्षों द्वारा अलग-अलग चुनाव कराए जाने की सूचनाएं कार्यालय को मिली थीं। जिससे विवाद उत्पन्न हो गया। मामला उच्च न्यायालय तक पहुंचा और निर्देशों के बाद भी 2013 के बाद कोई विधिवत चुनाव नहीं कराया गया।

- 1990 में हुआ था समिति का पंजीकरण
- 2013 के बाद अभी तक नहीं हुए हैं चुनाव
- डिप्टी रजिस्ट्रार के फैसले का समिति के सदस्यों ने किया स्वागत

डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा उपलब्ध अभिलेखों और दोनों पक्षों के बयान का परीक्षण करने पर यह स्पष्ट हुआ कि वर्ष 2013 में नामित निर्वाचन अधिकारी ने राजीव कुमार जैन को मंत्री घोषित किया था और उसके बाद कोई चुनाव मान्य रूप से नहीं हुआ। इसलिए वर्तमान समिति को कालातीत मानते हुए सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट की धारा 25(2) के अंतर्गत नए चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। आदेश के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया है, जो एक माह के भीतर उपनियमों के अनुसार चुनाव कराएंगे। चुनाव के खर्च का वहन समिति करेगी और चुनाव संपन्न होने तक समिति के दैनिक खर्चों के अलावा अन्य खर्चों पर रोक रहेगी। नया प्रबंधन चुने जाने के बाद नवीनीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। डिप्टी रजिस्ट्रार के फैसले का स्वागत किया गया है। बतादें कि चुनाव प्रक्रिया होते रहना चाहिये इससे समिति को बल मिलेगा।

# सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक खेलकूद दिवस सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छीपी टैंक स्थित सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद एवं पी.टी. प्रदर्शन दिवस आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अविनाश चंद और गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. प्रो. एस.पी. सिंह रहे। प्रधानाचार्या ए. डीन ने अतिथियों का स्वागत किया।





कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना, खेल ध्वज फहराने और मार्च पास्ट से हुई। नन्हे बच्चों ने 'सियोल स्टेप्स' पर आकर्षक प्रस्तुति दी। पहली कक्षा के बच्चों ने 'स्वे एंड स्वेट' के जरिए फिटनेस का संदेश दिया। 'डांडिया' और 'रोगीन धारा' के माध्यम से गुजरात और बंगाल की झलक दिखाई गई। व्हील्स ऑफ फायर में स्केटिंग का प्रदर्शन विशेष आकर्षण रहा। प्राइड ऑफ इंडिया में विद्यार्थियों ने एकता, अनुशासन और आत्म विश्वास का संदेश दिया। ईस्टर्न वॉरियर्स में नागालैंड का लोकनृत्य और भांगड़ा प्रस्तुत किया गया। दौड़ प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन रिट्रीट मार्च पास्ट और धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में पी.टी.आई. और वाइट हाउस कमेटी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान सेंट जेम्स स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह, सेंट जॉन्स स्कूल की प्रधानाचार्य सीमोना जैन व ऑल सेंट स्कूल की प्रधानाचार्य डोली ऑगस्टीन आदि उपस्थित रहे।

## प्रांतीय रक्षक दल ने मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रांतीय रक्षक दल पीआरडी 11 दिसंबर 1948 में स्थापित हुई थी इसी कड़ी में पीआरडी के कर्मियों ने भंडारे का आयोजन किया। सबसे पहले उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके बाद हलवे का वितरण हुआ। कार्यक्रम में पीआरडी की महिला छाया व रूबी व युवा वर्ग मौजूद रहा। पीआरडी के नरेश कुमार ने बताया कि प्रांतीय रक्षक दल को 77 वर्ष पूरे हो गए हैं इसी उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया है।



# सीसीएसयू में साइबर सुरक्षा कोर्स पर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

### कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कहा, छात्रों की डिजिटल सुरक्षा सर्वोपरि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, में साइबर सिक्योरिटी के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सफलता पूर्वक आयोजित की गई। इस बैठक में C3iHub IIT कानपुर तथा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की सात-सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने भाग लिया।



यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा स्वीकृत साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम को विश्व विद्यालयों और उनके सम्बद्ध महाविद्यालयों में लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय से संबद्ध सैकड़ों कॉलेजों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम से शामिल हुए। बैठक की शुरुआत डॉ. सचिन कुमार, कार्यक्रम समन्वयक, द्वारा सभी अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही का संचालन किया और प्रो. भूपेंद्र सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता और प्रो. हरे कृष्ण, आईक्यूएसी समन्वयक ने इस राज्य-स्तरीय पहल के विभिन्न तकनीकी एवं शैक्षणिक पहलुओं पर सारगर्भित विचार विमर्श की शुरुआत की। इसके अतिरिक्त परिसर के प्रमुख अधिकारी एवं संकाय सदस्य प्रो. बीरपाल सिंह, डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, प्रो. जितेन्द्र सिंह, प्रोफेसर के.के. शर्मा, डॉ. नीरज सिंघल, डॉ. विवेक त्यागी, डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. मानव बंसल, प्रो. निवेदिता, प्रो. एम के यादव, प्रो हिमांशु शर्मा, मितेंद्र गुप्ता, इंजी प्रवीण पंवार उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षक, विद्यार्थियों, किशोरों तथा महिलाओं में स्मार्टफोन व इंटरनेट उपयोग अत्यधिक बढ़ गया है, जिससे डिजिटल फ्रॉड, साइबरबुलिंग, फेक लिंक और बैंकिंग धोखाधड़ी जैसे खतरे भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार सिखाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि इस पहल से छात्रों को रोजगार, प्रशिक्षण एवं स्टार्टअप अवसरों का नया आयाम मिलेगा। बैठक में C3iHub की सीईओ डॉ. तनीमा हाजरा, सीएसओ डॉ. आनंद हांडा, वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक सुश्री नेहा श्रीवास्तव, उप परियोजना प्रबंधक डॉ. पल्लवी देते और गौरव त्रिपाठी, तथा सीएसजेएमयू, कानपुर के प्रो. आर. के. द्विवेदी एवं शैलेंद्र यादव ने सहभागिता की। टीम ने साइबर सिक्योरिटी कोर्स की संरचना, एलएमएस पहुंच, प्रशिक्षण प्रक्रिया, छात्र पंजीकरण, जिला एवं महाविद्यालय समन्वयकों की नियुक्ति तथा क्रियान्वयन रणनीति पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

## प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड को अनिवार्य रूप से लागू करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन लोकहित के कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि प्रदेश के सभी प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। जिससे सभी गरीबों का इलाज मुफ्त में हो सके। उन्होंने कहा कि आयुष्मान के कारण कुछ लोग अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं ऑपरेशन के समय उनसे आयुष्मान को लागू न करने की बात की जा रही है जिससे गरीब वर्ग परेशान है। उन्होंने पूरे प्रदेश में गांव-गांव पानी की पाइपलाइन डालने व रास्तों को तोड़ने का भी विरोध किया है। उन्होंने आवारा गोवंश से किसानों की फसल को नुकसान पहुंचने के मामले में कहा कि आवारा गोवंश को पकड़कर गौशाला में भिजवाया जाए जिससे किसान आवारा गोवंशु का शिकार न हो। उन्होंने गन्ना फैक्ट्री में लगे ट्रकों की जांच की भी मांग की है। जिनका परमिट समाप्त हो चुका है।

## चौधरी बशीर खां इंटर कॉलेज में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया संस्थापक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** शुक्रवार को चौधरी बशीर खां इंटर कॉलेज हर्रा में संस्थापक दिवस बड़े ही श्रद्धापूर्ण और गरिमामयी माहौल में मनाया गया। कॉलेज के संस्थापक चौधरी बशीर खां के जन्मदिवस पर आयोजित इस समारोह में उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने शिक्षा के प्रति उनके योगदान को याद किया।

कार्यक्रम के तहत कॉलेज परिसर में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और ऊर्जा स्पष्ट झलक रही थी। समारोह की विशेष उपलब्धि यह रही कि कॉलेज के पूर्व छात्रों का भारतीय सेना में चयन होने पर उन्हें मंच पर बुलाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। इस सम्मान के पल ने न केवल उपस्थित पूर्व छात्रों को गौरवान्वित किया, बल्कि पूरे कॉलेज परिवार में गर्व और उत्साह की भावना भर दी। प्रबंधक कुंवर मोहम्मद अली और प्रधानाचार्य अकील अहमद ने संस्थापक चौधरी बशीर खां के जीवन दर्शन, संघर्षों और शिक्षा क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने शिक्षा को गांव-देहात तक पहुंचाने का जो सपना देखा था, कॉलेज आज भी उसी मार्ग पर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। समारोह में कस्बा हर्रा सहित आसपास के क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक, विद्यालय स्टाफ और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने चौधरी साहब की स्मृति को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



संस्थापक दिवस में अध्यापकगण के साथ छात्राएं।

# डीएम ने शिशु सदन एवं बापू मॉल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने शिशु सदन एवं बापू मॉल का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान शिशु सदन में रंगाई-पुताई एवं अन्य सुधारात्मक कार्यों का स्टीमेट तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिशु सदन के निकट स्थित खाली भूमि पर इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाए तथा हाईमास्ट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे रात्रि में सुरक्षा एवं प्रकाश व्यवस्था सुचारू रहे। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद रामपुर को निर्देशित किया कि शिशु सदन की दीवार से सटी खाली भूमि पर वैंडिंग जोन विकसित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किले कि दीवारों पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से सौंदईकरण का कार्य कराए जाने के भी निर्देश दिए। साथ ही अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा लगाए गए होर्डिंग और विज्ञापन बोर्ड को हटाते हुए संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किया जाए।

बापू मॉल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मॉल परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रकाश व्यवस्था सुधारने हेतु भी अधिशासी अधिकारी द्धईओ्रऋ को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बापू मॉल में स्थित दुकानों के आवंटन के लिए कम धनराशि पर प्रस्ताव बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जाए, ताकि दुकानों का आवंटन शीघ्रता से हो सके।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बापू मॉल गेट के बाहर रेहड़ी-पटरी व्यापारियों हेतु फूड़ मोबाइल यूनिट भी लगाए जाए, जिससे आजीविका संवर्धन को बढ़ावा मिल सके। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम, जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या उपस्थित रहीं।

# पानी के धोके में पिया तेजाब, हालत गंभीर जिला अस्पताल मे भर्ती, परिवार में मची खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के मोहल्ला भूवरा मे दो युवकों ने शराब मे पानी के धोके मे मिला कर तेजाब पी लिया जिससे एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया गया है कि नगर के मोहल्ला भूवरा निवासी प्रदीप पुत्र नरेश के घर पर लड़के ने जन्म लिया है जिसकी बृहस्पतिवार की रात को बाहरी निकाली गई।

इसी खुशी के मौके पर शुक्रवार की सुबह प्रदीप अपने रिश्तेदार संदीप पुत्र जय पाल के साथ घर पर नाश्ता कर रहे थे कि प्रदीप ने पड़ोस की ही दुकान से पानी की बोतल खरीदी उस समय दुकान पर महिला बैठी थी महिला ने पानी की बोतल समझकर प्रदीप को तेजाब की बोतल दे दी। प्रदीप व संदीप ने भी पानी समझकर तेजाब को शराब मे मिला पीने लगे प्रदीप को कड़वाहट लगी प्रदीप ने तुरंत उल्टी कर लेकिन तब तक संदीप पुरा गिलास पी चुका था।



संदीप की तेजाब पीते ही हालत बिगड़ने लगी संदीप की हालत बिगड़ती देख परिवार मे कोहराम मच गया तुरन्त नगर के एक प्राइवेट अस्पताल मे भर्ती कराया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई हालत मे सुधार न होने पर संदीप को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया है।

# विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में बीएलओ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा की गई कड़ी मेहनत सराहनीय है और वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक 96।5 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाईजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो सभी बीएलओ एवं निर्वाचन कार्मिकों के समर्पण का परिणाम है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गणना प्रपत्रों के डिजिटाईजेशन कार्य को 11 दिसम्बर 2025 तक हर स्थिति में पूर्ण कराया जाए। मतदाता सूची का आलेख्य



प्रकाशन 16 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि 16 दिसम्बर के बाद नोटिस जारी किए जाएंगे, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी कार्य समयबद्ध एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जाएं।

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, मतदाता विवरण सत्यापन तथा डेटा मिलान संबंधी विस्तृत जानकारी जनपद के समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को दी।जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्एक बीएलओ एवं सुपरवाइजर सजगता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। गणना प्रपत्र में दर्ज की जाने वाली प्रत्एक जानकारी त्रुटिरहित होनी चाहिए, जिससे मतदाता सूची पूर्णत: शुद्ध एवं अद्यतन तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े तथा अपात्र अथवा मृत व्यक्तियों के नामों को हटाने की कार्रवाई निर्धारित नियमों एवं समयसीमा के अन्तर्गत की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटाईजेशन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे तथा मतदाताओं की मैपिंग से संबंधित कार्य को प्राथमिकता एवं सतर्कता के साथ सम्पन्न किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि वर्तमान में जनपद में निवासरत परिवारों के पात्र सदस्यों को ही मतदाता के रूप में शामिल किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण एवं बीएलओ उपस्थित रहे।

# टाण्डा के सेढू का मझरा में सरकारी गूल पर अवैध कब्जे का मामला, संयुक्त टीम ने की पैमाइश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर के मोहल्ला टण्डोलाध्आजाद नगर और इससे सटे ग्राम सेढू का मझरा में सरकारी गूल पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की गई थी,जिसपर चार माह पूर्व सिंचाई और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गूल को आंशिक रूप से कब्जामुक्त कराया गया था।

कुछ गरीब लोगों ने अपने पुख्ता मकानों को स्वयं तोड़कर गूल से कब्जा हटा लिया था,जबकि असरदार लोगों का कब्जा आज भी गूल पर बरकरार है, जिसको विभाग द्वारा हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।आरोप है कि प्लॉटिंग स्वामियों ने अपने प्लॉट पर जाने के लिए बनाए गए



रास्ते में गूल के आंशिक भाग को शामिल कर लिया है। जिसकी शिकायत पर गुरुवार को सिंचाई विभाग के जिलेदार के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पैमाइश की गई तो प्लॉटिंग स्थल पर तो गूल की आराजी शामिल नहीं पाई गई,लेकिन कथित प्लॉट पर जाने के लिए बनाए गए रास्ते पर सरकारी गूल का आंशिक भाग सम्मिलित होना पाया गया।हालांकि सिंचाई विभाग के सींचपाल ने रास्ते में भी गूल का आंशिक भाग होने से इंकार किया है। जिससे नाराज लोगों ने मामले से जिलाधिकारी को अवगत कराने की बात कही है। सरकारी गूल पर अवैध कब्जे का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

गुरुवार को हुई पैमाइश के दौरान जिलेदार सहित लेखपाल कुंदन सिंह और सींचपाल राजकुमार मौजूद रहे।

> अगर सरकारी गूल को प्लॉटिंग स्वामियों द्वारा प्लॉट पर जाने के लिए बनाए गए रास्ते में शामिल किया गया है, तो इसकी जांच कराकर गूल को कब्जामुक्त कराने के साथ ही सम्बन्धितों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
>
> **राजकुमार भास्कर**
> **एसडीएम टाण्डा।**

# एसडीएम ने किया रेन बसेरे का निरीक्षण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** शुक्रवार को उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर ने वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद टांडा के रैन-बसेरा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी को रैन-बसेरा में मुसाफिरों के रुकने के लिए लिहाफ, गद्दे और पीने का शुद्ध पानी, गिलास एवं साबुन आदि सभी चीजें उपलब्ध मिलीं। रैन-बसेरा के आगे बाहर कुछ सफाई व्यवस्था खराब दिखाई दी तो उपजिलाधिकारी ने तत्काल वरिष्ठ लिपिक धनीराम से सफाई करवाने के आदेश दिए, जिससे तत्काल प्रभाव से कर्मचारियों द्वारा धनीराम सैनी ने सफाई कराई।

# हजरत बैरंग शाह के उर्स के दूसरे दिन तमाम जायरीन ने दरगाह पर हाजिरी देकर मांगी दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के खोदकला में हजरत बैरंग शाह के उर्स के दूसरे दिन दरगाह पर जायरीनों की भारी भीड़ रही जुम्मे की नमाज के बाद दरगाह पर गद्दीनशीन की ओर से चादर पेश की गई तमाम अकीदतमंदों ने चादरपोशी में हिस्सा लिया।

क्षेत्र के खोद कला में हजरत बेरंग शाह के उर्स के दूसरे दिन जायरीनों की भारी भीड़ रही तमाम जायरीनों ने दरगाह पर हाजिरी देकर मन्नत मांगी और चादरपोशी कर शीरनी तक्सीम की। जुम्मे की नमाज के बाद दरगाह के सज्जादानशीन हबीब शाह मियां के नेतृत्व में उलेमा इकराम ने नात ख्वानी के बीच दरगाह पर चादरपोशी की गई



और तरक्की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई दरगाह पर नातिया कलामें पाक का दौर जारी है। उलेमा इकराम ने भी जलसे में अपना खिताब फरमाया और वलियों की जिंदगी से सबक लेने का आहवान किया। इस दौरान दरगाह को दुल्हन की तरह सजाया गया है दूर दराज से जायरीनों का आने का सिलसिला जारी है। उर्स के मौके पर लगे मेले में लोगों की काफी भीड़ है महिलाएं मीना बाजार में समान की खरीदारी कर रही है तो बच्चे झूलो समेत सर्कस वह अन्य चीजों का आनंद उठा रहे हैं।

# वक्फ रजिस्ट्रेशन का समय तीन माह बढ़ाने पर केंद्रीय वक्फ मंत्री का जताया आभारः मुस्तफा हुसैन

■ मुस्लिम समाज वक्फ संपत्तियों का शीघ्र करवा लें रजिस्ट्रेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करने की छह महीने की अवधि शुक्रवार को समाप्त हो रही, लेकिन लाखों संपत्तियां अब भी रजिस्ट्रेशन से बाहर हैं।

ऐसे में उन्हें राहत देते हुए केंद्र सरकार ने वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए 3 महीने की राहत देने का निर्णय लिया है। जिस पर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने



अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री का आभार जताया है।

जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि सांसद जिया उर रहमान बर्क, इकरा हसन, रूचि वीरा, मोहिबुल्ला नदवी आदि नेताओ और वक्फ से जुड़े प्रतिनिधियों ने वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन का समय बढ़ाने की मांग की। जिस पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहत देते हुए वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन का समय तीन माह बढ़ा दिया है, जिससे अब तीन माह तक वक्फ रजिस्ट्रेशन कराने पर न कोई पेनल्टी लगेगी, न कोई जुर्माना। यह मुस्लिम समाज के लिए बढ़ी राहत है। रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा है कि जल्द से जल्द सभी वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन करवा ले, जिससे भविष्य में कोई परेशानी न हो।

# रामपुर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान दोहरी प्रविष्टि का मामला उजागर, दो व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य सुव्यवस्थित रूप से चल रहा है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र.37, रामपुर के भाग संख्या.248 में बी।एल।ओ। द्वारा मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त कर उनके डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है।

पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान एक गंभीर मामला प्रकाश में आया, जिसमें मतदाता क्रमांक 645 आमिर द्धवर्तमान में दुबई निवासीऋ तथा मतदाता क्रमांक 648 दानिश द्धवर्तमान में कुवैत निवासीऋ के नाम से गणना प्रपत्र भरे गए।

जांच में स्पष्ट हुआ कि इन दोनों व्यक्तियों की बहन ने तथ्यों को छिपाते हुए उनके नाम से फॉर्म अनुचित रूप से प्रस्तुत किए, जो निर्वाचन नियमों का घोर उल्लंघन है।

इस संबंध में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा संबंधित थाने में प्राथमिकी एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम दो स्थानों पर दर्ज है, तो वह केवल उसी स्थान पर गणना प्रपत्र भरे जहां वह वास्तविक रूप से निवास करता है। गलत जानकारी देना, तथ्य छिपाना, दोहरी प्रविष्टि बनाए रखना अथवा निवास स्थान के अतिरिक्त किसी अन्य जगह से प्रपत्र भरनाकृभारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियम-संगत कठोर कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, शुचिता और निष्पक्षता बनाए रखने हेतु
अपनी जानकारी पूर्णतया सत्य, सटीक एवं अद्यतन ही उपलब्धा कराएँ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 38 वर्षीय युवक की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरैनिया खुर्द निवासी भूप सिंह पुत्र बेदराम 38 4 दिसंबर को भूप सिंह मुरादाबाद से किसी वाहन से उतरे और अपने गांव के कुछ दूरी पर उदयपुर की पुलिया पर किसी अज्ञात वाहन ने भूप सिंह के लगभग रात्रि 11रू00 बजे टक्कर मार दी और मौके पर ही मौत हो गई।

आने जाने वाले राहगीरों ने मृतक की पहचान भूप सिंह पुत्र वेदराम निवासी ग्राम पुरैनिया खुर्द के रूप में की सूचना पर मृतक के परिजन तथा पुलिस घटना स्थल र पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।


## कार्यालय नगर पंचायत मसवासी ( रामपुर )

पत्रांक: - 625/न0पं0म0/वंदन योजना/2025-26 दिनांक:- 04.12.2025

**-:ई-निविदा सूचना:-**

नगर पंचायत मसवासी जनपद रामपुर द्वारा अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर निधि/रा.वि. से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निर्माण/विकास कार्यों हेतु ईख्रनिविदा दिनांक 29.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट http//:etender.up.nic.in पर ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्तें तथा विस्तृत विवरण ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर हैं। निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन मात्रा http//:etender.up.nic.in की वैबसाईट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

**( सचिन कुमार )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मसवासी ( रामपुर )**

**( दिनेश कुमार गोयल )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मसवासी ( रामपुर )**


# मिनी टूरिस्ट बस ट्रक में घुसी यात्रियों में मची चीख-पुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** ड्राइवर को नींद की झपकी आने पर मिनी टूरिस्ट बस ट्रक में जा घुसी और भी है जिससे यात्रियों में की चीख पुकार मच गई। शुक्रवार की सुबह एक मिनी टूरिस्ट बस पंजाब से नेपाल को मिनी जा रही थी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम क्योरार जीरो पॉइंट पर आगे चल रहा है ट्रक में मिनी बस के पायलट गुरप्रीत सिंह पुत्र बलविंदर सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी ग्राम बख्शी वाँ थाना सुनामा जनपद संगरूर यह अपनी टूरिस्ट बस लेकर पंजाब से नेपाल को जा रहा था। क्योरार जीरो पॉइंट पर पायलट को नींद की झपकी अपने से सामने चल रहे ट्रक में जा घुसी यात्रियों में भगदड़ मच गई। सूचना पर पुलिस तथा 108 एंबुलेंस घटना स्थल र पहुंची गनीमत रही की मिनी बस में लगभग 15 से 20 यात्री सवार थे जिसमें किसी को कोई जनहानि नहीं हुई। टूरिस्ट मिनी बस के पायलट गुरप्रीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए घायल को आनन-फानन में 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर भेजा गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रामपुर भेज दिया गया।

# शादी का झांसा दे कर बनाए संबंध, मना करने पर फोटो वीडियो किया वायरल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने पीड़ित की पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाए और शारीरिक सम्बन्ध बनाते समय फोटो वीडियो बना ली जब किशोरी ने सम्बन्ध बनाने से मना कर दिया तो आरोपी ने फोटो वीडियो इंस्टाग्राम पर आई।डी। बनाकर वायरल कर दी।

किशोरी ने अपने पिता को बताया पिता ने 4 दिसंबर को आरोपी जय सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम रायपुर जगवन्द तहसील व थाना बिसौली जिला बदायूं के नाम से थाने में लिखित तहरीर दी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मु.अ.सं.-220-2025 धारा 69 बीएनएस व 67 आईटी एक्ट के पंजीकृत किया गया । विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 4-2 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। पुलिस ने शुक्रवार को जय सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम रायपुर जगवन्द तहसील व थाना बिसौली जनपद बदायूं को मुखबिर की सूचना पर ग्राम दनियापुर से पहले रोड पर गोविन्द इंटर कालेज के पास से गिरफ्तार कर कार्यवाही की।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक ( रामपुर )

पत्रांक:-787 / न०पा०मि० / 2025 दिनांक:- 05-12-2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा समस्त आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निकाय निधि से प्राप्त धनराशि से वर्ष 2025-26 में शीतलहर में अलाव जलाने हेतु सूखी जलावन लकडी एवं रबड़ की आपूर्ति हेतु दिनांक 12.12.2025 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन दिनांक 12.12.2025 को समय 04:00 बजे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिलक की उपस्थिति में उपस्थित /अनुपस्थित ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11.12.2025 को साय: 04:00 बजे तक नगर पालिका परिषद मिलक कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कराकर क्रय की जा सकती है तथा उक्त कार्यालय में रखे निविदा पेटी में दिनांक 12.12.2025 को समय 02:00 बजे तक डाली जा सकती है। निविदा डालते समय 02 प्रतिशत धरोहर राशि एफ0डी0आर0/ नकद के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मिलक के नाम बन्धक हो जमा करना अनिवार्य है। बिना धरोहर राशि के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जाएगा। ठेकेदार/ आपूर्तिकर्ता को निविदा के साथ पेन कार्ड, आधार कार्ड व जी0एस0टी0 नम्बर का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। किसी निविदा/समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदया नगर पालिका परिषद मिलक में निहित है जिसे कही भी किसी भी दशा में चुनौती नही दी जा सकती है। अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क.सं. | विवरण | अनुमानित लागत प्रति कु० | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अलाव जलाने हेतु सूखी लकडी एवं रबड़ की आपूर्ति | 800.00 | 50,000.00 | 2500.00 | 45 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मिलक ( रामपुर )**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**मिलक ( रामपुर )**

# ब्रुश व्यापारी के कारखाने में चोरी

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए तीन चोर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** तीन नकाबपोश चोरों ने ब्रुश व्यापारी के कारखाने के ताले तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। चोरी की घटना से दहशत का माहौल है। घटना का पता चलते ही पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी। जबकि तीन चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गये है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला शेखान निवासी अनीस मंसूरी पुत्र स्व. रशीद मंसूरी का घर के करीब ही ब्रुश का कारखाना है। बीती देर शाम लेबर के जाने के बाद कारखाना बंद कर घर चले गये थे। बीती रात तीन नकाबपोश चोरों ने रात्रि लगभग ढाई तीन बजे ब्रुश कारखाने का ताला तोड़कर उसमे रखे हजारों रुपये की नकदी चोरी कर रफुचक्कर हो गये। घटना का उस समय पता चला जब वह सुबह कारखाने की तरफ गये तो गेट के ताले टूटे हुए थे और उनकी मेज की दराज का सामान इधर उधर पड़ा था। अनीस मंसूरी ने चोरी की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके गेट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया तो तीन नकाबपोश चोर गेट का ताला तोड़कर अन्दर घुसते दिखाई दे रहे। पुलिस ने कैमरों की फुटेज अपने कब्जे मे लेकर जांच शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि यह तीन नकाबपोश चोर अनीस मंसूरी के अलावा भी मौहल्ले के आसपास के घरों पर घूमते दिखाई दिए, लेकिन इनको चोरी का मौका नहीं लगने पर वापस नोमी मेला ग्राउंड की तरफ लौटते दिखाई दे रहे हैं। वही इस चोरी को लेकर ब्रुश व्यापारियों सहित मौहल्ले के लोगों में दशहत का माहौल बना हुआ है।

उधर लगातार होने रही चोरियों में तीन अज्ञात नकाबपोश चोरों के चोरी के आतंक से परेशान जनता व व्यापारियों ने रात्रि में गश्त बढ़ाकर चोरों को पकड़ने की मांग की है। क्योंकि दो माह से हो रही चोरियों में तीन नकाबपोश लोग ही दिखाई देते है।

## दो माह पूर्व हुई चोरियों का खुलासा नहीं कर पाई पुलिस, ग्रामीणों में दहशत

**शेरकोट।** लगभग दो माह पूर्व नगर के मौहल्ला हकिमान निवासी अनवर के बंद घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात तीन नकाबपोश चोरो ने हजारों रुपये की नकदी सहित लाखों रुपये का जेवर चोरी कर रफुचक्कर हो गये थे। वही 27 अक्टूबर की रात्रि मे तीन अज्ञात नकाबपोश चोरो ने शाकिर,फूल जहां सहित अन्य स्थानों पर बंद मकानों के ताले तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया था। लेकिन शाकिर व फूल जहाँ के यहाँ से ही चोर घर मे रखा सामान चोरी कर रफुचक्कर हो गये थे। इन चोरीयों मे चोर कैमरों मे कैद होने के बावजूद भी पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पायी है।

# राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी के प्रयोग के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में महाविद्यालय की पुस्तकालय समिति के द्वारा 'भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली के रूपांतरण में राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी क्लब की सदस्य एवं गृह विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मीनू सिरोही, प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, समन्वयक डॉ. नीरू चौधरी, लाइब्रेरियन कु. सरफराज, सदस्य श्रीमती ज्योति कर्णवाल, डॉ. आबिदा के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सर्वप्रथम डॉ. नीरू के द्वारा राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी के विषय में संक्षिप्त विवरण दिया गया। इसके पश्चात प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने कार्यशाला के आयोजन के लिए आयोजन समिति को साधुवाद दिया साथ ही कार्यशाला को छात्राओं के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने छात्राओं को राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी के उपयोग एवं इसके माध्यम से ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी आपके शैक्षिक जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्य वक्ता डॉ. सिरोही ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया (NDLI) एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन संसाधन है जो भारत के शैक्षिक समुदाय को डिजिटल संसाधनों का एक विशाल संग्रह प्रदान करता है। NDLI का मुख्य उद्देश्य भारत के शैक्षिक संसाधनों को डिजिटल रूप में उपलब्ध कराना है, ताकि देश भर के छात्र, शिक्षक और शोधकर्ता इन संसाधनों का उपयोग कर सकें। NDLI पर विभिन्न विषयों पर पुस्तकें, पत्रिकाएं, शोध पत्र और अन्य शैक्षिक संसाधन उपलब्ध हैं, जो ऑनलाइन उपलब्ध हैं और देश भर के उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ हैं।

अंत में डॉ. नीरू चौधरी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में आयोजन समिति के सदस्यों श्रीमती ज्योति कर्णवाल, कु. ऋतु सैनी, डॉ. आबिदा आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की पुरुष वॉलीबाल टीम का गठन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस बिजनौर में गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के तत्वाधान में अंतरमहाविद्यालय पुरुष वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था, जिसमें विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जिलों के 9 महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया था।

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की पुरुष वॉलीबाल टीम का गठन किया गया, जिसमें कृष्णा कॉलेज बिजनौर के छात्रों का चयन हुआ है।

आरएसएम कॉलेज धामपुर से पर्यवेक्षक डॉ. जितेंद्र सिंह चौधरी, वर्धमान कॉलेज बिजनौर से विशेषज्ञ डॉ. जयदीप शर्मा द्वारा सभी टीमों में से श्रेष्ठ खिलाड़ियों को चयनित किया गया। कृष्णा कॉलेज बिजनौर से बी.एस.सी. केमिस्ट्री ऑनर्स के छात्र मयंक चौहान का प्रमुख टीम एवं बीए.एलएलबी के छात्र प्रिंस चौधरी एवं बी.बी.ए. के छात्र हनी का अतिरिक्त खिलाड़ियों में चयन किया गया।

कृष्णा कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान, साइंस कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा एवं कॉलेज की क्रीड़ा समिति ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी एवं आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

# अशोक चौधरी ने जरूरतमंदों को कम्बल बांटे

## ग्रामीणों ने जम कर की प्रशंसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ब्लॉक जलीलपुर के गंगा खादर क्षेत्र में पहले बाढ़ से और अब ठंड से सिकुड़ रहे गरीब ग्रामीणों के लिए राहत ए मसीहा बने रालोद के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल बांटे। इस दौरान उन्होंने पहले घर-घर घूमकर जरूरतमंद लोगो को चिन्हित किया और फिर अपनी टीम को साथ लेकर कंबल बांटने का काम किया।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी अपनी टीम के साथ प्रभावित गांवों में पहुंचकर बाढ़ के बाद अभी भी मुश्किलों से जूझ रहे परिवारों को उन्होंने सैकड़ों कंबल वितरित कर ठंड से बड़ी राहत प्रदान की। उनका कहना है कि बाढ़ के दौरान कई घरों और आवश्यक सामान के पानी में डूब जाने से ग्रामीण अभी भी परेशानियों से उबर रहे हैं। ऐसे में ठंड ने मुश्किलें और बढ़ा दी थीं। इसी बीच अशोक चौधरी का राहत सामग्री लेकर पहुंचना ग्रामीणों के लिए राहत ए मसीहा साबित हुए। पीड़ित ग्रामीणों ने अशोक चौधरी व उनकी टीम का आभार जताते हुए कहा कि जब बाढ़ आई थी, तब सबसे पहले अशोक चौधरी जी ही हमारे बीच पहुंचे थे। उसके बाद भी कई बार राहत लेकर आए। आज इस कड़कड़ाती ठंड में भी वही सबसे पहले पहुंचे। हम उनका दिल से धन्यवाद करते हैं। अशोक चौधरी ने कहा किसी भी मुश्किल घड़ी में मैं और मेरी टीम हमेशा आपके साथ खड़े हैं। अशोक चौधरी कहना है कि सेवा करना ही राजनीति का सच्चा धर्म है।

अशोक चौधरी के साथ योगेंद्र प्रधान, मुंजरीन अहमद, डा. विपिन तोमर, शीशपाल राठी, धुंदली तबीबपुरिया अकरम अहमद आदि रालोद पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## एक नजर

### शेख रईस का जिला सचिव पद से इस्तीफा



**चांदपुर।** समाजवादी पार्टी के सक्रिय जमीनी कार्यकर्ता एवं जिला सचिव शेख रईस अहमद ने जिला सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। समाजवादी पार्टी जिला सचिव पद से इस्तीफा देने का कारण उन्होंने पार्टी के कुछ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी को मजबूत बनाने, बूथ स्तर पर कार्य न करने में उनका सहयोग न करना बताया है। हालांकि उन्होंने पार्टी की सदस्यता के बारे में अभी कुछ भी कहने से साफ इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि मैं समाजवादी पार्टी का सच्चा सिपाही हूं और बिना पद के भी समाजवादी पार्टी के लिए अपनी निष्ठा, लगन और पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करता रहूंगा। शेख रईस अहमद ने जिले में समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने, संगठित करने में बहुत बड़ा योगदान है। अचानक से शेख रईस अहमद के द्वारा समाजवादी पार्टी जिला बिजनौर के जिला सचिव पद से इस्तीफा देना अनेक सवालों को पैदा कर रहा है। हालांकि अभी इस बारे में पार्टी जिला अध्यक्ष का कोई निर्णय नहीं आया है और अन्य पदाधिकारियों द्वारा शेख रईस अहमद को मनाने की जुस्तुजू जारी है।

### शिविर में 125 मरीजों का परीक्षण



**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से चांदनी चौक निकट शिव मंदिर पुरैनी में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा एक नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनुभवी डॉक्टर की टीम ने 125 रोगियों का सकुशल इलाज किया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की नि:शुल्क जांच की गई एवं दवाइयां भी वितरित की गई। इस शिविर में डॉ. आकाश कुमार, डॉ. रविंद्र सिंह, डॉ. रेनू सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल मैनेजर त्रिवेंद्र राणा एवं स्टाफ अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार, वर्षा चौहान, लक्ष्मी, राजन कुमार, निशु रानी, हिमांशु कुमार, आलोक कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के चेयरमैन डॉ. एनपी सिंह मौजूद रहे।

### बी.फार्मा द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल



**बिजनौर।** डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.फार्मा द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.फार्मा द्वितीय सेमेस्टर के छात्र समीर ने 75.86 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अलफिया ने 74.06 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं सौरव ने 69.65 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# धामपुर शुगर मिल ने किया जागरूक

## एएसपी पूर्वी, सीओ, मिल उपाध्यक्ष ने वाहन चालकों को उपलब्ध कराए हेलमेट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल ने सामाजिक दायित्वों के तहत सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को रानीबाग पुलिस चौकी के पास हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व शुगर मिल के यूनिट हेड (उपाध्यक्ष) निष्काम गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) अमित किशोर श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इसके बाद मुरादाबाद-धामपुर मार्ग से गुजर रहे उन दोपहिया वाहन चालकों को, जो बिना हेलमेट के यात्रा कर रहे थे, एसपी पूर्वी द्वारा स्वयं हेलमेट पहनाकर रवाना किया गया। मौके पर लोगों को बिना हेलमेट वाहन चलाने के खतरों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडेय ने भी वाहन चालकों और पत्रकारों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए। उन्होंने एक गोष्ठी को भी संबोधित किया, जिसमें साइबर क्राइम से बचाव और सुरक्षा उपायों पर विशेष जानकारी दी। उपस्थित लोगों ने इस जागरूकता पहल की सराहना की।

सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत कई लोगों ने कंपनी (नो प्रॉफिट-नो लॉस) दर पर हेलमेट भी खरीदे। कार्यक्रम के दौरान रानीबाग पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार खोखर, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार समेत समस्त चौकी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। धामपुर शुगर मिल की ओर से ओमवीर सिंह, विकास अग्रवाल, विवेक सिंह यादव, भारत भूषण बरनी, अजय पांडेय, राजेश यादव, उज्जवल सिंह, करणवीर सिंह, विशेष शर्मा, वीरेंद्र सिंह (सुपरवाइजर), रजत अग्रवाल, कमल पंवार, शिखर चंद, तारासिंह, जय राम यादव, अभय शर्मा, सत्यवीर सिंह, संजीव शर्मा, विजय कुमार (कंपाउंडर), अशोक कुमार (सिक्योरिटी सुपरवाइजर), अतुल, राजेश, प्रीतम सिंह (पूर्व लेखपाल) सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे और कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

# रेलवे फाटक पर कैंटर ने तोड़ा हाइट गेज, चालक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के रोडवेज बस स्टैंड के समीप नहटौर रेलवे फाटक पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दादरी से माल लोड करके आ रहे एक कैंटर ने फाटक के बाहर लगी हाइट गेज रॉड को टक्कर मारकर चकनाचूर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लेकर वाहन को कब्जे में ले लिया।

मिली जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जिले के थाना महेशगंज क्षेत्र के गांव गरीबपुरा निवासी 25 वर्षीय अनुज कुमार, कैंटर में रिफाइंड तेल के कनस्तर लेकर दादरी से धामपुर आया था। सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब वह नूरपुर रोड होते हुए नहटौर रेलवे फाटक से गुजर रहा था, तो कैंटर का अगला हिस्सा तो हाइट गेज के नीचे निकल गया, मगर पीछे का ऊँचा भाग लोहे की रॉड से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाइट गेज टूटकर सड़क पर गिर पड़ा।

संयोग रहा कि उस समय सड़क पर कोई राहगीर मौजूद नहीं था, वरना गिरता हुआ लोहे का ढांचा किसी भी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकता था।

घटना मुरादाबाद-सहारनपुर रेललाइन पर स्थित नहटौर फाटक की बताई जा रही है। फाटक पर तैनात केबिन मैन ने तत्काल विभागीय अधिकारियों और आरपीएफ को सूचना दी, जिसके बाद आरपीएफ टीम ने मौके से चालक को गिरफ्तार कर कैंटर को सीज कर लिया। रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# सुहागपुर में आवारा कुत्तों का कहर, दो बकरे बने निवाला



## ग्रामीण ने की कुत्तों से निजात दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सुहागपुर ग्राम में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार रात जिस तरह कुत्तों के झुंड ने एक घर में घुसकर दो बकरों को मौत के घाट उतार दिया, उससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार गाम के रहने वाले मौ.असगर लकड़ी का व्यापार करते हैं। रोज की तरह उन्होंने रात में अपने बकरों को बांधा था, मगर दरवाजे की कुंडी सही से न लग पाने की वजह से कुत्तों का एक झुंड अंदर पहुंच गया। कुछ ही देर में उन्होंने दोनों बकरों को नोच-नोचकर मार डाला। बताया जा रहा है कि ये बकरे असगर के लिए काफी कीमती थे और इनकी कीमत लगभग पचास हजार रुपये के आसपास थी।

सुबह जब घटना की जानकारी फैली तो गांव के लोगों में जबरदस्त नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि कुत्तों का यह झुंड कई दिनों से इधर-उधर घूमता रहता है और पहले भी कई बच्चों का पीछा कर चुका है।

खासतौर पर स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक बेहद चिंतित हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों को जल्द से जल्द पकड़ने की व्यवस्था की जाए और गांव में निगरानी बढ़ाई जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कदम न उठाए गए, तो कोई गंभीर हादसा हो सकता है।

## साप्ताहिक बाजार में ठंड का असर

**चांदपुर।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में ठंड का असर दिखाई दिया, जिस कारण नगर एवं ग्रामीण इलाकों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में भी रौनक नहीं दिखाई दी। शुक्रार के दिन चांदपुर में साप्ताहिक बाजार लगता है। इस दिन सिलारा रोड पर निकलना बामुश्किल होता है, लेकिन आज ठंड के कारण बाजारों में कोई भीड़ भाड़ नहीं दिखाई दी तथा दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित रही। उधर किसानों की माने तो कड़ाके की ठंड में ही गेंहू की अच्छी फसल होती है।

# चांदपुर में डग्गामार वाहनों का संचालन

## सीएम के आदेश का नहीं हुआ असर, लाखों के राजस्व का नुकसान



**मौहम्मद हनीफ**

**चांदपुर।** तहसील, कस्बे व ग्रामों से चांदपुर के रास्ते चल रही दिल्ली तक अवैध डग्गामार बसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस सख्त आदेश का खुला उल्लंघन है, जिसमे कहा गया है कि प्रदेश में किसी भी स्टेशन से किसी भी कीमत पर अवैध रूप से डग्गामार वाहन न चल पाये। यदि शिकायत मिली तो उस स्टेशन के अधिकारी नपेंगे, लेकिन यहां तो सब कुछ गड़बड़ है।

चांदपुर से होकर दिल्ली तक चल रही इन डग्गामार बसों के प्रतिदिन संचालन से रोडवेज विभाग को लाखों रूपए प्रतिदिन राजस्व हानि हो रही है, कोई देखने और सुनने वाला नहीं है। दिल्ली तक चलने वाली इन बसों के अधिकांश रोड परमिट नहीं है और इन बसों से देश की राजधानी दिल्ली से जीएसटी चोरी कर बड़ा सामान इन बसों में भरकर लाया जाता है, जो किसी से छुपाए नहीं छुपा है। प्रतिदिन अंबेडकर चौक, जनता ट्रक यूनियन, रेलवे फाटक कराल रोड, चौधरी चरण सिंह चौक आदि पर इन बसों से सामान रात्रि को उतरता हुआ कई बार वाणिज्य कर अधिकारियों द्वारा पकड़ा भी जा चुका है। इस सबका जिम्मेदार बिजनौर जिले का परिवहन व पुलिस विभाग को माना जा रहा है। हालांकि समय समय पर संभागीय परिवहन व पुलिस विभाग इन बसों की चैकिंग भी करते हैं, मगर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाने से इन बसों का संचालन बंद नहीं हो पा रहा है। जनता की माने तो परिवहन एवं पुलिस विभाग चाहे तो इन अवैध रूप से चल रही दिल्ली के बीच डग्गामार बसों को पकड़ा जाए और उनके प्रतिदिन संचालन पर रोक लगाई जाए तो रोडवेज की बसे ठीक कमायेगी और सरकार को राजस्व प्राप्त होगा। साथ ही जीएसटी चोरी बंद होगी, लेकिन ऐसा कर पाने में अधिकारी और पुलिस विभाग भी ढिलाई बरत रहे हैं। जनपद बिजनौर के नगीना, कोतवाली, स्योहारा, चांदपुर, अफजलगढ़, धामपुर आदि से दर्जनों बसें चांदपुर के रास्ते दिल्ली तक दौड़ लगा रही है। इन बसों का संचालन प्रतिदिन प्रात 4:00 बजे से शुरू हो जाता है जो चांदपुर के थाना, चौकियों से होती हुई फर्राटे भरती हुई दिल्ली तक दौड़ लगाती है। इन बसों के चालक और परिचालक सवारियों को ठूस ठूस कर भर तीव्र गति से दौड़ाते हैं। यही नहीं इन बसों के आए दिन एक्सीडेंट होना, पलटना यात्रियों को चोटिल हो जाना किसी से छुपा भी नहीं है।

पिछले सप्ताह पुलिस ने चांदपुर में नूरपुर, स्योहारा, अफजलगढ़, धामपुर, कालागढ़, कोतवाली देहात, नगीना आदि स्थानों को आती जाती इन अवैध बसों के संचालन पर चाबुक चलाया था लेकिन ठोस कार्रवाई न हो पाने से इन डग्गामार बसों का संचालन अभी भी नहीं रुक पाया है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पैजनिया मार्ग पर ग्राम जमालपुर के पास दो बाइकों की भिड़ंत में तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। तीनों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार की सायं करीब 5:30 बजे नहटौर-पैजानिया मार्ग पर ग्राम जमालपुर के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। मौहल्ला होलियान निवासी पप्पू (50 वर्ष) पुत्र बुन्दू व मौहल्ला हाथीवाला मंदिर निवासी खुर्शीद (60 वर्ष) पुत्र हमीद व दूसरा बाईक सवार नगीना क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी रविन्द्र (25 वर्ष) पुत्र ऊदल सिंह घायल हो गए। घायलों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया है। तीनों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। भिड़ंत के दौरान दोनों बाईके भी क्षतिग्रस्त हो गई। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि पुलिस मौके पर भेजी गई है।

# निर्णायक मुकाबले में टीम संयोजन में बदलाव करेगा भारत!

**दोनों मैचों में एक बड़ी सीख भारतीय टीम को मिली है कि उनका गेंदबाजी आक्रमण दोनों ही मौकों पर कमजोर साबित हुआ है**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच विशाखापत्तनम में वनडे सीरीज का निर्णायक मुकाबला शनिवार को खेला जाना है। रांची में करीबी जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम को रायपुर में करारी हार मिली थी। 359 रनों के लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीका ने चार गेंद शेष रहते हासिल कर लिया था।

इन दोनों मैचों से एक बड़ी सीख भारतीय टीम को यह मिली है कि उनका गेंदबाजी आक्रमण दोनों ही मौकों पर कमजोर साबित हुआ है। हालांकि यह भी तथ्य है कि दोनों मैचों में टॉस हारकर भारतीय गेंदबाजों को ओस के समय दूसरी पारी में गेंदबाजी करनी पड़ी थी। इस मैच में एक बार फिर भारत की गेंदबाजी पर ही सभी की निगाहें रहने वाली हैं। इसके साथ ही टीम का मध्यक्रम भी अब तक आलोचकों के निशाने पर रहा है। इस सीरीज के पहले दो मैचों में लगातार बल्लेबाजी आसान रही है और खूब रन बने हैं। अब यह देखना होगा कि निर्णायक मैच के लिए पिच किस तरह रहने वाली है। हालांकि इसके बाद भी भारत को कुछ चीजों पर काम करने की सख्त जरूरत है। खास तौर से भारत का तेज गेंदबाजी आक्रमण उतना डरावना नहीं लग रहा है, जितना जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी में लगता है। हर्षित राणा ने पहले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी और दूसरे मैच में भी उनकी गेंदबाजी ठीक रही थी। हालांकि प्रसिद्ध कृष्णा टीम को वह लाभ नहीं दिला पाए हैं, जिसकी उनसे अपेक्षा थी। अर्शदीप और हर्षित की जोड़ी का बने रहना तय है, लेकिन हो सकता है कि तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में प्रसिद्ध की जगह नीतीश रेड्डी को मौका मिले। इसके साथ ही वॉशिगटन सुंदर का जिस तरह से इस्तेमाल मध्यक्रम में किया जा रहा है, उसका लाभ भी भारत को नहीं मिल रहा है। भारत के पास बेंच पर नीतीश रेड्डी के रूप में एक ऑलराउंडर है, लेकिन वह तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका को कितने अच्छे से निभा पाएंगे यह देखना होगा। इस हालत में भारत प्रसिद्ध के विकल्प के बारे में सोचेगी भी तो उन्हें काफी मुश्किल होगी। तिलक वर्मा बेंच पर हैं और उन्हें लाकर मध्यक्रम को मजबूत किया जा सकता है। दक्षिण अफ्रीका अपने विजई एकादश में बदलाव तो नहीं करना चाहेगी, लेकिन उन्हें मजबूरी में ऐसा करना पड़ सकता है। पिछले मैच में नांद्रे बर्गर को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी और वह अपना कोटा पूरा नहीं कर पाए थे। हालांकि, जब रन चेज तनावपूर्ण हुआ था तब वह बल्लेबाजी के लिए तैयार दिख रहे थे। हालांकि, इस मैच में फटि होकर पूरे 10 ओवर डाल पाना उनके लिए बड़ी चुनौती होगी। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका को यह एक बदलाव करना पड़ सकता है। बल्लेबाज टोनी डीजॉर्जी भी हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए थे।

# तीसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका की प्लेइंग इलेवन में बदलाव तय

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों के ही पास वनडे सीरीज अपने नाम करने का मौका है। सीरीज 1-1 से बराबरी पर है और निर्णायक मुकाबला विशाखापट्टनम में शनिवार को खेला जाना है। पहले दो मैचों में खूब रन बने हैं और अंतिम मैच भी कुछ ऐसा ही होने की उम्मीद है। भारत को ओस ने दोनों मैचों में परेशान किया है और इस बार में वे कोशिश करेंगे कि किसी तरह टॉस जीत जाएं। हालांकि, विशाखापत्तनम में कितनी ओस आती है ए भी देखने वाली बात रहेगी। आइए इस मैच में दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन और पिच रिपोर्ट पर एक नजर डालते हैं। टीम न्यूज: बर्गर और डीजॉर्जी पर निगाहें भारत के पास अपनी प्लेइंग इलेवन में कोई

- **भारत को ओस ने दोनों मैचों में परेशान किया है और इस बार वे कोशिश करेंगे कि किसी तरह टॉस जीत जाए**

बदलाव करने की वजह नजर नहीं आती। प्रसिद्ध 8.48 की इकॉनमी से रन दे रहे हैं, लेकिन भारत के पास दल में उनका कोई विकल्प नहीं है और वे किसी विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह ऑलराउंडर को शामिल नहीं करेंगे।

**भारत (संभावित):** 1 यशस्वी जायसवाल, 2 रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, 4 ऋतुराज गायकवाड़, 5 केएल राहुल (कप्तान व विकेटकीपर), 6 वॉशिगटन सुंदर, 7 रवींद्र जडेजा, 8 हर्षित राणा, 9 कुलदीप यादव, 10 अर्शदीप सिंह, 11 प्रसिद्ध, दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के दो खिलाड़ी हैमस्ट्रिंग चोट की वजह से मैदान से बाहर चले गए थे। दोनों में से कोई भी आगे मैच में नहीं खेल पाया। हैमस्ट्रिंग इतनी जल्दी ठीक नहीं होती, इसलिए उम्मीद है कि बर्गर और टोनी डीजॉर्जी की जगह ऑटनील बार्टमैन और रायन रिकल्टन खेलेंगे।

**दक्षिण अफ्रीका (संभावित):** 1 एडन मारक्रम, 2 क्विटन डिकॉक (विकेटकीपर), 3 टेम्बा बावुमा (कप्तान), 4 मैथ्यू ब्रीत्जके, 5 रायन रिकल्टन, 6 डेवॉल्ड ब्रेविस, 7 मार्को यानसन, 8कॉर्बिन बॉश, 9 केशव महाराज, 10 लुंगी एन्गिडी, 11 ऑटनील बार्टमैन पिच और परिस्थितियां विशाखापत्तनम में भारत की पिछली दो वनडे पारियां इस मैदान की परिस्थितियों के दो अलग रूप दिखाती हैं।

## 2026 विंटर गेम्स के लिए ओलंपिक फ्लेम इटली पहुंची

**रोम, वार्ता।** 2026 विटर गेम्स के लिए ओलंपिक फ्लेम गुरुवार दोपहर को इटली के रोम पहुंची, जिसके साथ ही टॉर्च रिले इवेंट्स की एक सीरीज शुरू हो गई। एक लालटेन में सुरक्षित, फ्लेम शाम करीब 5 बजे रोम के फिमिसिनो एयरपोर्ट पर उतरी, और इसे इटैलियन ओलंपिक टेनिस चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी और मिलान-कॉर्टिना 2026 ऑर्गनाइजिग कमिटी के प्रेसिडेंट जियोवानी मालागो ने हवाई जहाज से उतारा।

शाम करीब 7 बजे, इटली के प्रेसिडेंट सर्जियो मटेरेला ने क्विरिनाले पैलेस में फ्लेम रिसीव की, जिससे 6 दिसम्बर को फ्लेम जर्नी की ऑफिशियल शुरुआत की सेरेमनी की शुरुआत हुई। मैलागो ने कहा कि इटली में ओलंपिक फ्लेम का आना और प्रेसिडेंट मटेरेला को इसे सौंपना, मिलान-कॉर्टिना 2026 की राह पर बहुत इमोशनल पल हैं। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में, फ्लेम उत्साह, तालमेल और कलेक्टिव पार्टिसिपेशन का सिबल बन जाएगा, जो हमें स्पोर्ट्स की एकजुट करने, इंस्पायर करने और फ्यूचर बनाने की यूनिक पावर की याद दिलाएगा। फ्लेम शुक्रवार सुबह ऑफिशियल लाइटिग सेरेमनी तक पैलेस में रहेगी, जब इटली के प्राइम मिनिस्टर जियोर्जिया मेलोनी और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की प्रेसिडेंट क्रिस्टी कोवेंट्री की मौजूदगी में अग्निकुंड जलाई जाएगी। टॉर्च रिले की शुरुआत शनिवार सुबह रोम के स्टेडियो देई मार्मी में होने वाली है। इसके बाद, रिले 60 दिनों में इटली में 12,000 किलोमीटर का सफर तय करेगी, 300 से जडादा नगर पालिकाओं से गुजरेगी और 60 शहरों में जश्न मनाएगी, सभी 110 इतालवी प्रांतों तक पहुंचेगी।

# स्टार्क बने नंबर-1 लेफ्टआर्म पेसर



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क पाकिस्तान के दिग्गज वसीम अकरम का 414 विकेटों रिकॉर्ड तोड़कर टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बन गए है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, 35 साल के स्टार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ 6/71 का शानदार स्पेल डाला, जिससे उनके टेस्ट विकेटों की संख्या 418 हो गई और इसके साथ उन्होंने दो दशक से कायम अकरम के 414 विकेट के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस प्रदर्शन से स्टार्क टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल बाएं हाथ के तेज गें.

- **मिशेल स्टार्क पाक के दिग्गज वसीम अकरम का 414 विकटों का रिकॉर्ड तोड़कर टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल गेंदबाज बन गए है**

दबाज बन गए हैं। वसीम ने सोशल मीडिया पर स्टार्क की तारीफ की और कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के करियर में अभी और भी कई उपलब्धियां हासिल करना बाकी हैं।

अकरम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि सुपर स्टार्क। तुम पर गर्व है, दोस्त। तुम्हारी अविश्वसनीय कड़ी मेहनत तुम्हें दूसरों से अलग बनाती है और यह तो बस समय की बात है कि तुम मेरे रिकॉर्ड को तोड़ोगे। मुझे यह रिकॉर्ड तुम्हें देते हुए खुशी हो रही है। अपने शानदार करियर में नई ऊंचाइयों को छूते रहो। अपने रिकॉर्ड को लेकर स्टार्क ने कहा कि मैं इस बारे में बाद में सोचूंगा। वसीम मुझसे कहीं बेहतर गेंदबाज हैं। जहां तक मेरा सवाल है, वह अभी भी लेफ्ट-आर्मर्स में सबसे ऊपर हैं और अब तक खेले गए महानतम गेंदबाजो में से एक हैं। इस मुकाम के आसपास बात होना अच्छा लगता है, लेकिन मैं बस कुछ और विकेट लेने की कोशिश करता रहूंगा। 418 विकेट के साथ स्टार्क ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक टेस्ट विकेट लेने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनसे आगे केवल शेन वार्न (708), ग्लेन मैकग्रा (563), और नाथन लियोन (562) हैं। अपनी घातक स्विग, यॉर्कर और मैच का रुख पलटने वाली गेंदों के लिए माने जाने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज अब लेफ्ट-आर्म तेज गेंदबाजो की सूची में सबसे ऊपर हैं एक ऐसी स्थिति जिसके वे पूरी तरह हकदार हैं, ऐसा कई लोग मानते हैं।

# इस वर्ष गुगल पर सबसे अधिक सर्च हुआ क्रिकेट

**नई दिल्ली, वार्ता।** वैश्विक स्तर पर इस वर्ष सर्च इंजन गुगल पर क्रिकेट के विभिन्न प्रारूपों एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी, महिला क्रिकेट विश्वकप और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो टीमों को सबसे अधिक खोजा गया। शुक्रवार को जारी हुई इस रिपोर्ट में एथलीट, स्पर्धा और टीमों के बीच टॉप ट्रेंडिग ग्लोबल सर्च का प्रमुख आकर्षण रहे क्रिकेट के बढ़ते डिजिटल फुटप्रिंट देखने को मिला। यह खेल लॉस एंजेलिस 2028 में ओलंपिक में वापसी करने वाला है।

एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 दूसरे से चौथे स्थान पर रहे। ए तीनों टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट टीमों ने जीते। एशिया कप 2025 ने तीन भारत बनाम पाकिस्तान मैचों के बाद हुआ रोमांचक फाइनल भी शामिल था जिसका फैसला आखिरी ओवर में हुआ, यह सब तिलक वर्मा की मैच जिताने वाले प्रयास की वजह से काफी सुर्खियां में रहा। आठ साल के अंतराल के बाद हुई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब फिर से हासिल किया। महिला क्रिकेट विश्व कप में, भारत ने अपना पहला ग्लोबल खिताब जीता। यह देश में महिला खेलों के लिए एक ऐतिहासिक पल था। इस बीच, गुगल पर सबसे अधिक खोजे जाने वाले स्पोर्ट्स टीमों की रैंकिग में दो आईपीएल फ्रेंचाइजी 'पंजाब किग्स और दिल्ली कैपिटल्स' टॉप पांच में शामिल हो गईं। क्रिकेट के अलावा, फुटबॉल और गोल्फ ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी बनाए रखी।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### वर्ल्ड टेनिस लीग का फॉर्मेट और मैच शेड्यूल जारी

**बेंगलुरु, वार्ता।** वर्ल्ड टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) ने आज भारत में अपने पहले एडिशन के लिए फॉर्मेट, शेड्यूल और टिकट की डिटेल्स की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 17 से 20 दिसम्बर तक बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होगा, और भारत और दुनिया भर के फैंस के लिए एक नया, हाई-एनर्जी वाला टेनिस शो पेश करने के लिए तैयार है। फेज 1 के टिकट अब लीग के ऑफिशियल टिकटिग पार्टनर बुकमाई शो पर उपलब्ध हैं। वर्ल्ड टेनिस लीग 2025 एक तेज औरकॉम्पिटिटिव चार-सेट फॉर्मेट में खेला जाएगा जिसमें मेन्स सिगल्स, विमेंस सिगल्स और दो डबल्स सेट शामिल हैं। जो कप्तान मैच से पहले टॉस जीतेगा, वह डबल्सकॉम्बिनेशन तय करेगा, जिससे खेल शुरू होने से पहले ही थोड़ी स्ट्रेटेजी जुड़ जाएगी।

### वीर ने 62 के शानदार कार्ड के साथ जीता जयपुर ओपन

**जयपुर, वार्ता।** गुरुग्राम के वीर अहलावत, जो रात भर चौथे स्थान पर थे और लीड से पांच शॉट पीछे थे, ने चौथे राउंड में आठ-अंडर 62 के अपने टूर्नामेंट के सबसे कम स्कोर की बराबरी की और जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में खेले गए 1 करोड़ रुपये के इवेंट, शुभशीष होम्स द्वारा प्रस्तुत विक्टोरियस चॉइस जयपुर ओपन 2025 में पीछे से आकर शानदार जीत हासिल की। वीर अहलावत (67-62-70-62), जिन्होंने दूसरे राउंड में भी 62 का स्कोर बनाया था, ने इस हफ्ते कुल 19-अंडर 261 का स्कोर किया और अपना पांचवां खिताब और 15 लाख रुपये का विजेता पुरस्कार जीता, जिससे वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 38वें से 18वें स्थान पर पहुंच गए। शुक्रवार को वीर के असाधारण बोगी-फ्री राउंड ने उन्हें रामबाग गोल्फ क्लब में सबसे कम जीतने वाले कुल स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ने में भी मदद की।

# शेफाली वर्मा नवम्बर के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ के नामितों में



**दुबई, वार्ता।** आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल की प्लेयर ऑफ द मैच, शैफाली वर्मा ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की दौड़ में महिलाओं की शॉर्टलिस्ट में जगह बनाई है। पुरुष वर्ग में दो स्पिनर - साइमन हार्मर और तैजुल इस्लाम - और ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज इस

- **पुरुष वर्ग में दो स्पिनर साइमन हॉर्मर और तैजुल इस्लाम व ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज इस दौड़ में हैं**

दौड़ में हैं। वर्मा की बल्लेबाजी की शानदार परफॉर्मेंस, खासकर फाइनल में, जिसने भारत को पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने में मदद की, उन्हें नवम्बर की लिस्ट में शामिल किया गया। महिलाओं की शॉर्टलिस्ट में, हाल ही में खत्म हुई पहली आईसीसी विमेंस इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी की दो दावेदार, ईशा ओझा और थिपत्चा पुत्थावोंग शामिल हैं। हार्मर और इस्लाम ने क्रमशः भारत और आयरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश की टेस्ट सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई थी। नवाज ने हाल ही में श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ हुई ट्राई-सीरीज में बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दिया था। पुत्थावोंग ने विपक्षी टीम को अपनी गेंदबाजी से परेशान कर दिया, जिससे थाईलैंड ने बैंकॉक में हुई पहली विमेंस इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी प्रतियोगिता में एक शानदार जीत हासिल की, जहां ऑलराउंडर ओझा ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को रनर-अप बनाया।

### एफसी गोवा मुंबई सिटी को हराकर एआईएफएफ सुपर कप के फाइनल में

**गोवा, वार्ता।** एफसी गोवा ने यहां पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक रोमांचक सेमीफाइनल में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर तीसरी बार एआईएफएफ सुपर कप फाइनल में जगह बनाई। डिफेंडिग चैंपियन को अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी, लेकिन गुरुवार रात ब्रिसन(20') और डेविड (23') के पहले हॉफ में किए गए दो शुरुआती गोल ईस्ट बंगाल के साथ फाइनल मुकाबले के लिए काफी साबित हुए। मुंबई सिटी एफसी, जिसने दूसरे हॉफ में जोरदार वापसी की और ब्रैंडन फर्नांडिस के गोल से एक गोल कम किया, इस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल से बाहर हो गई। मैच शुरू होने से पहले ही काफी ड्रामा हुआ, जब एफसी गोवा के कप्तान को टनल में मैच से पहले हुई एक घटना के लिए बाहर कर दिया गया।

# मांडविया ने घुड़सवारी विजेताओं को किया सम्मानित



**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को पटाया में एफईआई एशियाई घुड़सवारी चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में पांच पदक जीतने वाले छह सदस्ईय दल को सम्मानित किया। आशीष लिमाए ने व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और टीम स्पर्धा में एक रजत पदक जीता। जबकि श्रुति वोरा ने तीन रजत पदक जीते। इनमें दो व्यक्तिगत और एक टीम ड्रेसेज में । स्पर्धा करने वाले टीम के अन्य सदस्य शशांक सिंह कटारिया और शशांक कनमूरी और ड्रेसेज में दिव्याकृति सिंह और गौरव पुंडीर थे। आज यहां एथलीटों को सम्मानित करते हुए डा. मांडविया ने घुड़सवारी खेलों में भारत की हालिया प्रगति पर बल देते हुए कहा कि भारत उन खेल विधाओं में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है जिनमें पहले हमारी वैश्विक उपस्थिति बहुत कम थी। मैं आप सभी की उस जुनून के लिए सराहना करता हूं जिसके साथ आपने एक ऐसी विधा को आगे बढ़ाया है जिसका भारत में सीमित पारिस्थितिकी तंत्र रहा है। हालांकि, यह 10 साल पहले वाला भारत नहीं है। आपने पिछले दशक में खेल पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव देखे होंगे। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि सरकार एक एथलीट और उसके पदक के बीच आने वाली किसी भी बाधा को दूर करेगी। हम भारत में एक घुड़सवारी-अनुकूल खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाएंगे, ताकि एथलीटों को विदेश में प्रशिक्षण न लेना पड़े।

## शाई होप के शतक और जस्टिन ग्रीव्स के अर्द्धशतक ने विंडीज को संभाला

- **शाई होप ने नाबाद ने 116 और जस्टिन ग्रीव्स ने नाबाद 53 रनों की शानदार पारियां खेली**

**क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड), वार्ता।** शाई होप (नाबाद 116) की शतकीय और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड द्वारा दिए गए 531 रनों के लक्ष्य के जवाब में पहले टेस्ट के चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय दूसरी पारी में चार पर विकेट 212 रन बना लिए है। यहां न्यूजीलैंड के कल के चार विकेट पर 417 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड का पहला विकेट विल यंग (23) के रूप में गिरा। उन्हें जेडेन सील्स ने आउट किया। इसके बाद माइकल ब्रेसवेल (24), मैट हैनरी (11) और जेकब डफी (आठ) रन बनाकर आउट हुए। 109वें ओवर में जेकब डफी के आउट होने के साथ ही न्यूजीलैंड ने आठ विकेट पर 466 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। वेस्टइंडीज को मैच जीतने के लिए 531 रनों का लक्ष्य मिला। वेस्टइंडीज के लिए केमार रोच ने 78 रन देकर पांच विकेट लिए। ओजय शील्ड्स को दो विकेट मिले। जेडेन सील्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और उसने एक-एक करके अपने चार विकेट 72 के स्कोर तक गंवा दिए। वेस्टइंडीज का पहला विकेट जॉन कैंपबेल (15) के रूप में गिरा। उन्हें जेकब डफी ने आउट किया। तेजनारायण चंद्रपॉल (छह) को भी डफी ने अपना शिकार बनाया। 24वें ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने ऐलेक ऐथनेज (पांच) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान रॉस्टन चेज (चार) चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। ऐसे संकट के समय शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स की जोड़ी ने जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया।

# आईपीएल 2026 नीलामी: कई बड़े नाम रहेंगे गायब




- **ग्लेन मैक्सवेल, आंद्रे रसेल, रवि अश्विन सहित कई हाई प्रोफाइल खिलाड़ियों को टीमों ने कर दिय था रिलीज**

**अबू धाबी, वार्ता।** 6 दिसम्बर को अबू धाबी में होने वाली आईपीएल 2026 नीलामी में 10 फ्रेंचाइजी 77 स्लॉट भरने के लिए एक-दूसरे को पछाड़ती नजर आएंगी, जिसमें 31 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 1355 क्रिकेट खिलाड़ियों - जिसमें 1,062 भारतीय और 293 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं - ने पहले ही आने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। नीलामी में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की फाइनल शॉर्टलिस्ट 5 दिसम्बर के बाद सभी टीमों की दिलचस्पी जानने के बाद तय की जाएगी। हालांकि, कुछ बड़े नाम आने वाली आईपीएल नीलामी से गायब रहेंगे क्योंकि कई हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों, जिन्हें उनकी संबंधित टीमों ने रिलीज कर दिया था, ने आईपीएल 2026 नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराने का फैसला किया है। कुछ और जाने-पहचाने चेहरे भी लीग या क्रिकेट से पूरी तरह रिटायरमेंट के कारण भविष्य के आईपीएल सीजन में वापस नहीं आएंगे। यहां उन टॉप क्रिकेटरों की पूरी लिस्ट दी गई है जो आईपीएल 2026 नीलामी का हिस्सा नहीं होंगे। ग्लेन मैक्सवेल ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट स्टार ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2026 नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराने का फैसला किया है, जिससे फ्रेंचाइजी टी20 क्रिकेट लीग में उनके लगातार 13 सीजन का सिलसिला खत्म हो गया, जो 2012 में दिल्ली कैपिटल्स (उस समय दिल्ली डेयरडेविल्स) के साथ शुरू हुआ था। मैक्सवेल ने अपने आईपीएल करियर का ज्यादातर हिस्सा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के लिए खेला। हालांकि, उनका एकमात्र आईपीएल खिताब 2013 में मुंबई इंडियंस के साथ आया था। दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले मैक्सवेल ने आईपीएल में भी अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई, और पिछले कुछ सालों में कुछ यादगार पारियां खेलीं। हालांकि, उन्होंने इस टूर्नामेंट में लंबे समय तक खराब दौर भी झेला है। 141 आईपीएल मैचों में, मैक्सवेल ने 23-89 की औसत और 155-15 के स्ट्राइक रेट से 2819 रन बनाए हैं। उनकी शानदार राइट-आर्म ऑफ-ब्रेक बॉलिग से उन्हें 41 विकेट भी मिले, जिससे एक असरदार ऑलराउंडर के तौर पर उनकी पहचान बनी। आईपीएल में ग्लेन मैक्सवेल का सबसे अच्छा प्रदर्शन 2014 सीजन में था जब उन्होंने 552 रन बनाए और पंजाब किग्स (तब किग्स इलेविन पंजाब) को फाइनल तक पहुंचाया। वह आईपीएल 2025 में भी पंजाब फ्रेंचाइजी का हिस्सा थे, लेकिन उंगली टूटने की वजह से उनका सीजन समय से पहले खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी पंजाब किग्स की आईपीएल 2026 रिटेंशन लिस्ट से भी गायब थे।

**आंद्रे रसेल**-वेस्टइंडीज के पावरहाउस आंद्रे रसेल ने 12 सीजन के बाद एक खिलाड़ी के तौर पर अपने इंडियन प्रीमियर लीग करियर को अलविदा कह दिया है, जिससे टी20 लीग के सबसे विस्फोटक करियर में से एक का अंत हो गया है।रसेल, जिन्होंने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स के साथ आईपीएल में डेब्यू किया था, उन्हें सुपरस्टार का दर्जा 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शामिल होने के बाद ही मिला। विडीज के ऑलराउंडर केकेआर की आक्रामक, हाई-इम्पैक्ट क्रिकेट का चेहरा बन गए और टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे खतरनाक फिनिशर्स में से एक के रूप में खुद को स्थापित किया। अपनी मर्जी से बाउंड्री पार करने, असरदार स्पेल फेंकने और मैदान पर एथलेटिक पल बनाने की उनकी क्षमता ने उन्हें हर डिपार्टमेंट में मैच विनर बनाया। 140 आईपीएल मैचों में, रसेल ने 174-18 के शानदार स्ट्राइक रेट से 2,651 रन बनाए और 123 विकेट लिए, जिससे उन्हें सबसे बेहतरीन टी20 ऑलराउंडरों में से एक के रूप में पहचान मिली। रसेल को दो बार आईपीएल मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया - 2015 और 2019 में, जिससे वह यह अवॉर्ड कई बार जीतने वाले कुछ ही क्रिकेटरों में से एक बन गए। उन्होंने 2014 में, फ्रेंचाइजी के साथ अपने डेब्यू सीजन में केकेआर को आईपीएल ट्रॉफी जीतने में भी मदद की, और 2024 में दूसरा खिताब जीता था।

## महंगाई पर चतुराई

दो बार पॉलिसी रेट को फ्रीज रखने के बाद आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इस तरह आरबीआई ने मौजूदा साल में रेपो रेट में 1.25 फीसदी की कटौती की है, जबकि महंगाई अनुमान में मौजूदा वित्त वर्ष के लिए फरवरी की पॉलिसी से अब तक 2.20 फीसदी की कटौती देखने को मिल चुकी है। अक्टूबर के महीने में देश में महंगाई 0.25 फीसदी देखने को मिली थी। जानकारों का मानना है कि अगर अक्टूबर के महीने गोल्ड के दाम पीक पर ना होते, तो रिटेल महंगाई माइनस में चली गई होती, लेकिन आज इसपर चर्चा करने की जरुरत क्यों आ पड़ी, कारण है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की शुक्रवार को समाप्त तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में एमपीसी ने कैलेंडर ईयर की आखिरी एमपीसी में मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई अनुमान को 2 फीसदी पर कर दिया है। जबकि फरवरी की पॉलिसी मीटिंग में यही अनुमान 4.20 फीसदी पर था। इसका मतलब है कि आरबीआई ने अपने महंगाई अनुमान को आधे से भी ज्यादा कम कर दिया है। वहीं दूसरी ओर पॉलिसी रेट में ये कटौती इतनी तेज देखने को नहीं मिल रही है। फरवरी पॉलिसी मीटिंग से पहले आरबीआई का रेपो रेट 6.5 फीसदी पर था। कई महीनों के बाद फरवरी की पॉलिसी मीटिंग में आरबीआई रेट में कटौती की थी। मौजूदा कैलेंडर ईयर की बात करें तो आरबीआई ने 6 पॉलिसी मीटिंग में से 4 में कटौती की है। मौजूदा समय में रेपो रेट 5.25 फीसदी पर आ गए हैं। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि आरबीआई ने जितना आक्रामक रुख महंगाई के अनुमान को कम करने पर दिखाया, उतना पॉलिसी रेट या यूं कहें कि आम लोगों की लोन ईएमआई को कम करने में नहीं दिखाया। आखिर महंगाई कम होने और पॉलिसी रेट के कम होने के आंकड़ों में इतना फर्क क्यों देखने को मिल रहा है। साल के शुरूआत में आरबीआई एमपीसी की अपनी पहली मानेटरी पॉलिसी में संजय मल्होत्रा ने ब्याज दरों के अनुमान को घटाने का प्रयास किया। तब उन्होंने मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए महंगाई अनुमान में 10 बेसिस प्वाइंट की कटौती की थी और महंगाई अनुमान को 4.50 फीसदी पर लेकर आए थे और मौजूदा वित्त वर्ष 2026 के लिए महंगाई के अनुमान को 4.20 फीसदी पर रखा था। अप्रैल की पॉलिसी मीटिंग में मौजूदा वित्त वर्ष की महंगाई के अनुमान में 0।20 फीसदी कटौती की गई और महंगाई दर को 4 फीसदी पर कर दिया गया। जून की आरबीआई मानेटरी पॉलिसी मीटिंग में आरबीआई ने महंगाई को लेकर फिर से अपने रुख को स्पष्ट कर दिया है और 0.30 फीसदी की कटौती कर डाली। जिसके बाद महंगाई का अनुमान 3।70 फीसदी पर आ गया। इसका मतलब है ये हुआ महंगाई लगातार तीन मीटिंग में अनुमान के अनुमान में 0. 50 फीसदी की कटौती कर दी गई। अगस्त की पॉलिसी मीटिंग में आरबीआई एमपीसी ने महंगाई के अनुमान में काफी बड़ी कटौती। अब तक आरबीआई ने जितनी 3 पॉलिसी मीटिंग में कटौती की थी। अगस्त के महीने में एक साथ कटौती कर डाली। आरबीआई ने महंगाई अनुमान में 0.60 फीसदी की कटौती कर वित्त वर्ष का अनुमान 3.10 फीसदी पर लेकर आ गए। अक्टूबर के महीने में आरबीआई एमपीसी ने एक बार फिर से 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती और वित्त वर्ष की महंगाई के अनुमानित आंकड़े को 2.60 फीसदी पर लेकर आ गए। दिसम्बर में इसी आंकड़ों को 2 फीसदी पर लाया गया है। इसका मतलब है कि महंगाई अनुमान में मौजूदा वित्त वर्ष के 60 बेसिस प्वाइंट की बड़ी कटौती की गई है। आरबीआई ने जितनी दिलचस्पी महंगाई के अनुमान को कम करने में दिखाई, उतनी लोन ईएमआई को कम करने में नहीं। आरबीआई की चतुराई आंकड़ों से आसानी से समझी जा सकती है।

### मैच फिक्सिंग करने वाली एकाधिकार नीति



देश के विभिन्न हिस्सों से उड़ानों के रद्द होने तथा देरी के कारण हवाई यात्रियों की परेशानी और इंडिगो एयरलाइंस की विफलता सरकार की एकाधिकार नीति का परिणाम है, इस संकट के बुनियाद सरकार की एकाधिकार की नीति में है और सरकार की इस नीति को अपनाने ने के कारण ही इंडिगो के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इंडिगो की विफलता मोदी सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है, एक बार फिर, इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है, जिसके कारण विमान सेवाओं में देरी हो रही है और उड़ानें एक के बाद एक करके रद्द की जा रही हैं, भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है, मैच फिक्सिंग करने वाली एकाधिकार की नीति ठीक नहीं है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# इतिहास का जख्म

# बाबरी विध्वंस



## बहुसंख्यक और मुसलमान मुल्क के बराबर के नागरिक



**कारी महबूब हसन**

6 दिसंबर 1992 यह तारीख किसी कैलेंडर का महज एक पन्ना नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र पर लगा वह कलंक है जो तीन दशक बीत जाने के बाद भी आज ताजा है। आज बाबरी मस्जिद की शहादत को 33 साल पूरे हो गए, लेकिन वक़्त का यह सफर न हमारे जख्म भर सका और न ही इस वतन के संविधान को इस सदमे को भुलाने की इजाजत दे सका।

बाबरी मस्जिद का ढहाया जाना महज एक इमारत की शहादत नहीं था यह कानून की सर्वोच्चता पर हमला, संविधान की रूह की बे-हुरमती और एक पूरी कौम के सुरक्षित होने के एहसास के छिन्न-भिन्न हो जाने का हादसा था। सब जानते हैं कि जिस जगह पर जिन दावों की बुनियाद पर मस्जिद गिराई गई, उनके पक्ष में न कोई ऐतिहासिक और न ही पुरातात्विक कोई पक्का सबूत मौजूद था। अदालत भी इस हकीकत से वाकिफ थी कि 1949 में एक सुनियोजित साजिश के तहत मस्जिद के अंदर मूर्तियां रखी गई थीं और उसके बाद माहौल को धार्मिक उन्माद की आग में झोंक दिया गया।

बाबरी मस्जिद के ढहाए जाने के बाद देश के गंभीर हलकों को उम्मीद थी कि शायद इस भयानक हादसे ने हमें झकझोर दिया होगा, शायद अब सांप्रदायिक राजनीति अपनी मौत आप मर जाएगी, शायद अब हम एक-दूसरे के मजहब, जान और इबादतगाहों को ज्यादा इज्जत की नजर से देखेंगे, लेकिन अफसोस ऐसा नहीं हुआ। सांप्रदायिक ताकतों ने लगातार इस देश के मुसलमानों को जुल्म का निशाना बनाया। कभी दंगे, कभी निशाना बनाई गई मस्जिदें, कभी बेगुनाहों की गिरफ्तारियां, कभी आर्थिक बहिष्कार की मुहिमें और कभी कानून के नाम पर खड़ी की गई नई दीवारें हर दौर में जख्म ताजा होते रहे। आज भी वही माहौल, फर्क सिर्फ इतना कि बयानिया बदल गया है। 33 साल बाद फिर हालात 1992 जैसे नजर आने लगे हैं। धुएं की वही बू, नफरत की वही सरगोशियां, बहुसंख्यकवाद के वही नारे, अल्पसंख्यक को कमजोर करने की वही साजिशें बस चेहरे और तरीके बदल गए हैं, इरादे नहीं। आज भी मस्जिदों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। नई मुहिमों के नाम पर माहौल गरम किया जा रहा है।

इतिहास को राजनीतिक फायदे के ताबेदार बनाया जा रहा है। मुस्लिम पहचान और दीन की निशानियों को निशाना बनाया जा रहा है। कानून से ज्यादा जज्बात का राज दिखाई देता है। यह सब देखकर लगता है कि 1992 महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक जहनियत थी और वह जहनियत आज भी जिंदा, सक्रिय और सरगर्म है। 1992 से आज तक मुस्लिम कौम की हालत बेहतर होने के बजाय और नाजुक होती गई। शिक्षा में पिछड़ापन, आर्थिक कमजोरी, मीडिया की नकारात्मक इमेज, नागरिक अधिकारों में कमी, और राजनीतिक नुमाइंदगी का खात्मा इन सबने इस कौम को और कमजोर किया है।

दंगे, भीड़ द्वारा हिंसा और लंबी कानूनी लड़ाइयां आज भी हमारे घरों की हकीकत हैं। हालात का जायजा लें तो अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आने वाले वक्त में भी कोई बड़ी रोशनी नजर नहीं आती। जब तक नफरत की राजनीति को वोट मिलते रहेंगे, जब तक मजहब को हुकूमत और सत्ता का रास्ता समझा जाता रहेगा, जब तक इंसाफ की कुर्सी पर बराबरी की जगह जज्बात हावी रहेंगे। तब तक बाबरी मस्जिद जैसे हादसे याद तो रहेंगे मगर कहीं दोबारा न हो जाएं, यह डर भी साथ-साथ चलता रहेगा, लेकिन यह कौम कमजोर नहीं जज्बात के साथ-साथ शऊर भी है। मुसलमान इस वतन के बराबर के नागरिक हैं और हमेशा रहेंगे। हमारी तारीख, हमारी तहजीब, हमारे इदारे, हमारी मस्जिदें सब इस मुल्क की रूह का हिस्सा हैं। हमने जख्म सहे हैं मगर हौसला नहीं हारा।

हम आज भी संविधान पर यकीन रखते हैं, इंसाफ पर ईमान रखते हैं और अमन के साथ जीने की जद्दोजहद कर रहे हैं। बाबरी मस्जिद हमारी तहजीबी की याद है और उसकी शहादत एक सबक। यह सबक कि अगर हम गफलत करें, अगर हम बेदार न रहें, अगर हम अपने आइनी हुकूक के लिए मुंतजिम तरीके से खड़े न हों, तो इतिहास खुद को दोहराने में देर नहीं लगाता। मुल्क की सलामती और भाईचारा सिर्फ मुसलमानों की नहीं, बल्कि हर इंसाफ-पसंद हिंदुस्तानी की जिम्मेदारी है।


आने वाली नस्लें हमसे सवाल करेंगी कि हमने नफरत के मुकाबले में क्या किरदार अदा किया और हमने इतिहास के जख्मों को भरने के लिए क्या कदम उठाया। अल्लाह करे कि इस मुल्क में इंसाफ गालिब हो, अमन कायम रहे और बाबरी मस्जिद जैसा हादसा दोबारा कभी न हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**शोध पत्र में इस बात को समझने की कोशिश हुई हैं कि आंतरिक वाणी कैसे निर्मित होती है। पिछले कुछ दशकों में इंजी. नियर्स ऐसे लोगों के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स बनाने में सफल हुए हैं जो लकवाग्रस्त होने की वजह से बोल नहीं पाते। इन सिस्टम्स में यह क्षमता है कि वे मस्तिष्क में चल रही गतिविधियों से शब्द निर्मित कर सकते हैं।**

## अद्भुतः मन की बात बोल देने वाला यंत्र

हम मन ही मन कई बातें सोचते हैं लेकिन वे किसी को सुनाई नहीं पड़ती। क्या हो यदि मन की इन बातों को बाहर सुना जा सके और हाल ही में सेल पत्रिका में प्रकाशित एक शोध पत्र में इसी करिश्मे का उल्लेख किया गया है। इसमें शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क में लगाए गए इम्प्लांट्स और डैटा विश्लेषण की मदद से चार लोगों की मन की बातों से सम्बंधित तंत्रिका संकेतों को अलग करने की जुगाड़ जमाई है। ये चारों व्यक्ति गति संबंधी दिक्कतों से पीड़ित थे जो उनकी बोलने की क्षमता को बाधित कर रही थी। शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस स्थापित किया जो उनके मन की बातों को वाणी दे सकता है। आप देख ही सकते हैं कि इसकी अपनी समस्याएं हैं-यह तकनीक किसी व्यक्ति के ऐसे विचारों को भी मुखर कर सकती है जो वह मन में ही रखना चाहे।



दरअसल शोध पत्र में इस बात को समझने की कोशिश हुई हैं कि आंतरिक वाणी कैसे निर्मित होती है। पिछले कुछ दशकों में इंजीनियर्स ऐसे लोगों के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स बनाने में सफल हुए हैं जो लकवाग्रस्त होने की वजह से बोल नहीं पाते। इन सिस्टम्स में यह क्षमता है कि वे मस्तिष्क में चल रही गतिविधियों से शब्द निर्मित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ महीने पहले कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक यंत्र प्रस्तुत किया था जो एमायोट्रॉफिक लेटरल स्क्लेरोसिस ALS से पीड़ित एक व्यक्ति के दिमाग के मोटर कॉर्टेक्स में लगे इलेक्ट्रोड्स के संकेतों से शब्दों का सटीक व त्वरित पुनर्निर्माण कर सकता था। इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी, यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है। लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है। हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे। शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया। ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है। शोधकर्ताओं ने दो स्थितियों के रिकॉर्डिंग की तुलना की-एक तब जब सहभागी शब्दों को जोर से बोलने का प्रयास कर रहे थे और दूसरी तब जब वे मन ही मन वे शब्द सोच रहे थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन दोनों स्थितियों (बोलने का प्रयास और मन में सोचना यानी अंदरुनी वाणी) में इसी क्षेत्र की तंत्रिकाएं सक्रिय हुईं। अंदरुनी वार्तालाप पर ध्यान केंद्रित करके कुंज व साथियों ने एक एल्गोरिद्म विकसित किया जो इन संकेतों को ध्वनि में बदल सकता था। अब बारी आई इस मॉडल को प्रशिक्षित करने की। टीम ने सहभागियों से कहा कि वे सवा लाख शब्दों की एक सूची के शब्दों को मन ही मन बोलें और उनकी तंत्रिका गतिविधि को रिकॉर्ड कर लिया। फिर सहभागियों से कहा गया कि वे उन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कुछ पूरे-पूरे वाक्य बोलने की कल्पना करें। परिणाम यह रहा कि उनका मॉडल अंदरुनी वार्तालाप को तत्काल वाक्यों में बदल सका। इसमें गलती होने की दर 26 से 54 प्रतिशत रही जो आज तक के प्रयासों में सबसे बेहतर है। हालांकि गलती की दर काफी अधिक है, लेकिन यह अध्ययन मनोगत वार्तालाप की अच्छी छानबीन है। वैसे इस तरह के अध्ययनों के साथ एक समस्या निजता सम्बंधी भी है। कहीं ऐसा न हो कि वाणी-बाधित लोगों के सारे विचार खुलकर उजागर होने लगें। एक विचार तो यह है कि सारे मनोगत विचारों को नहीं बल्कि सिर्फ उन विचारों को एल्गोरिद्म तक पहुंचने दिया जाए, जिन्हें बोलने की कोशिश वह व्यक्ति कर रहा हो। दूसरा विचार है कि कोई ऐसा पासवर्ड हो जो वह व्यक्ति सोचे तभी विचारों को ध्वनि में तबदील किया जाए। एक व्यक्ति के मामले में यह पासवर्ड वाली व्यवस्था 99 प्रतिशत बार कारगर रही। मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस के विकास के साथ ऐसी व्यवस्थाएं निजता को सुरक्षित रखने के लिए अधिकाधिक जरूरी होती जा रही हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# घुसपैठिये भाजपा के लिए एक प्रमुख राजनीतिक हथियार



**एम हसन**

दुनिया बड़े पैमाने पर जनसंख्या पलायन की चपेट में है। वैध और अवैध दोनों। यह समस्या उत्तर प्रदेश के सुदूर इलाकों से लेकर बिहार, असम, पश्चिम बंगाल और अन्य क्षेत्रों के सुदूर इलाकों तक विकराल रूप धारण कर चुकी है। अगर अमेरिका ने तीसरी दुनिया के सभी देशों से होने वाले प्रवास को स्थाई रूप से रोकने की घोषणा की है, तो उत्तर प्रदेश ने बांग्लादेश, म्यांमार और अन्य पड़ोसी देशों से आने वाले सभी अज्ञात अवैध प्रवासियों घुसपैठिए-घुसपैठियों को हिरासत में लेने के लिए सभी मंडल मुख्यालयों पर डिटेंशन सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है।



अमेरिका के लिए लाखों अप्रवासी अवैध और विघटनकारी आबादी बन गए हैं और प्रशासन ने गैर-नागरिकों को मिलने वाले सभी संघीय लाभ और सब्सिडी समाप्त करने का संकल्प लिया है। अमेरिकी सरकार ने यह भी घोषणा की है कि घरेलू शांति को भंग करने वाले प्राकृतिक अप्रवासियों से अमेरिकी नागरिकता छीन ली जानी चाहिए और उन लोगों को निर्वासित करने का आह्वान किया है जिन्हें सरकार पश्चिमी सभ्यता के अनुकूल नहीं मानती है। अवैध अप्रवासियों का संकट यूरोप के लिए भी उतना ही खतरा है। भारत में भी हाल ही में अमेरिका से बड़ी संख्या में निर्वासन देखा गया है, जब अमेरिका में घुसपैठिए रहे हथकड़ी लगाए भारतीय युवकों को हिरासत में लिया गया और उन्हें वापस दिल्ली लाया गया। अब सुर्खियां उत्तर प्रदेश में आ गई हैं क्योंकि आदित्यनाथ योगी सरकार ने भी ऐसे लोगों की पहचान करने और उनके मामलों का फैसला होने तक उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखने के लिए इसी तरह की कवायद शुरू करने का फैसला किया है। इन अवैध प्रवासियों को कानूनी सत्यापन, न्यायिक प्रक्रिया और उनके देशों में प्रत्यावर्तन तक इन केंद्रों में रखा जाएगा। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव के दौरान बिहार के सीमांचल क्षेत्र में बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध घुसपैठ भाजपा का प्रमुख राजनीतिक मुद्दा था। बिहार चुनाव के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार इन घुसपैठियों को बाहर निकालने की घोषणा की थी और यह प्रक्रिया उत्तर प्रदेश में, जहां 2027 में चुनाव होने हैं, जोर-शोर से शुरू हो गई है। अगले साल पश्चिम बंगाल और असम में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घुसपैठिए के लिए डिटेंशन सेंटर बनाने की योजना इन चुनावी राज्यों में भाजपा के लिए एक राजनीतिक हथियार बन सकती है। अमेरिका में रिपब्लिकन के MAGA समूह के लिए जो अवैध आव्रजन मायने रखता है, वही भाजपा के लिए घुसपैठ है। दोनों के लिए यह एक राजनीतिक हथियार है।

15 अगस्त, 2025 को लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज मैं देश को एक चिंता, एक चुनौती से आगाह करना चाहता हूं। एक सोची-समझी साजिश के तहत, देश की जनसांख्यिकी को बदला जा रहा है। एक नए संकट के बीज बोए जा रहे हैं। ये घुसपैठिए मेरे देश के युवाओं की रोजी-रोटी छीन रहे हैं, ये घुसपैठिए मेरे देश की बहनों-बेटियों को निशाना बना रहे हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ये घुसपैठिए भोले-भाले आदिवासियों को गुमराह कर उनकी जमीन हड़प रहे हैं। यह देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए एक उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिशन शुरू करने का फैसला किया है। आज लाल किले की प्राचीर से, मैं कहना चाहता हूं कि हमने एक उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिशन शुरू करने का निर्णय लिया है। यह मिशन निश्चित रूप से भारत पर मंडरा रहे गंभीर संकट से निपटने के लिए निर्धारित समय-सीमा में सुविचारित तरीके से अपना काम करेगा और हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मोदी ने चेतावनी दी कि जब जनसांख्यिकीय परिवर्तन होते हैं, खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में, तो वे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संकट पैदा करते हैं। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक स्वर और भाव पहले ही तय हो चुके हैं। 4 नवंबर को ममता बनर्जी की एसआईआर विरोधी रैली के दौरान ये खामियां स्पष्ट रूप से उजागर हुईं, जिसे भाजपा ने तुरंत जमात-प्रायोजित या घुसपैठिए बचाओ प्रदर्शन बताकर खारिज कर दिया, जो कथित मुस्लिम अवैध प्रवासियों का परोक्ष संदर्भ था। इस बीच, माकपा ने अपने कार्यकर्ताओं को दक्षिणपंथी विचारधारा के इर्द-गिर्द संगठित किया है ताकि वे रवींद्रनाथ टैगोर के आमार सोनार बांग्ला को खुलकर गा सकें, जिसकी हाल ही में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बांग्लादेश का राष्ट्रगान कहकर आलोचना की थी। हालांकि, भाजपा का कथानक एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय विवरण को नजरअंदाज करता है। अवैध प्रवासी माने जाने वाले लोगों का एक बड़ा हिस्सा हिंदू है। इनमें मतुआ समुदाय भी शामिल है, जो एक अनुसूचित जाति का हिंदू संप्रदाय है और जिसके लगभग 2.5 करोड़ अनुयाई हैं, जिनमें लगभग 1.2-1.5 करोड़ पंजीकृत मतदाता शामिल हैं। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि लगभग दो करोड़ अयोग्य मतदाता मतदाता सूची में हो सकते हैं, यह आंकड़ा एसआईआर प्रक्रिया को मुस्लिम प्रवासियों की पहचान से कहीं अधिक जटिल बना देता है। हालांकि, 21 नवंबर को भुज गुजरात में एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, आज मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम इस देश से हर एक घुसपैठिए को एक-एक करके बाहर निकालेंगे। मोदी सरकार का संकल्प है कि देश के हर एक घुसपैठिए को बाहर निकाला जाए। शाह ने कहा, देश के किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री कौन होगा या प्रधानमंत्री कौन होगा, यह निर्णय केवल भारत के नागरिक ही ले सकते हैं। घुसपैठियों को हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रदूषित करने और हमारे लोकतांत्रिक निर्णयों को प्रभावित करने का कोई अधिकार नहीं है। शाह ने कहा, मैं उन राजनीतिक दलों को भी चेतावनी देना चाहता हूं जो इन घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। बिहार चुनाव देश की जनता का जनादेश था और यह जनादेश हमारे देश में घुसपैठियों की मौजूदगी के खिलाफ है।

(लेखक हिंदुस्तान टाइम्स, लखनऊ के ब्यूरो प्रमुख रह चुके हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### 30 देशों पर ट्रेवल बैन लगाने की तैयारी कर रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ट्रेवल बैन को बढ़ाकर 30 देशों से अधिक करने की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने फाक्स न्यूज के कार्यक्रम 'द इंग्राहम एंगल' में कही। क्रिस्टी नोएम ने कहा कि मैं संख्या के बारे में स्पष्ट नहीं कहूंगी, लेकिन यह 30 से अधिक है, राष्ट्रपति इन देशों का मूल्यांकन जारी रखे हुए हैं। यह बयान ट्रम्प के साथ उनकी हालिया बैठक के बाद आया है। जिसमें नोएम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की थी, जिसमें उन्होंने हर उस देश पर पूर्ण यात्रा प्रतिबंध लगाने की मांग की थी जो अमेरिका में अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं।

### शिजो आबे की हत्या के आरोपी ने मांगी माफी

**टोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिजो आबे की 2022 में हुई हत्या के मामले में गुरुवार को अदालत में पेश हुए आरोपी ने पहली बार आबे के परिवार से माफी मांगी और कहा कि उसके मन में उनके प्रति 'कोई भी बुरी भावना' नहीं थी। नारा जिला अदालत में 14वीं सुनवाई के दौरान तेत्सुया यामागामी ने कहा कि उन्हें आबे की पत्नी अकी आबे और परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति 'सहानुभूति' है। सुअकी हालांकि गुरुवार को सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद नहीं थीं।

### 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त

**बैंकॉक।** थाईलैंड में अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध सिडिकेट और प्रमुखकॉल सेंटर घोटाला नेटवर्क से जुड़ी 10 अरब बाट (31.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य की संपत्तियों को जब्त करने एवं फ्रीज करने का आदेश दिया है। अंतर्राष्ट्रीय घोटालेबाजों को जड़ से उखाड़ फेंकना विषय पर बुधवार को आयोजित एक मीडिया ब्रीफिंग में थाई प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने इस बात पर बल दिया कि सरकार संदिग्धों की सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना कानूनी कार्रवाई करेगी।

# इमरान पागल घोषित, मुनीर आर्मी ने गद्दार भी कहा

■ सेना के प्रवक्ता ने बकायदा इसको लेकर बयान जारी किया, कहा: इमरान अब मानसिक रोगी हो चुके हैं, वे गद्दारों की भाषा बोल रहे हैं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने आडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पागल घोषित कर दिया है। सेना के प्रवक्ता ने बकायदा इसको लेकर एक बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि इमरान अब मानसिक रोगी हो चुके हैं।

वे गद्दारों की भाषा बोल रहे हैं। इमरान खान जेल से आम नागरिकों को सेना के खिलाफ भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे अब टॉलरेट नहीं किया जाएगा। जियो टीवी उर्दू के मुता. बिक आर्मी के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा: इमरान खान दुश्मन की भाषा बोल रहे हैं। अपने हर बयान में शेख मुजीब-उर रहमान का जिक्र कर रहे हैं। ये मुल्क के साथ गद्दारी है। दरअसल, मुजीब उर रहमान की वजह से ही 1971 में पाकिस्तान का विभाजन हुआ था। यह घोषणा इमरान खान और उनकी बहन उज्मा के बीच हुई मुलाकात के ठीक 3 दिन बाद की गई है। उज्मा ने अपने भाई से मुलाकात के बाद उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ्य बताया था। सवाल उठ रहा है कि क्या 3 दिन बाद ही इमरान खान पागल हो गए हैं? अहमद शरीफ चौधरी के मुताबिक अनुच्छेद 19 में सिर्फ अभिव्यक्ति की आजादी की बात नहीं कही गई है।

# तीन सेनाओं के चीफ बने आसिम मुनीर

## नियुक्ति को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने मंजूरी दी



एयरफोर्स चीफ को भी दो साल का एक्सटेंशन

विपक्ष बोला: शहबाज के पास अब सेना पर कंट्रोल नहीं, पाक आर्मी के हाथों में परमाणु कमांड

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) और चीफ आफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) नियुक्त किया। दोनों पदों पर उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। नियुक्ति को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने मंजूरी दी।

मुनीर पाकिस्तान के पहले सैन्य अधिकारी हैं जो एक साथ सीडीएफ और सीओएएस दोनों पद संभालेंगे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नियुक्ति की सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को समरी भेजी थी। मुनीर को इसी साल फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था। इसके अलावा एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू के लिए दो साल के एक्सटेंशन को भी मंजूरी दी गई, जो मार्च 2026 में उनके मौजूदा पांच साल के कार्यकाल के पूरा होने के बाद लागू होगा। पाकिस्तानी संसद ने 12 नवम्बर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था। इसके तहत मुनीर को सीडीएफ बनाया गया। इस पद के मिलते ही उन्हें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की कमान भी मिल गई यानी वे देश के सबसे ताकतवर शख्स बन गए हैं। दरअसल 29 नवम्बर 2022 को जनरल आसिम मुनीर को सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उनका मूल कार्यकाल तीन साल का था, यानी 28 नवम्बर 2025 को खत्म हो गया। मुनीर को सीडीएफ बनाने के लिए 29 नवम्बर तक नोटिफिकेशन जारी होना था, तब मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया था कि शहबाज शरीफ ने खुद को इस प्रक्रिया से इसलिए दूर कर लिया है, ताकि उन्हें आसिम मुनीर की नई नियुक्ति वाले आदेश पर साइन न करने पड़े।

# H-1B वीजा सोशल मीडिया अकाउंट के जांच के बाद मिलेगा

■ ट्रम्प ने एच-1बी वीजा नियमों में सख्ती के आदेश दिए, 15 दिसम्बर से लागू होगा नया नियम भारतीयों पर पड़ेगा सबसे ज्यादा असर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच-1बी वीजा नियमों में सख्ती के आदेश दिए हैं। एच-1बी आवेदकों को अपना सोशल मीडिया अकाउंट सार्वजनिक करना होगा, ताकि अमेरिकी अधिकारी आवेदक की प्रोफाइल, सोशल मीडिया पोस्ट और लाइक्स को देख सकें।

यदि आवेदक की कोई भी सोशल मीडिया एक्टिविटी अमे. रिकी हितों के खिलाफ दिखी तो एच-1बी वीजा जारी नहीं किया जाएगा। एच-1बी के आश्रितों (पत्नी, बच्चों और पेरेंट्स) के लिए एच-4 वीजा के लिए भी सोशल मीडिया प्रोफाइल को पब्लिक करना जरूरी होगा। ऐसा पहली बार है, जब एच-1बी वीजा के लिए सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच जरूरी की गई है। नए नियम 15 दिसम्बर से लागू होंगे। ट्रम्प प्रशासन ने सभी दूतावा. सों को निर्देश जारी किए हैं। अगस्त से स्टडी वीजा एफ-1, एम-1 और जे-1 साथ ही विजिटर वीजा बी-1, बी-2 के लिए सोशल मीडिया प्रोफाइल को पब्लिक करने की अनिवार्यता लागू की जा चुकी है एच-1 बी वीजा हाई स्किल्ड प्रोफेशनल्स जैसे डाक्टर्स, इंजीनियर, साफ्टवेयर प्रोफेशनल्स को एच-1 बी वीजा जारी होता है। 1990 में अमेरिकी कांग्रेस में बिल के जरिए ये वीजा अस्तित्व में आया।

# मोदी और पुतिन 24 घंटे में 3 बार मिले, डिफेंस डील नहीं

## मोदी ने कहा: रूस सबसे करीबी दोस्त, पुतिन बोले: हम सिर्फ तेल-गैस की बात करने नहीं आए



पुतिन ने मोदी को रूस आने का न्योता दिया


पुतिन के दौरे पर बीबीसी ने कहा: अमेरिकी दबाव के बीच पुतिन भारत पहुंचे, यूक्रेनी मीडिया ने लिखा: भारतीय डिप्लोमेसी की परीक्षा

**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 23 घंटे में 3 बार मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने साथ में प्राइवेट डिनर, द्विपक्षीय बातचीत, जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस और इंडिया-रूस बिजनेस फोरम की बैठक को संबोधित किया। हालांकि इस दौरान दोनों देशों के बीच भी किसी बड़े डिफेंस डील का ऐलान नहीं किया गया।

इससे पहले कई रिपोर्ट्स में भारत-रूस के बीच किसी लड़ाकू विमान या बड़े रक्षा सौदा होने की बात कही जा रही थी। भारत-रूस के बीच 19 समझौतों पर मुहर लगी हैं। इनका मकसद भारत-रूस व्यापार बढ़ाना है। भारत-रूस के बीच शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) पर समझौते और एमओयू साइन किए गए। पीएम मोदी ने रूस को सबसे करीबी सहयोगियों में से एक बताया है। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच दोस्ती को ध्रुव तारे की तरह स्थिर और अटल है। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनकी टीम सिर्फ तेल और गैस पर बात करने या सौदे करने के लिए भारत नहीं आई है।

वे भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं। पुतिन ने अगले साल मास्को में होने वाले भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी को न्योता दिया है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन गुरुवार को 4 साल बाद भारत दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर उनका गले लगाकर स्वागत किया। अमे. रिका से लेकर यूक्रेन तक की मीडिया इस दौरे को प्रमुखता से कवर कर रही है। बीबीसी ने कहा कि यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका लगातार भारत पर दबाव डाल रहा है कि वह रूस से तेल खरीद कम करे। भारत और रूस की दोस्ती बहुत पुरानी है और दोनों देश एक-दूसरे के लिए कई मायनों में जरूरी हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और लगभग डेढ़ अरब की आबादी वाला मार्केट है। यही वजह है कि रूस भारत को अपने लिए महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। खासकर तेल के कारोबार में रूस को भारत से बड़ी उम्मीदें हैं। आयल के अलावा डिफेंस सेक्टर में भी भारत-रूस साझेदारी काफी मजबूत है। कई सालों से भारत रूसी हथियार खरीदता आया है। इस यात्रा से पहले ऐसी खबरें आई थीं कि भारत रूस से नए लड़ाकू विमान और एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने पर विचार कर रहा है। रूस में स्किल वर्कर्स की कमी है और वह भारत को इस कमी को पूरा करने वाले एक बड़े सोर्स के तौर पर देखता है।

इस यात्रा का एक बड़ा राजनी. तिक संदेश भी है। रूस दुनिया को यह दिखाना चाहता है कि पश्चिमी देशों के विरोध और यूक्रेन युद्ध के बावजूद वह अकेला नहीं है। पुतिन का भारत आना और इससे पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी मुलाकातें इसी संदेश का हिस्सा हैं। रूस जोर देकर कहता है कि उसकी चीन के साथ 'नो-लिमिट पार्टनरशिप' है और भारत के साथ उसका रिश्ता भी 'स्पेशल और स्ट्रैटेजिक' है। इस हफ्ते भारत की कूटनीति की बड़ी परीक्षा है, क्योंकि वह रूस और यूक्रेन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी कर रहा है। भारत पर दुनिया की नजर इसलिए भी है क्योंकि उसे रूस के साथ एनर्जी और रक्षा संबंध मजबूत रखने हैं, जबकि यूक्रेन, अमेरिका और यूरोपीय देश चाहते हैं कि भारत, रूस पर दबाव बनाए ताकि युद्ध कमजोर पड़े।



बीकानेर। मदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए गणना प्रपत्र भरने में मतदाताओं की सहायता करता बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ)।












## संक्षिप्त समाचार

### कफ सिरप मामले में पुलिस की एसआईटी वाराणसी पहुंची

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में शुक्रवार को सोनभद्र पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) वाराणसी पहुंची और अन्नपूर्णा इंक्लेवकॉलोनी स्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु कुमार अग्रवाल के कार्यालय पर जांच शुरू की। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले इस मामले के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद जायसवाल को सोनभद्र पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में भोला प्रसाद ने चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु कुमार अग्रवाल का नाम लिया और बताया कि फर्म के सभी वित्तीय लेन-देन की जानकारी उनके पास है। इधर, मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया है।

### आरबीआई 11 और 18 को खरीदेगा सरकारी प्रतिभूतियां

**मुंबई।** बैंकिंग तंत्र में तरलता यानी नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 11 और 18 दिसम्बर को दो बार में एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा में मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद जारी बयान में इसकी घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि इसके अलावा केंद्रीय बैंक डॉलर/रुपया खरीद/बिक्री स्वैप के तहत वाणिज्यिक बैंकों से तीन साल के लिए पांच अरब डॉलर खरीदेगा। केंद्रीय बैंक ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह 11 दिसम्बर को 50,000 करोड़ रुपये और 18 दिसम्बर को 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदेगा। उसने बताया कि डॉलर/रुपया स्वैप 16 दिसम्बर को किया जाएगा।

# एकाधिकार नीति का नतीजा है देश में हवाई सेवा का संकट: राहुल गांधी

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश के विभिन्न हिस्सों से उड़ानों के रद्द होने तथा देरी के कारण हवाई यात्रियों की परेशानी और इंडिगो एयरलाइंस की विफलता को सरकार की एकाधिकार नीति का परिणाम बताया है।

उन्होंने कहा कि इस संकट के बुनियाद सरकार की एकाधिकार की नीति में है और सरकार की इस नीति को अपनाने ने के कारण ही इंडिगो के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इंडिगो की विफलता मोदी सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है, जिसके कारण विमान सेवाओं में देरी हो रही है और उड़ानें एक के बाद एक करके रद्द की जा रही हैं। उन्होंने विमान यात्रियों की इस लाचारी के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है। मैच फिक्सिंग करने वाली एकाधिकार की नीति ठीक नहीं है।

### मनरेगा के तहत कराए पक्के कार्यों का नहीं हुआ भुगतान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत गांवों में कराए गए पक्के निर्माण कार्यों का भुगतान 2023 से अब तक नहीं हुआ है। ग्राम प्रधान संगठन (उत्तर प्रदेश) के मुताबिक मनरेगा के अंतर्गत पक्के निर्माण कार्यों के मद में पूरे प्रदेश में 3500 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। ऐसे में आने वाले समय मे पंचायत चुनाव को देखते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने मुख्यमंत्री सहित मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जल्द भुगतान कराने की मांग की है। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत गांवों में पक्के निर्माण कार्यों में स्कूल की चहारदीवारी, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों की मरम्मत जैसे कई कार्य कराए गए हैं।

# एसआईआर को लेकर विधायकों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)के फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर हैं। इस बीच पूरे एक सप्ताह तक भारतीय जनता पार्टी और संगठन का पूरा फोकस एसआईआर पर ही होगा, जिसे लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विधायकों के साथ वर्चुअल बैठक की, जिसमें उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी ने वर्चुअल बैठक में सभी विधायकों से संवाद करते हुए एसआईआर को प्राथमिकता दिए जाने और गंभीरता से इस पर काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कड़ा संदेश दिया कि इसे लेकर कोई बहाना नहीं चलेगा, अगले एक



**एक्शन में सीएम योगी, एक हफ्ते रहेगा पूरा फोकस**

हफ्ते जो भी काम हैं उन्हें स्थगित कर दिया जाए और एसआईआर पर पूरा फोकस किया जाए। सीएम ने विधायकों का साफ निर्देश दिए कि एसआईआर की प्रक्रिया को धरातल पर उतारने के लिए काम करें। पार्टी के कार्यकर्ता बीएलओ के साथ घर-घर जाकर एसआईआर के गणना प्रपत्र भरवाने का काम करें। एसआईआर में कहीं पर भी एक भी नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए।

लखनऊ, वाराणसी, आगरा और मेरठ में एसआईआर में पिछड़ने की सूचना पर संगठन ने भी चिंता जताई है। बीते दिनों लखनऊ में सरकार, संगठन और संघ की समन्वय बैठक में भी इस मुद्दे को ज़ोर-शोर से उठाया गया था। संघ ने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ता एसआईआर को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, पार्टी के द्वारा इसमें लापरवाही बरती जा रही है, जिसके बाद से सीएम योगी इसे लेकर एक्शन में नजर आ रहे है।

### उत्तर प्रदेश में एसआईआर के आंकड़े जारी करे आयोग: अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग व राज्य प्रशासन से मांग की है कि प्रदेश में अब तक जितना भी एसआईआर हुआ है, उसके आंकड़े आज प्रकाशित किया जाए। यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- उप्र में कितने प्रतिशत एसआईआर हुआ है, इसका आंकड़ा आज प्रकाशित किया जाए। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर जानलेवा दबाव हटाकर अतिरिक्त अधिकृत लोगों को समयावधि के अनुरूप इस काम पर लगाया जाए। इस बात की पक्की जांच-पड़ताल हो कि हर विधानसभा में पीडीए समाज के कितने लोगों को वोटर लिस्ट से हटाने की साजशि की जा रही है, हर हाल में इसे होने से रोका जाए।

## ड्रोन कैमरों से भी रखी जा रही नजर, धार्मिक स्थलों पर पुलिस की तैनाती

# यूपी में छह दिसम्बर को लेकर हाई अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा/अयोध्या।** प्रदेश के कई शहरों में अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को हुई घटना को लेकर हाई अलर्ट घोषित किया गया है। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्म स्थान और शाही ईदगाह मस्जिद के पास बैरिकेडिंग की गई है। यहां पुलिस की तैनाती की गई है, दोनों इलाकों को 2 जोन, 4 सुपर जोन और 8 सेक्टरों में बांटा गया है। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है, वहीं रामनगरी अयोध्या में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

गुरुवार की देर रात वरिष्ठ अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियों ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर समेत अन्य मंदिरों की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस मंदि. रों के आसपास चेकिंग अभियान चला रही है। होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट में चेकिंग की गई।



**मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद के पास बैरिकेडिंग, अयोध्या में चेकिंग**

आगरा-अलीगढ़ रेंज के पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। पीएसी और आरएएफ की टीमें भी मुस्तैद हैं। सभी बड़े मंदिरों और मस्जिदों के पास सादे कपड़ों में पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। विश्व हिंदू परिषद महानगर अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल ने ऐलान किया है कि हम 7 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में भव्य शोभा यात्रा और वाहन रैली निकालेंगे। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि शोभायात्रा में हजारों की संख्या में विहिप और हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता शामिल होंगे। शोभायात्रा विभिन्न रास्तों से होकर निकाली जाएगी। प्रशासन से 6 दिसंबर को इस कार्यक्रम की अनुमति न मिलने के कारण 7 दिसंबर को आयोजन का निर्णय लेना पड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया

> **एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि एटीएस कमांडो, एसएसबी के साथ हम लोग लगातार जांच कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अयोध्या की सुरक्षा में एटीएस कमांडो, एसएसएफ, सीआरपीएफ, पीएसी और सिविल पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।**

कि संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है।

इसके अलावा होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और धर्मशालाओं की चेकिंग कराई जा रही है। जिले के सीमावर्ती इलाकों में चेकिंग की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। बता दें कि अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को विवादित मस्जिद को ढहा दिया गया था। दो समुदायों के लोग अपने-अपने स्तर से इस दिन को याद करते हैं। कोई अनहोनी न हो, इसलिए हर साल इस मौके पर पूरे सूबे में हाई अलर्ट घोषित कर दिया जाता है। अयोध्या में भी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। सभी प्रवेश मार्गों पर चेकिंग के बाद ही अयोध्या में प्रवेश दिया जा रहा है। राम जन्मभूमि परिसर से सटे क्षेत्रों में खुफिया एजेंसियां सीसीटीवी कैमरे से निगरानी कर रहीं हैं।

लता चौक, टेढ़ी बाजार चौराहा, राम मंदिर का मुख्य द्वार, हनुमान गढ़ी, कनक भवन समेत लगभग 12 से अधिक स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आईजी, एसएसपी, एसपी सिटी, एसपी सुरक्षा समेत कई अफसर संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर रहे हैं।

# आजम खां का बेटा अब्दुल्ला दोषी करार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सपा नेता आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को दो पासपोर्ट मामले में रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम को दोषी मानते हुए अधिकतम 7 साल की सजा और 50,000 रुपये जुर्माना लगाया है।

कोर्ट ने अब्दुल्ला को दो पासपोर्ट मामले में आरोप सिद्ध होने यह दंड निर्धारित किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की ओर से पेश साक्ष्य और बहस सुनने के बाद उन्हें दोषी करार दिया। फैसले के दौरान कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। कोर्ट इस इस फैसले के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई हैं। ये मामला साल 2019 का है, जब स्थानीय बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने इस संबंध में सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आजम खान के बेटे



**दो पासपोर्ट मामले में कोर्ट ने सुनाई सात साल की सजा**

अब्दुल्ला आजम ने कूट रचित दस्तावेजों और विवरण के आधार पर दो पासपोर्ट बनवाए है और वो इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्मतिथि का उपयोग कर दो पासपोर्ट बनवाए और असत्य दस्तावेजों का प्रयोग किया है, जिसका वोटिंग, बैंकिंग व अन्य संवेदनशील कामों में गलत इस्तेमाल किया जा सकता है, जो समाज या देश के लिए खतरनाक हो सकता है। सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम पहले ही पैन कार्ड मामले में रामपुर की जेल में ही बंद है।



**सेंसेक्स** 85712.37
**निफ्टी** 26146.45



**सोना रु.** 128578
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 179025
प्रति किलो




# रेपो दर में कटौती से उछला शेयर बाजार, सेंसेक्स 447 अंक चढ़ा

**मुंबई, वार्ता**

रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी देखी गई और सेंसेक्स 447 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे तत्काल प्रभाव से 5.25 प्रतिशत कर दिया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति के फैसलों की जानकारी दी।

शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन रेपो दर कम करने की घोषणा के बाद प्रमुख सूचकांक हरे निशान में चले गए। सेंसेक्स 447.05 अंक



(0.52 प्रतिशत) की बढ़त में 85,712.37 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी गिरावट में खुलने के बाद 152.70 अंक यानी (0.59 प्रतिशत) चढ़कर 26,186.45 अंक पर पहुंच गया। मझौली कंपनियों में भी लिवाली हावी रही, जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। बैंकिंग तंत्र में नकदी उपलब्धता बढ़ाने के उपायों की घोषणा के बाद बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। आईटी, ऑटो, धातु और रियलिटी समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और फार्मा समूहों के सूचकांक गिरावट में रहे। सेंसेक्स में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर ढाई प्रतिशत के आसपास चढ़ा। बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस में करीब दो प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इंफोसिस के शेयरों में भी एक फीसदी के अधिक की तेजी रही। हिदुस्तान यूनीलिवर में सबसे अधिक साढ़े तीन प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, सनफार्मा और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

# चांदी ऑलटाइम हाई पर, सोना के भाव भी बढ़े

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को चांदी के दाम अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी का दाम 2,400 रुपए बढ़कर 1,79,025 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,76,625 रुपए प्रति किलोग्राम थी।10 ग्राम सोना 733 रुपए महंगा होकर 1,28,578 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,27,845 रुपए का था।

आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 52,416 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,28,578 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 90,003 रुपए बढ़ गया है।

31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,79,025 रुपए प्रति किलो हो गई है। दुनियाभर के बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। जब बड़े बैंक लगातार खरीदते हैं तो बाजार में सोने की मांग बनी रहती है और कीमत ऊपर जाती है। क्रिप्टो में उतार-चढ़ाव और सख्त नियमों के डर से निवेशक पैसा सोने में लगा रहे हैं। पिछले कुछ समय के दौरान भारत में शेयर बाजार से कम रिटर्न ने भी सोने को आकर्षक बना दिया।

# विदेशी निवेश को रफ्तार देने की कवायद सीएम योगी ने की इन्वेस्ट यूपी की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश में विदेशी निवेश को नई रफ्तार देने के लिए चल रहे प्रयासों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए साफ कहा कि उत्तर प्रदेश अब सिर्फ निवेश की संभावना नहीं, बल्कि निवेश के भरोसे का राज्य बन गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर निवेशक के साथ संवाद लगातार बना रहना चाहिए और किसी भी स्तर पर देरी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के सितम्बर 2025 तक की अवधि में उत्तर प्रदेश को 683 मिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है और राज्य का कुल संचई विदेशी निवेश अक्टूबर 2019 से अब 2,754 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि चालू अवधि में प्रदेश को 5,963 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश प्रवाह मिला है, जो पिछले वर्षों की तुलना में तेज वृद्धि को दर्शाता है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि एफडीआई- एफसीआई-फॉर्च्यून 500 नीति-2023 के तहत अब तक 11 निवेश आवेदकों ने 13,610 करोड़ रुपये के प्रस्ताव दिए हैं। इसके अलावा 22 आवेदनों के माध्यम से 17,810 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और 56 हजार करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े 29 आवेदन पाइपला. इन में हैं। उन्होंने ललितपुर फार्मा पार्क को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए कि इससे जुड़े अवसंरचना कार्यों में और तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि कई बड़ी दवा कंपनियों ने यहां निवेश में रुचि दिखाई है, ऐसे में उनसे लगातार संवाद बनाए रखा जाए और भूमि, बिजली, पानी जैसी सुविधाएं समय पर सुनिश्चित हों। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सभी विदेशी डेस्क द्वारा नियमित अंतराल पर राउंड टेबल बैठकें होती रहनी चाहिए। उन्होंने इन्वेस्ट यूपी की टीम से कहा कि हर निवेशक के साथ एकल संपर्क बिदु तय हो, ताकि उसे प्रणाली में भटकना न पड़े। योगी ने उद्योगों को गति देने के लिए 'प्लग एंड प्ले' मॉडल पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि निवेशक को पहले दिन से तैयार अवसंरचना मिलेगी, तो वह तेजी से काम शुरू कर सकेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत-रूस...** एवं भुगतान के लिए धीरे-धीरे अपनी मुद्राओं के इस्तेमाल की दिशा में बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भुगतान की चुनौतियों को देखते हुए भारत और रूस के बीच बैंकिंग प्रणाली के इस्तेमाल की एक विशेष व्यवस्था की जा रही है। रूस पर पश्चिमी देशों की प्रतिबंधों को देखते हुए रूसी राष्ट्रपति का यह बयान महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस ऊर्जा का एक बड़ा स्रोत है और वह भारत को तेल की आपूर्ति निरंतर जारी रखने को तैयार है। पुतिन ने कहा कि उनका देश भारत के साथ सैन्य साजो सामान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। प्रधानमंत्री और श्री पुतिन के बीच यूक्रेन सहित क्षेत्री और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। श्री मोदी ने पहलगाम और क्रोकस सिटी में हाल में हुए आतंकवादी हमलों का उल्लेख करते हुए आतंकवाद को मानवता के मूल्यों पर सीधा प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ वैश्विक एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले आठ दशकों में विश्व में अनेक उतार चढ़ाव आए हैं और मानवता को अनेक चुनौतियों और संकटों से गुजरना पड़ा है। इन सबके बीच भी भारत-रूस मित्रता एक ध्रुव तारे की तरह बनी रही है। उन्होंने कहा कि परस्पर सम्मान और गहरे विश्वास पर टिके ये संबंध समय की हर कसौटी पर हमेशा खरे उतरे हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज हमने इस नींव को और मजबूत करने के लिए सहयोग के सभी पहलुओं पर चर्चा की। आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना हमारी साझा प्राथमिकता है। इसे साकार करने के लिए आज हमने 2030 तक के लिए एक सहयोग कार्यक्रम प्रोग्राम पर सहमति बनाई है। इससे हमारा व्यापार और निवेश विविधतापूर्ण, संतुलित और स्वस्थ बनेगा और सहयोग के क्षेत्रों में नए आयाम भी जुड़ेंगे। उन्होंने भारत रूस व्यावसायिक फोरम में श्री पुतिन के साथ शामिल होने के कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि यह मंच दोनों देशों के बीच व्यावसायिक संबंधों को नई ताकत देगा। इससे निर्यात, मिल कर उत्पादन और नवाचार के नए दरवाजे भी खुलेंगे।

**हम नहीं ...** पर एआई के बनाए केस को वेरिफाई करने की जिम्मेदारी डालता है। इसे न्यायिक एकेडमी और बार काउंसिल के न्यायिक अधिकारियों और वकीलों को ट्रेनिंग देकर निपटाया जा सकता है। हम इसका इस्तेमाल बहुत ज्यादा सावधानी से करते हैं। हम नहीं चाहते कि यह हमारे न्यायिक फैसले लेने की प्रक्रिया पर हावी हो। हालांकि एआई न्यायिक कामों में मदद कर सकता है, लेकिन यह न्यायिक तर्क की जगह नहीं ले सकता, उसे प्रभावित नहीं कर सकता। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि निचली अदालतों ने सुप्रीम कोर्ट के ऐसे उदाहरणों का हवाला देना शुरू कर दिया है जो असल में मौजूद नहीं हैं। ऐसे में यह सुप्रीम कोर्ट से रेगुलेटरी निर्देशों की जरूरत को सही ठहराता है। सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका को इन खतरों की जानकारी है। उन्हें न्यायिक ट्रेनिंग के जरिये निपटाया जा रहा है। जजों को क्रॉस-चेक करना चाहिए। यह न्यायिक अकादमी के सिलेबस का हिस्सा है, इसका ध्यान रखा जाता है। समय के साथ बार भी सीखेगा और हम भी सीखेंगे। अदालत को न्यायिक हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं दिखती। चीफ जस्टिस ने दोहराया कि चिंताएं सही हैं लेकिन न्यायिक रूप से कार्रवाई योग्य नहीं हैं और याचिकाकर्ता को प्रशासनिक स्तर पर सुप्रीम कोर्ट को सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया। अच्छी नीयत वाला कोई भी व्यक्ति हमें सुझाव देने के लिए स्वागत है। आप हमें उन्हें मेल कर सकते हैं। याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी, कोर्ट ने इसकी इजाजत दी।

# लोकसभा में दूषित भू-जल से पीड़ित ग्रामीणों को बीमारियों से बचाने की मांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा में दूषित भू-जल से होने वाली कैंसर और अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे नागरिकों को बचाने के लिए सरकार से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई है। कांग्रेस कुमारी सैलजा ने शून्यकाल में यह मामला उठाया और कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में प्रवाहित होने वाली झज्जर नदी के अत्यंत प्रदूषण के कारण नदी तटों के आसपास रहने वाले गांवों के लोगों को दूषित भूजल पीने को बाध्य होना पड़ रहा है। इस जल के इस्तेमाल से लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होना पड़ रहा है और बड़ी संख्या में लोगों को फेफड़े से जुड़ी बीमारियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार को झज्जर नदी के संरक्षण की पहल करानी चाहिए और राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत निधि उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। तृणमूल कांग्रेस की प्रतिमा मंडल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जल जीवन मिशन के तहत पर्याप्त पैसा केंद्र से उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण शुद्ध पेयजल योजनाओं को पूरा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में लोगों को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की सुविधा नहीं मिल पा रही है और इसकी वजह केंद्र से जल जीवन के लिए निधि नहीं मिलना है। उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल जल जीवन मिशन का पैसा राज्य सरकार को उपलब्ध कराने की मांग की है।

### अवैध बालू खनन पर रोक लगाने की मांग लोकसभा में उठी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को अवैध बालू खनन से होने वाले नुकसान को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की गई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के सांसद सुदामा प्रसाद ने शून्यकाल में बिहार में चल रह अवैध बालू खनन का मुद्दा उठाते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बालू खनन के कारण मध्य बिहार के पांच छह जिलों में नदियों के किनारे बसे गांवों पानी का जलस्तर नीचे चला गया है और हैंडपंप काम नहीं कर रहा है जिससे लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।